अतीव श्रद्धया सार्धं शृणु सर्वजगद्धितम् । [1]श्रीमद्वल्मीकसंज्ञस्य मम स्थानस्य दक्षिणे ॥ ६९ ॥

अत्यंत पापी तथा अश्रद्धालु हैं उन्हें मरने के बाद मोक्ष चाहिये तो शिवक्षेत्रों में रहना ही एक मात्र उपाय है ॥ ६१ ॥ (अश्रद्धालु होने पर भी यदि कोई मोक्ष चाहे उस स्थिति की यह बात है । प्रायः श्रद्धाहीन को मोक्षसद्भाव में ही विश्वास न होने से उसकी इच्छा होना दुर्लभ है । पर दूसरों की प्रेरणा आदि से या स्वभावतः शिवक्षेत्रवास करने से फल तो मिल ही जाता है । क्योंकि यह उपाय सर्वसुलभ है इसलिये वैषम्यादि दोष का प्रसंग नहीं । यह शंका कि इससे पाप करने की प्रेरणा मिलती है, तो साधना से मोक्षप्राप्ति में भी तुल्य है । अनादिकाल से संचित अनन्त पुण्य पापों का क्षणमात्र में ध्वंस सह्य है तो एक और जन्म के कुछेक पापों से कौन भार हो जायेगा ? अतः शास्त्रप्रामाण्य से शिवक्षेत्र-महिमा अशंकनीय है ।) प्राचीन काल में एक कोलाहल नामक पापी शूद्र था । विधाता की संसारसंचालिका प्रेरणा से वह अत्यन्त कामुक था । (अतः सारी संपत्ति तुरन्त पाने के लिये) उसने स्वयं अपने पिता की हत्या कर दी । (अनजान देश में यथेच्छ आचरण निरंकुश होगा ऐसा सोच) वह अपनी माँ को ले घर छोड़कर चल

---

१ ग. ङ. °मद्वाल्मी° ।

समुद्रतीरे मद्भक्तैरखिलैरावृतं सदा । पुरा सर्गे महाविष्णो प्रलये विलयं गते ॥ ७० ॥

मयि संस्काररूपेण स्थिता वेदाः सनातनाः ।

कल्पादौ पूर्ववन्मत्तः प्रवृत्ता विमलाः पुनः ॥ ७१ ॥

समस्तलोकरक्षार्थं हरे भूत्वा शरीरिणः । श्रद्धया सहिताः श्रीमद्वेदारण्यं महत्तरम् ॥ ७२ ॥

अवाप्य वेदतीर्थाख्ये समुद्रे संस्थिते हरे । अर्धयोजनविस्तीर्णे पादयोजनमायते ॥ ७३ ॥

स्नानं कृत्वाऽर्कवारे च सदा पर्वणि केशव । पूजयामासुरीशानं श्रीवेदारण्यनायकम् ॥ ७४ ॥

श्रीवेदारण्यनाथोऽपि सह देव्या जनार्दन । प्रसादमकरोत्तेषां वेदानामम्बिकापतिः ॥ ७५ ॥

स्कन्दश्च मत्सुतस्तस्मिंस्तीर्थे स्नात्वा महत्तरे ।

श्रीवेदारण्यनाथाख्यं समाराध्य प्रसादतः ॥ ७६ ॥

निहत्य तारकं विष्णो महावीर्यपराक्रमम् । प्रददौ सर्वलोकानां परमं सुखमच्युत ॥ ७७ ॥

नारदो मुनिरत्रैव स्नात्वा पर्वणि शंकरम् । श्रीवेदारण्यनाथाख्यं श्रद्धया परया सह ॥ ७८ ॥

जपादिभ्यः शिवक्षेत्राणां विशेषमाह—तानि कल्याणवृत्तस्येति ॥ ६०–६९ ॥ कल्पादौ वेदानां शरीरिणां प्रथमावतारस्थानत्वेन तस्यैव वेदारण्यमिति प्रसिद्धिरित्याह—पुरा सर्गइत्यादि ॥ ७० ॥ मत्तो मत्सकाशात् । स्पष्टोऽध्यायशेषः ॥ ७१–१०७ ॥

दिया । बिना किसी विचार के ही वह वेदारण्य में पहुँच गया और वहीं रह गया । वहाँ उसने यावज्जीवन यथेष्टाचरण ही किया और वहीं मर भी गया । वहाँ रहनेमात्र के फलस्वरूप उसके पाप नष्ट हो गये, चित्त शुद्ध हो गया और मेरी कृपा से उसने वेदान्तज्ञान पाया तथा मुक्त हुआ । इसलिये जो अन्य कुछ भी साधन करने में असमर्थ हों उन्हें चाहिये कि भक्तिपूर्वक शिवक्षेत्रों में निवास करें, यही उनके लिये परम साधन है ॥ ६२–६५½ ॥ सूत जी बोले—पुरुषोत्तम नारायण ने इस प्रकार महेश्वर से मुक्ति का सरल उपाय सुनकर उनसे प्रणतिपूर्वक पूछा—॥ ६६½ ॥ विष्णु ने कहा—'हे शंकर भगवान् ! मैं वेदारण्य का माहात्म्य जानना चाहता हूँ आप कृपा कर बतायें' ॥ ६७½ ॥ भगवान् ने यों माहात्म्य बताया—हे विष्णु ! मैं तुम्हे श्रीवेदारण्य की महत्ता बताता हूँ, अतीव श्रद्धासहित इस सर्वलोक-हितसाधक विषय को सुनो ॥ ६८½ ॥ श्रीमद्वल्मीक नामक मेरे स्थान से दक्षिण की ओर समुद्रतट पर वेदारण्य है जो सदा मेरे भक्तों से घिरा रहता है ॥ ६९½ ॥ प्रलय काल में पूर्व सर्ग का विलय हो जाने पर सनातन वेद मुझमें संस्कार रूप से स्थित थे । कल्प के प्रारम्भ में वे निर्मल वेद मुझसे ही प्रारम्भ हुए ॥ ७०–७१ ॥ उन्होंने शरीर धारण कर श्रद्धापूर्वक वेदारण्य में प्रवास किया और समुद्र में स्थित आधे योजन लम्बे व

समाराध्याऽऽत्मविज्ञानं संसारच्छेदकारणम् । सनत्कुमारात्सर्वज्ञादाप्तवानम्बुजेक्षण ॥ ७९ ॥

याज्ञवल्क्यो मुनिस्तत्र स्नात्वा तीर्थे महत्तरे ।

वेदारण्येश्वरं भक्त्या प्रातःकाले समाहितः ॥ ८० ॥

पर्वण्याराध्य तस्यैव प्रसादादेव केवलात् । योगीश्वरोऽभवद्धीमानचिरादेव केशव ॥ ८१ ॥

तथा गार्गी च मैत्रेयी तत्र तीर्थे महत्तरे ।

वेदतीर्थाभिधे स्नानं कृत्वा पर्वणि केशव ॥ ८२ ॥

श्रीवेदारण्यनाथाख्यं शंकरं लिङ्गरूपिणम् । प्रदक्षिणत्रयं कृत्वा प्रणम्य वसुधातले ॥ ८३ ॥

प्रसादादेव तस्यैव ज्ञानयोगं विमुक्तिदम् । अचिरादेव सर्वज्ञाद्याज्ञवल्क्यादवापतुः ॥ ८४ ॥

श्वेतकेतुर्मुनिस्तत्र स्नानं कृत्वाऽम्बुजेक्षण । प्रदक्षिणत्रयं कृत्वा वेदारण्याधिपं हरम्[1] ॥ ८५ ॥

प्रणम्य दण्डवद्भूमौ भक्त्या परमया सह । पितुरुद्दालकात्साक्षादात्मविज्ञानमच्युत ॥ ८६ ॥

अवाप सर्वसंसारकारणाज्ञाननाशकम् । वरुणो वेदतीर्थेऽस्मिन्पर्वणि श्रद्धया सह ॥ ८७ ॥

स्नानं कृत्वा महादेवं श्रीवेदारण्यनायकम् । समाराध्य प्रसादेन प्राप्तवानात्मदर्शनम् ॥ ८८ ॥

तस्य पुत्रो भृगुस्तस्मिंस्तीर्थे स्नात्वा महत्तरे । वेदारण्याधिपं देवं वेदवेदान्तनायकम् ॥ ८९ ॥

दृष्ट्वा प्रदक्षिणीकृत्य श्रद्धयाऽऽराध्य शंकरम् ।

प्रसादात्तस्य विज्ञानं ब्रह्मात्मैक्यप्रकाशकम्[2] ॥ ९० ॥

चौथाई योजन चौड़े वेदतीर्थ में रविवार तथा पर्वों पर सदा स्नान कर श्रीवेदारण्यनाथ महादेव का पूजन किया। अम्बिका समेत महेश्वर ने उन वेदों पर कृपा की ॥ ७२–७५ ॥ मेरे पुत्र स्कन्द ने भी यहीं स्नान और पूजनादि आराधना कर तारकासुर का वध किया था जिससे सभी लोगों को परम शांति मिली ॥ ७६–७७ ॥ नारद मुनि ने भी इसी तीर्थ में प्रतिपर्व स्नान और वेदारण्यनाथ का श्रद्धापूर्वक पूजन कर ही सनत्कुमार से आत्मविद्योपदेश ग्रहण किया था ॥ ७८–७९ ॥ मुनि याज्ञवल्क्य पर्वकाल में प्रातःकाल उस तीर्थ में नहाकर श्रीवेदारण्येश्वर का पूजन कर उनकी कृपा से ही शीघ्र योगीश्वर बन गये ॥ ८०–८१ ॥ गार्गी और मैत्रेयी ने भी पर्वों में वेदतीर्थ में स्नान कर वेदारण्यनाथ महादेव को पृथ्वी पर प्रणाम कर उनकी तीन परिक्रमायें कीं जिससे उनकी कृपा के कारण ही सर्वज्ञ याज्ञवल्क्य से उन्होंने मोक्षप्रद ज्ञानयोग शीघ्र प्राप्त किया ॥ ८२–८४ ॥ इसी प्रकार स्नान व प्रणामपूर्वक प्रदक्षिणा कर श्वेतकेतु ने उद्दालक नामक

---

१. ग. हरे । २. ग. °क्यप्रसादक° । ङ. °क्यप्रसादतः ॥ ९० ॥ अ° ।

अपरोक्षं पितुर्लेभे वरुणादृषिसत्तमः[1] । त्रिशङ्कुर्वेदतीर्थेऽस्मिञ्श्रद्धया सह पर्वणि ॥ ९१ ॥

स्नानं कृत्वा महादेवं वेदारण्याधिपं हरम् । प्रदक्षिणत्रयं कृत्वा प्रणम्य वसुधातले ॥ ९२ ॥

लेभे परमविज्ञानं सुदृढं सर्वदुःखनुत् । बहवो वेदतीर्थेऽस्मिन्वेदारण्येऽतिशोभने ॥ ९३ ॥

स्नानं कृत्वाऽम्बिकानाथं श्रीवेदारण्यनायकम् । दृष्ट्वा प्रदक्षिणीकृत्य ब्रह्मविज्ञानमच्युत ॥ ९४ ॥

अवापुर्वेदजं तस्य प्रसादादेव मुक्तिदम् । अत्र भूमिप्रदः साक्षाद्रुद्रलोके महीयते ॥ ९५ ॥

आवासभूमिदो रौद्रं पदमाप्नोत्यसंशयम् । धनधान्यप्रदो मर्त्यो धनदेन समो भवेत् ॥ ९६ ॥

अन्नदानपरः श्रीमानरोगी भवति ध्रुवम् । तिलदानान्महापापान्मुच्यते नात्र संशयः ॥ ९७ ॥

कन्यादानप्रदानेन पार्वतीलोकमाप्नुयात् । वस्त्रदानेन देवेन्द्रो भवत्येव न संशयः ॥ ९८ ॥

विषुवायनकालेषु[2] ग्रहणे सोमसूर्ययोः । व्यतीपाते तथा पर्वण्यार्द्रायामिन्दुवासरे ॥ ९९ ॥

स्नात्वा यो वेदतीर्थेऽस्मिञ्श्रद्धया परया सह ।

प्रदक्षिणत्रयं कृत्वा वेदारण्याधिपं शिवम् ॥ १०० ॥

प्रणम्य दण्डवत्तस्मै प्रदत्त्वा दीपमच्युत । निष्कमात्रं धनं दत्त्वा श्रद्धया शिवयोगिने ॥ १०१॥

अपने पिता से आत्मविज्ञान पाया, जो विज्ञान संसरण का निवर्तक है ॥ ८५–८६$^1/_2$ ॥ वरुण महर्षि ने भी पर्वों पर वेदतीर्थ में अवगाहन कर वेदारण्यनाथ की समाराधना के फलस्वरूप उनकी कृपा से आत्मदर्शन किया ॥ ८७–८८ ॥ वरुण के पुत्र भृगु ने वहाँ स्नान तथा महादेव की प्रदक्षिणा व पूजा के फलस्वरूप ही अपने पिता से जीव-ब्रह्म के अभेद का प्रकाशक अपरोक्ष आत्मज्ञान प्राप्त किया ॥ ८९–९०$^1/_2$ ॥ त्रिशंकु मुनि ने सश्रद्ध वेदतीर्थ में पर्वों पर स्नान कर और वेदारण्येश्वर की प्रणामपूर्वक तीन परिक्रमाएँ कर सर्वदुःखनाशक परमार्थ अनुभव पाया ॥ ९१–९२$^1/_2$ ॥ अन्य भी अनेकों भक्तों ने ऐसे अत्यंत शोभन वेदतीर्थ में यथाविधि स्नान कर, अम्बिकानाथ वेदारण्येश्वर का दर्शन और परिक्रमा कर उनकी कृपा से वेदोक्त आत्मज्ञान प्राप्त किया है ॥ ९३–९४$^1/_2$ ॥ वेदारण्य में भूमिदान करने वाला रुद्रलोक में श्रेष्ठ स्थान पाता है ॥ ९५ ॥ यहाँ आवासयोग्य भूमि का दान करने से रुद्र पद मिल जाता है । धनधान्य का यहाँ दान करने से मनुष्य कुबेर के तुल्य हो जाता है ॥ ९६ ॥ जो तत्परतापूर्वक यहाँ अन्नदान करता है वह नीरोग हो जाता है । तिलदान करने से महापाप छूट जाते हैं ॥ ९७ ॥ वेदारण्य में कन्यादान करने से पार्वतीलोक मिलता है । वस्त्रदान करने से इंद्र बन जाता है ॥ ९८ ॥ विषुव के दिनों पर, अयनारंभक संक्रांतियों पर, सूर्य व चन्द्र ग्रहणों पर, व्यतीपात योग में, पूर्णिमा व अमावस्या को, आर्द्रा नक्षत्र के समय और सोमवार को परम श्रद्धा से वेदतीर्थ में स्नान कर, वेदारण्यनाथ की तीन परिक्रमायें कर उन्हें प्रणाम कर दीपदान

१. क. ख. ग. घ. °णादाशु स° । २. ङ. °काले च ग्र° ।

उपवासं करोत्यत्र स मुक्तो नात्र संशयः ।

सुमुहूर्तेषु यस्तत्र स्नात्वा दृष्ट्वा महेश्वरम् ॥ १०२ ॥

शिवयोगिकरे दत्त्वा पणमात्रं धनं मुदा ।

ब्रह्महत्यादिभिः पापैर्मुच्यते नात्र संशयः ॥ १०३ ॥

अत्रैव[1] मरणं प्राप्तो विमुक्तो भवति ध्रुवम् ।

सर्वरोगहरं स्थानमिदं भक्तिमतां नृणाम् ॥ १०४ ॥

मया च मम देव्या च मम भक्तैर्महत्तमैः ।

पूजितं पुण्यदं स्थानमेतद्भुक्तिविमुक्तिदम् ॥ १०५ ॥

मुक्त्युपायो मया प्रोक्तः सर्ववेदान्तसंग्रहः ।

श्रद्धाहीनाय मर्त्याय न देयोऽयं त्वयाऽच्युत ॥ १०६ ॥

सूत उवाच— इति माहेश्वरं वाक्यं निशम्य कमलेक्षणः ।

प्रणम्य देवमीशानं परितृप्तोऽभवद्धरिः ॥ १०७ ॥

इति श्रीस्कन्दपुराणे सूतसंहितायां मुक्तिखण्डे मुक्त्युपायकथनं नाम तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

इति श्रीसूतसंहितातात्पर्यदीपिकायां मुक्तिखण्डे मुक्त्युपायकथनं नाम तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

कर, शिवयोगी को कम से कम एक स्वर्णमुद्रा प्रदान कर उपवास करने वाला व्यक्ति निश्चित ही मुक्त हो जाता है ॥ ९९–१०१½ ॥ शुभ मुहूर्तों पर वेदतीर्थ में स्नान और वेदारण्येश्वर का दर्शन कर शिवयोगी को अस्सी कौड़ी के बराबर धन का दान करने से भी ब्रह्महत्यादि पाप निवृत्त हो जाते हैं ॥ १०२–१०३ ॥ वेदारण्य में मरने से जीव अवश्य मुक्त होता है । भक्ति वाले साधकों के लिये यह स्थान सब रोगों का हरण करने वाला है ॥ १०४ ॥ यह भोग, मोक्ष व पुण्य देने वाला स्थान मुझसे, पार्वती से व मेरे भक्तों द्वारा पूजित है ॥ १०५ ॥ हे अच्युत ! मैंने समस्त वेदान्तों का संक्षेपरूप मुक्त्युपाय का वर्णन कर दिया । अश्रद्धालु के प्रति इसका उपदेश नहीं करना चाहिये ॥ १०६ ॥ सूत जी बोले– भगवान् के ये वचन सुन कमलनयन ने उन्हें प्रणाम किया और तृप्ति का अनुभव किया ॥ १०७ ॥

---

१. ग. तत्रैव ।

चतुर्थोऽध्यायः

ईश्वर उवाच— अथातः संप्रवक्ष्यामि मोचकं पुरुषोत्तम ।
श्रद्धया च महाभक्त्या विद्धि वेदैकदर्शितम् ॥ १ ॥
पुरा सरस्वती देवी सर्वविद्यालया शुभा । अकारादिक्षकारान्तैर्वर्णैरत्यन्तनिर्मलैः ॥ २ ॥
आविर्भूतस्वरूपा श्रीर्ज्ञानमुद्राकरा[1] परा । अक्षमालाधरा हैमकमण्डलुकराम्बुजा ॥ ३ ॥
सर्वज्ञानमहारत्नकोशपुस्तकधारिणी । कुन्देन्दुसदृशाकारा कुण्डलद्वयमण्डिता ॥ ४ ॥
प्रसन्नवदना दिव्या विचित्रकटकोज्ज्वला । जटाजूटधरा शुद्धा चन्द्रार्धकृतशेखरा ॥ ५ ॥
पुण्डरीकसमासीना नीलग्रीवा त्रिलोचना । सर्वलक्षणसंपूर्णा सर्वाभरणभूषिता ॥ ६ ॥
उपास्यमाना मुनिभिर्देवगन्धर्वराक्षसैः । मामपृच्छदिदं भक्त्या प्रणम्य भुवि दण्डवत् ॥ ७ ॥
अहं च परया युक्तः कृपया पुरुषोत्तम । अवोचं मोचकं देव्यै हितायाखिलदेहिनाम् ॥ ८ ॥

यतो मुक्तिस्वरूपतदुपायपरिज्ञानानन्तरं मुक्तिप्रदातरि जिज्ञासा अतस्तदनन्तरं तत्कथनं प्रतिजानीते—**अथात** इति । **वेदैकदर्शितमिति** ॥ १–७ ॥ बन्धहर्तृत्वं[2] विमोचकत्वम् । तदुक्तमुत्तरतापनीये—'[3]स्वात्मबन्धहर' इति । गर्भोपनिषद्यपि—'अशुभक्षयकर्तारं पाशमुक्तिप्रदायिनम् । यदि योन्यां प्रमुञ्चामि तं प्रपद्ये महेश्वरम्' ॥ ८ ॥

मोचककथन नामक चौथा अध्याय

भगवान् बोले—हे पुरुषोत्तम ! अब मैं मोचक (मुक्त करने वाले) के विषय में बताऊँगा । केवल वेद में प्रदर्शित इस रहस्य को तुम श्रद्धा-भक्तिपूर्वक समझो ॥ १ ॥ पूर्वकाल में देवी सरस्वती ने भी मुझसे यह प्रश्न किया था और मैंने भी परम कृपा से युक्त हो समस्त प्राणियों के हित के लिये देवी को मोचक के बारे में बताया था । वे देवी सभी विद्याओं की निधि हैं, शुभस्वरूपिणी हैं । अत्यन्त निर्मल अकार से क्षकार पर्यन्त (अर्थात् सब) अक्षरों से उनका स्वरूप प्रकट हुआ है । वे सम्पत्तिरूप हैं, परम हैं और हाथ में ज्ञानमुद्रा धारण किये हैं । अपर हस्तों में रुद्राक्ष माला, स्वर्ण कमण्डलु और ऐसी पुस्तक धारण किये हैं जो सब ज्ञानरूप श्रेष्ठ रत्नों का खजाना है । कुन्द या इंदु की तरह उनका सुखद आकार है, दो कुण्डल उनके कानों को शोभित करते हैं, मुख उनका प्रसन्न है और वे प्रकाशमयी हैं । उन्होंने विचित्र कटक (मीनाकारी किया हुआ कड़ा) पहन रखा है । जटाजूट उन पर शोभित हो रहे हैं । उनमें किसी तरह का दोष नहीं है । चंद्रकला उनके मस्तक को अलंकृत कर रही है । कमल पर वे बैठती हैं, नीलकण्ठ और त्रिलोचन हैं । सब श्रेष्ठ लक्षणों व आभूषणों से युक्त हैं तथा मुनि, देव, गंधर्व, राक्षस आदि द्वारा उपास्यमान हैं । ऐसी उन देवी ने भक्ति से मुझे भूमि पर दण्डवत् प्रणाम कर मोचकविषयक प्रश्न पूछा

---

१. ङ. °करी प° । २. क. घ. °न्धहर्तृत्वं मो° । ग. न्धकर्तृत्वं हि मो° ङ. °न्धहर्तृत्वं हि मो° । ३. ख. स्वात्मा ह° ।

ब्रह्माद्याः स्थावरान्ताश्च पशवः परिकीर्तिताः । तेषां पतिरहं देवः स्मृतः पशुपतिर्बुधैः ॥ ९ ॥
मायापाशेन बध्नामि पशूनेतान्सरस्वति । तेषां पशूनां सर्वेषां मोचकोऽहं सुलोचने ॥ १० ॥
मामेव मोचकं प्राह श्रुतिः साध्वी सनातनी ।
श्रुतिर्बलीयसी प्रोक्ता प्रमाणानां सुलोचने ॥ ११ ॥
स्वतश्च परतो दोषो [1]नहि तस्याः कदाचन । अन्येषामक्षजादीनां प्रमाणानामविषया ॥ १२ ॥
दोषसंभावनाऽस्त्येव ततस्तेषां सुलोचने । विरोधे वेदवाक्येन प्रामाण्यं नैव सिध्यति ॥ १३ ॥

पशुपाशविमोचनकर्तारं मोचकं वक्तुं बद्धान्पशूनाह–**ब्रह्माद्या** इति । कर्मपरिपाकात्प्राग्भोगप्रदानेन कर्मपरिपाकानन्तरं मोक्षप्रदानेन च पाति पशूनतः स्वयं पशुपतिरित्याह–**तेषां पतिरिति** ॥ ९ ॥ बन्धनिवर्तकमात्मानमुक्त्वा[2] बन्धकारणमाह–**मायेति** ॥ १० ॥ ननु विहितकरणादकरणनिमित्तपापानुदयात्काम्यकर्माकरणेन च भोगहेतुपुण्यानुदयात्पूर्वकृतपुण्यपापयोश्च भोगेन प्रक्षयादयत्नसिद्धा[3] विमुक्तिः, किं तत्र मोचकेन ? यद्यवश्यं मोचकेन भवितव्यं तथाऽपि शिव एवेति कुतः ? अन्योऽपि हि यः कश्चिद् ब्रूयात्स्वयमेवेति तत्र कुतो निश्चयः ? इत्यत आह–**मामेवेति** । श्रुतिस्तु'अशुभक्षये'त्यादिका समनन्तरोदाहृता गर्भोपनिषत् । आप्तवचनादिभ्यः[4] श्रुतेः प्राबल्ये विशेषमाह–**श्रुतिर्बलीयसीति** । ज्ञानस्य स्वतःप्रामाण्यान्न स्वतः, श्रुतेरनादित्वेन[5] कारणाभावान्न कारणदोषादप्यप्रामाण्यमित्यर्थः ॥ ११ ॥ श्रुतिव्यतिरिक्तेषु प्रत्यक्षादिषु कारणदोषसंभवश्चेत्कथं तर्हि तत्र प्रामाण्यव्यवहार इत्यत आह–**अन्येषामिति** । अविद्याकार्यत्वेनावस्त्वेव विषयीकुर्वता[6]मेषां व्यावहारिकमेव प्रामाण्यम् । उपनिषदस्तु वस्तुविषयत्वात्तत्त्वावेदनलक्षणं[7] प्रामाण्यम् । यदाहुः–'प्रत्यक्षादिप्रमाणानां प्रामाण्यं व्यावहारिकम् । आश्रित्यायं प्रपञ्चः स्यादलीकोऽपि प्रमाणवान् ॥ अद्वैतागमवाक्यं तु तत्त्वावेदनलक्षणम् । प्रमाणभावं भजतां बाधवैधुर्यहेतुतः' इति । तथा सुंदरपाण्ड्यवार्तिकमपि–'देहात्मप्रत्ययो यद्वत्प्रमाणत्वेन संमतः । लौकिकं तद्वदेवेदं प्रमाणं त्वात्मनिश्चयात्' इति ॥ १२ ॥ १३ ॥

था जिसका मैंने यह उत्तर दिया ॥ २–८ ॥ ब्रह्मा से स्थावर (वृक्षादि) पर्यन्त सभी जीव पशु हैं और उन्हें भोग व मोक्ष देकर उनका पालन करने वाला मैं स्वप्रकाश देव ही पशुपति हूँ ॥ ९ ॥ हे सरस्वति ! इन पशुओं को मैं मायारूप पाश से बाँधता हूँ । उन सभी पशुओं का मोचक मैं ही हूँ ॥ १० ॥ ('मैं बाँधता हूँ' का यह अर्थ है कि मुझसे लब्ध सत्ता वाली अनादि माया से वे बँधे हैं ।) सनातन श्रुति ने मुझे ही मोचक कहा है । सब प्रमाणों में श्रुति ही सर्वाधिक बलवती है ॥ ११ ॥ सभी ज्ञानसाधनों में स्वरसतः प्रमाणहेतुता होने से कोई भी ज्ञान-साधन स्वरूप से अप्रमा का उत्पादक नहीं होता । किसी दोष के होने पर ही अप्रमाकारणता ज्ञानसाधन में आती है । श्रुति भी ज्ञानसाधन है अतः स्वरूप से प्रमा को ही उत्पन्न करेगी । नित्य व अपौरुषेय होने से इसमें कहीं से दोष भी प्राप्त नहीं हो सकता कि यह अप्रमा को उत्पन्न करे । शब्दप्रमाण में दोष उसके वक्ता से ही आता है । श्रुति का

१ ग. ङ. नास्ति । २ ख. ग. ङ. °मात्मज्ञानमु° । ३ ङ. °द्धान्निर्मुक्ति । ४ घ. °दिभ्योऽत्र श्रु° । ५ घ. °दित्वात्° । न का° । ६ घ. °तामेतेषां । ७ क. घ. °णं य° ।

स्मृतयश्च पुराणानि भारतादीनि सुंदरि ।
वेदमूलान्यतस्तेन विरोधे मूलिनामपि ॥ १४ ॥

रचयितारूप वक्ता कोई न होने से वह सर्वथा निर्दुष्ट प्रमाण अतएव सर्वप्रबल है । अन्य प्रमाणों में अविद्या के कारण दोष की संभावना रहती ही है । प्रत्यक्ष व तन्मूलक ही श्रुतिभिन्न प्रमाण हैं । क्योंकि प्रत्यक्ष नीलनभोदर्शनादि से व्यभिचारी दृष्टचर है, इसलिये उसका प्रामाण्य शंकित होता है और फलतः तन्मूलक सभी प्रमाणों की प्रामाणिकता पर सन्देह हो जाता है । 'अविद्या के कारण' अर्थात् भ्रमदर्शन के कारण । भ्रम के लिये अविद्याशब्द बहुत्र प्रयुक्त है । श्रुति भ्रमोत्पादिका नहीं । जो हमें कदाचित् श्रौतार्थ में भ्रम होता है वह हमारे दोष से है, श्रुति के दोष से नहीं । जैसे यह स्थाणु का अपराध नहीं कि अंधा उसे नहीं देखता-'न ह्येष स्थाणोरपराधो यदेनमन्धो न पश्यति'-वैसे हमारा ग़लत समझना श्रुति का दोष नहीं । श्रुतीतर प्रमाणों की शंकितता से स्वतःप्रामाण्य के अभ्युपगम का विरोध नहीं समझना चाहिये क्योंकि व्यावहारिक स्वतःप्रामाण्य ही उनमें स्वीकार्य है व उसके विषय में शंकितता नहीं । पारमार्थिक प्रामाण्य उनमें स्वीकृत नहीं व उसी के विषय में शंकितता है । 'पारमार्थिक प्रामाण्य' से तात्पर्य है उस प्रामाणिकता से जो परमार्थविषयक प्रमा उत्पन्न करती है । एवं च श्रुति ही सबसे अधिक बल वाला प्रमाण है । इतना अवश्य स्मर्तव्य है कि प्रमाणों के बलाबल का तात्पर्य यही है कि यदि ज्ञानों में विरोध प्रतीत हो, तो किसे सही मानकर प्रवृत्ति की जाये-यह शंका होने पर जिस ज्ञान का साधनरूप प्रमाण बलवत्तर है उसी को स्वीकारना चाहिये । प्रमाणों के बलाबल का यह अर्थ नहीं कि दोनों प्रमाण रहते हुए एक दूसरे के विरुद्ध या बाधक हो सकते हैं । जिसे बलवान् समझा जायेगा, जो बाधक होगा, वही प्रमाण है । दूसरा अप्रमाण है । अप्रामाणिकता के निश्चय के पूर्व स्वतः प्रामाण्य के अनुसार उसे प्रमाण स्वीकारने मात्र से प्रमाणों का बलाबल बताया जाता है । ऐसे ही श्रुति और प्रत्यक्ष में भी समझना चाहिये कि जहाँ प्रत्यक्ष आदि प्रमाण हैं, वहाँ (उस विषय में) श्रुति का उनसे विरोध नहीं और जहाँ श्रुति प्रमाण है वहाँ उनका श्रुति से विरोध नहीं । प्रत्यक्षादि व्यवहारभूमि में प्रमाण हैं और श्रुति परमार्थभूमि में । अतः दोनों का आपसी विरोध न होना स्वाभाविक है । तथापि बलाबल का अभिप्राय यह है कि यदि प्रत्यक्षादि पारमार्थिक को विषय करते प्रतीत हों, युक्ति आदि से श्रुतिविरुद्ध पारमार्थिकता सिद्ध होती हो, तो श्रुति को ही बलवत्तर समझ कर प्रत्यक्षादि को उपेक्ष्य मानना चाहिये । जैसे पारमार्थिक विषय में, वैसे ही अपूर्व -धर्माधर्म- के विषय में श्रुति ही एकमात्र निर्णायिका है । अतः श्रुति ने पशुपति को मोचक कह दिया तो इस विषय में यदि अन्य प्रमाण विरोधी अर्थ का समर्पण करेंगे तो ग़लत ही समझे जायेंगे यह भाव है, इसलिये वेदवाक्य से विरोध होने पर उनमें प्रामाण्य ही नहीं हुआ करता ॥ १२-१३ ॥ स्मृतियाँ, पुराण, महाभारतादि सभी वेदमूलक हैं, अतः उनका भी यदि स्वमूलभूत

---

१. घ. °ने ॥ पञ्च° । २. श्रुतिपुराणादावधिकारिभिस्तु 'गोपयः श्वदृती यथे'तिन्यायेन संमतोऽशोपि ततो न ग्राह्यः, सर्वथा हेयानि तादृशशास्त्राणि ।

न सिध्यत्येव सुश्रोणि प्रामाण्यं सूक्ष्मदर्शने[1] । पाञ्चरात्रादिमार्गाणां वेदमूलत्वमास्तिके ॥ १५ ॥
नहि, स्वतन्त्रास्ते तेन भ्रान्तिमूला निरूपणे । तथाऽपि योंऽशो मार्गाणां वेदेन न विरुध्यते ॥ १६॥
सोंऽशः प्रमाणमित्युक्तं केषांचिदधिकारिणाम् । अत्यन्तगलितानां तु प्राणिनां वेदमार्गतः ॥ १७ ॥
पञ्चरात्रादयो मार्गाः कालेनैवोपकारकाः । तान्त्रिकाणामहं देवि न लभ्योऽव्यवधानतः ॥ १८ ॥
कालेन देवताप्राप्तिद्वारेणैवाहमास्तिके । लभ्यो वेदैकनिष्ठानामहमव्यवधानतः ॥ १९ ॥
तत्रापि कर्मनिष्ठेभ्यो ज्ञाननिष्ठस्य सुंदरि । लभ्यो न ज्ञानिनां लभ्यस्तेषामात्मैव केवलम् ॥ २० ॥
सर्वेषामात्मभूतोऽहमेव संसारमोचकः । न मत्तोऽन्यः पुमानज्ञ इत्येषा शाश्वती श्रुतिः ॥ २१ ॥
मामृते साम्बमीशानं मोचकोऽन्यो न विद्यते । अहमप्राप्तसंसारः सर्वज्ञश्च स्वभावतः ॥ २२ ॥

स्मृतिपुराणादीनां तु वेदाविरोधेनैव प्रामाण्यमिति प्रथमखण्डस्य प्रथमाध्याये वर्णितम् । अनुमितवेदमूलानां स्मृतिपुराणादीनां यावन्मूलोपलम्भनं प्रत्यक्षश्रुतिविरोधेनाननुष्ठानलक्षणमप्रामाण्यमुक्तम् ॥ १४ ॥ पञ्चरात्रादीनां तैः स्वयमेव वेदमूलतानङ्गीकाराद्वेदविरुद्धानेकार्थोपदेशाच्च स्मृतिपुराणादिवन्न यावन्मूलोपलम्भं किंतु सर्वथैवाप्रामाण्यमित्याह–**पाञ्चरात्रेति** ॥ १५ ॥ वेदमूलत्वं **नहि** किन्तु **स्वतन्त्राः** । हिशब्दो वेदमूलत्वविरहे तदीयशास्त्रप्रसिद्धिमाह । आपाततः प्रमाणवदाभासेऽपि निरूपणे **भ्रान्तिमूला** एवेत्यर्थः । वेदाविरुद्धांशे प्रामाण्यं किं न स्यादित्याशङ्क्य तद्भवत्येवाधिकारिविशेषं प्रतीत्याह–**तथाऽपि य** इति ॥ १६ ॥ तानेवाधिकारिण आह–**अत्यन्तेति** ॥ १७ ॥ तेषामप्युपकारकत्वे श्रुतिसाम्यमेव तर्हीत्यत आह–**तान्त्रिकाणामिति** । अव्यवधानेन न लभ्यः किंतु व्यवधानेनैव ॥ १८ ॥ तदेव व्यवधानमाह–**कालेनेति** ॥ १९ ॥ **कर्मनिष्ठेभ्य** इति । तेषां कर्मभिः पापक्षये ज्ञाननिष्ठाद्वारेणैव लभ्यः । ज्ञाननिष्ठेभ्यो जिज्ञासुभ्यः सकाशाज्ज्ञानिनां विशेषमाह–**न ज्ञानिनामिति** । तेषामात्मत्वेन लब्धत्वान्न लब्धव्य इत्यर्थः । अन्येषामात्मभूतोऽप्यज्ञानेन व्यवहितत्वाल्लभ्य एव न तु लब्धः ॥ २० ॥ व्यवधानाव्यवधानाभ्यां मो[2]चनीयपशुवैचित्र्यवन्मोचके न वैचित्र्यमित्याह–**सर्वेषामिति** ॥ २१ ॥ तव तर्हि[3] को मोचक इति तत्राऽऽह–**अहमप्राप्तेति** । तथा मृगेन्द्रे–'अथानादिमलापेतः सर्वकृत्सर्वदृक्शिवः ॥ पूर्वं व्यत्यासितस्याणोः पाशजालमपोहति' इति ॥ २२ ॥

वेद से कहीं विरोध होता है तो वे वहाँ प्रमाण नहीं होते । अधिकतम बातें वेदानुसारी होने से उन्हें वेदमूलक कहते हैं, अतः एक-आध बात वेदविरुद्ध होने पर उतनी बात ही अपस्मृति आदि रूप से अप्रमाण हो जाती है । यद्यपि स्मृति से श्रुति का अनुमान होता है तथापि उपलब्ध हुए बिना अनुमितमात्र श्रुति उपलब्ध श्रुति की बाधिका या उसका संकोच करने वाली नहीं बन सकती । और प्रमाण होने से ही श्रुतियों में परस्पर विरोध असम्भ है । प्रतीयमान विरोध भी हमारी समझ की ही भूल है । तत्त्वविषयक विरोध तो है ही नहीं । क्रियाविषयक जो विरोध प्रतीत होता है वह विकल्पार्थ होने से विकल्पित पक्ष को छोड़कर ही प्रत्येक वचन की प्रवृत्ति होने से विरोध है नहीं । इस प्रकार जो श्रुत्यनुकूल स्मृत्यादि हैं वे श्रुतिविरोध न होने पर प्रमाण हैं ॥ १४½ ॥ पांचरात्र आदि आगममार्ग वेदमूलक नहीं हैं यह वे स्वयं घोषित करते हैं । वे वेद से स्वतंत्र हैं, वेद का अनुसरण करने वाले नहीं । अतः परमार्थ निरूपण में वे भ्रामक ही हैं और आस्तिकों के विषय में अर्थात् आस्तिकों के लिये वे प्रमाण कोटि में नहीं समझने चाहिये । एवमपि उनका जो अंश वेद से विरुद्ध नहीं पड़ता उसे उन लोगों के लिये ग्राह्य बता दिया गया है जो

१. घ. °ने ॥ पञ्च° । २. क. ख. ग. घ. °चयितव्यप° । ३. ख. °र्हि मोचकः क इति ।

मदन्ये त्वात्मविज्ञानविहीना माययाऽऽवृताः । सदा संसारिणो मोच्याः प्रकृतिः केवलं जडा ॥ २३ ॥

तस्मात्पशूनां सर्वेषामहं संसारमोचकः । न मत्तोऽन्यः पुमान्सत्यमित्येषा शाश्वती श्रुतिः ॥ २४ ॥

एवं निशम्य मद्वाक्यं महाविष्णो सरस्वती । पूजयामास मां भक्त्या जगन्माता त्रयीमयी ॥ २५॥

त्वमप्यत्यन्तकल्याणो मद्भक्तश्च विशेषतः । त्वया नास्ति समः कश्चिल्लोके विष्णो महामते ॥ २६॥

शिवादन्यस्य मोचकत्वं संसारिणो वा प्रकृतेर्वेति ? नाऽऽद्य इत्याह–**मदन्य** इति । स्वयं बद्धाः कथमन्यं मोचयेयुरित्यर्थः। ननु मोच्यत्वं मोचकत्वं च प्रकृतेरेवेति सांख्याः । यदाहुः–'रूपैः सप्तभिरेवं बध्नात्यात्मानमात्मना प्रकृतिः । सैव च पुरुषस्यार्थे विमोचयत्येकरूपेण' इति ॥ तत्राऽऽह–**प्रकृतिरिति** ॥ २३ ॥ नित्यमुक्तः शिवस्तद्विलक्षणानां जीवानां भोगमोक्षलक्षणस्वाभिमतपुरुषार्थप्रापक इति काठके कथितमित्याह–**शाश्वती श्रुतिरिति** । एवं हि 'नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानामेको बहूनां यो विदधाति कामान् । तमात्मस्थं येऽनु पश्यन्ति धीरास्तेषां शान्तिः शाश्वती नेतरेषाम्' इति ॥ २४–२६ ॥

वैदिक मार्ग से अत्यंत दूर हैं ॥ १५–१७ ॥ पांचरात्रादि आगमप्रोक्त कल्याणोपाय उस प्रकार के प्राणियों के लिये उपकारक तो हैं किंतु उनसे इष्टसिद्धि होने में समय काफी लगता है । तान्त्रिकों को मैं सीधे ही प्राप्त नहीं होता किन्तु वे देवताओं को प्राप्त करने के द्वारा ही मुझ तक पहुँच सकते हैं । जो तो केवल वेद पर निष्ठा रखते हैं उन्हे मेरी प्राप्ति में कोई व्यवधान नहीं होता ॥ १८–१९ ॥ वेदमार्गगामियों में भी कर्मनिष्ठों की अपेक्षा ज्ञानसाधकों को मेरी प्राप्ति शीघ्र होती है (क्योंकि कर्मठों को भी ज्ञान पाकर ही मैं मिलता हूँ) । ज्ञानियों के लिये तो मैं प्राप्तव्य नहीं क्योंकि उनका आत्मा ही हूँ ॥ २० ॥ (उनके लिये शिवकी आत्मरूपता अनावृत होने से 'उसका आत्मा' ऐसा कहा । वस्तुतः) सभी का आत्मा मैं ही हूँ । अज्ञानी पुरुष मुझसे भिन्न कोई नहीं है । और (विद्यावृत्ति का विषय हुआ) मोचक भी मैं ही हूँ । शाश्वत श्रुति का यह उद्घोष है कि एक अकेला शिव ही संसारी और मोचक है । मुझ सांब ईशान से भिन्न कोई मोचक नहीं है । (बद्ध व मोचक दोनों विरुद्ध धर्म बताकर दोनों की अवास्तविकता स्पष्ट कर दी । अजाततत्व में दोनों ही कल्पित हैं ।) ॥ २१½ ॥ मैं स्वभाव से ही ऐसा हूँ कि मुझे कभी संसारबंधन नहीं हुआ । (अतः मेरा कोई और मोचक नहीं ।) ऐसे ही मैं स्वभावतः अज्ञानावरणमुक्त हूँ ॥ २२ ॥ मुझसे अन्य सभी जब तक मैं उन्हें मुक्त नहीं करता तब तक आत्मज्ञान से रहित हैं–अज्ञान से आवृत हैं । अत एव वे अनादि संसरण वाले हैं । अज्ञानशब्दित प्रकृति जड है । एवं च मुझसे अन्य मोचक संभव नहीं क्योंकि मुझसे भिन्न चेतन स्वयं बद्ध हैं और मुझसे भिन्न प्रकृति जड है । इससे अतिरिक्त और कुछ है नहीं । बद्ध मोचक हो यह असंगत है । जड भी मोचक हो नहीं सकता ॥ २३ ॥ अतः सभी पशुनामक जीवों को संसार से मुक्त करने वाला मैं हूँ, मुझसे अन्य कोई पुरुष नहीं यह श्रौत निर्णय है ॥ २४ ॥

तस्मादेव मया प्रोक्तस्तव संसारमोचकः । वेदमार्गैकनिष्ठानां धार्मिकाणाममानिनाम् ॥ २७ ॥
मद्भक्तानां विशुद्धानां द्विजानामम्बुजेक्षण ।
मयोक्तोऽर्थस्त्वया देयो न देयो यस्य कस्यचित् ॥ २८ ॥
सूत उवाच– एवं निशम्य पुरुषोत्तम आदिभूतमम्बासहायममलेन्दुकलावतंसम् ।
सर्वामरैरखिलयोगिभिरर्चनीयं संसारमोचक इति प्रतिपद्य भक्त्या ॥ २९ ॥
नत्वा परापरविभागविहीनबोधः[1] सत्यामृताद्वयशिवाभिधसर्वनाथम् ॥
स्तुत्वा गिरा परवशोऽभवदम्बुजाक्षः शिष्टादृतं शिवकरं शिवमादरेण ॥ ३० ॥
शृणुध्वमन्यद्वक्ष्यामि मोचकत्वप्रसाधकम् । श्रद्धया सहिता यूयं मुनयो मुनिसत्तमाः ॥ ३१ ॥
पुरा कश्चिद् द्विजश्रेष्ठः श्रद्धया कर्म वैदिकम् ।
कृत्वा प्रदग्धपापस्तु विशुद्धहृदयो भृशम् ॥ ३२ ॥
भीतो जन्मविनाशाभ्यामतीव मुनिपुंगवाः । क्रमेण सकलान्देवान्स्वसंसारविमोचकान् ॥ ३३ ॥

अमानिनामिति निरहंका[2]रिणाम् । न देय इति । यदाहुर्नैरुक्ताः–"विद्या ह वै ब्राह्मणमाजगाम गोपाय मा शेवधिष्टेहमस्मि । असूयकायानृजवे जडाय नेमां ब्रूयाद्वीर्यवती तथा स्याम्" इति ॥ २७–३० ॥

हे महाविष्णु ! यों मेरा वचन सुनकर जगन्माता सरस्वती ने प्रेमपूर्वक मेरी पूजा की थी ॥ २५ ॥ तुम भी मेरे विशेष भक्त और सब कल्याणगुणों से उपेत हो । संसार में तुम्हारे समान कोई नहीं है ॥ २६ ॥ इसीलिये मैंने अपनी संसार-मोचकता तुम्हें समझायी है । यह विषय तुम उन्हीं को बताना जो वैदिक मार्ग में ही निष्ठा वाले निरभिमानी रागादिरहित धार्मिक द्विज मेरे भक्त हैं, अन्य चाहे जिस को इसका उपदेश मत देना ॥ २७–२८ ॥

सूत जी बोले–यह शिवोपदेश सुनकर पुरुषोत्तम नारायण ने महादेव को प्रणाम और उनकी स्तुति की । विष्णु को जो ज्ञान हुआ था उसमें पर-अपर विभाग नहीं था, सारा ही परज्ञान था । उन्होंने निश्चय किया था कि शिव ही संसार से छुड़ाने वाले हैं अत एव भक्तिपूर्वक प्रणामादि किया था । उनको समझ आ गया था कि शिव ही सबके कारण हैं । सुन्दर चन्द्रकलाघटित मुकुट वाले अम्बिकानाथ ही सब देवताओं और समस्त योगियों के आराध्य हैं । उन्हें ही सत्य, अमृत, अद्वय, शिव आदि कहते हैं । वे ही सबके स्वामी हैं । अतएव कमलनयन विष्णु ने भक्ति के परवश हो शिष्टों द्वारा आदृत, कल्याणकारी शिव की आदरपूर्वक निजवाणी से स्तुति की ॥ ३० ॥

हे मुनिश्रेष्ठो ! मोचक के स्वरूप को बताने वाली एक आख्यायिका मैं आप लोगों को और सुनाता हूँ ॥ ३१ ॥ प्राचीन काल में एक उत्तम ब्राह्मण था जिसने वैदिक कर्मों का अनुष्ठान कर पाप जला दिये

---

१. 'अथ परा यया तदक्षरमधिगम्यत' इति मुक्तिहेतुज्ञानमेव परोबोधः श्रुतिप्रसिद्धः स एव विष्णोरेतावता संवादेन जातइति तज्ज्ञानेऽपराया विद्याया अंशो न बभूवेत्यर्थः । २. ख. °काराणां ।

मत्वाऽऽराध्य पुनः सर्वाञ्जन्मनाशवृतानिमान् । परित्यज्य विचारेण भगवन्तं त्रिलोचनम् ॥ ३४ ॥
प्रलम्बितजटाबद्धं चन्द्ररेखावतंसकम् । नीलग्रीवं शरच्चन्द्रचन्द्रिकाभिर्विराजितम् ॥ ३५ ॥
गोक्षीरधवलाकारं चन्द्रबिम्बसमाननम् । सुस्मितं सुप्रसन्नं च स्वात्मतत्त्वैकसंस्थितम् ॥ ३६ ॥
गङ्गाधरं शिवं शान्तं लसत्केयूरमण्डितम् । सर्वाभरणसंयुक्तं सर्वलक्षणसंयुतम् ॥ ३७ ॥
वीरासने समासीनं वेदयज्ञोपवीतिनम् । भस्मधाराभिरामं तं नागाभरणभूषितम् ॥ ३८ ॥
व्याघ्रचर्माम्बरं शुद्धं योगपट्टावृतं शुभम् । सर्वेषां प्राणिनामात्माज्ञानापस्मारपृष्ठतः ॥ ३९ ॥
विन्यस्तचरणं सम्यग्ज्ञानमुद्राधरं हरम् । सर्वविज्ञानरत्नानां कोशभूतं सुपुस्तकम् ॥ ४० ॥
दधानं सर्वतत्वाक्षमालिकां कुण्डिकामपि । स्वात्मभूतपरानन्दपरशक्त्यर्धविग्रहम् ॥ ४१ ॥
धर्मरूपवृषोपेतं धार्मिकैर्वेदपारगैः । मुनिभिः संवृतं मायावटमूलाश्रितं शुभम् ॥ ४२ ॥

शृणुध्वमिति । मोचकस्वरूपज्ञापकमाख्यानान्तरं वक्ष्यामीत्यर्थः ॥ ३१-३८ ॥

और निर्मल मन वाला हो गया । वह जन्म-मरण से बहुत भयभीत था । उसने क्रमशः अनेक देवताओं को संसार से मुक्त करने में समर्थ समझ उन सबकी तत्परता से आराधना की । किन्तु शास्त्रादि के विचार से उसे समझ आया कि वे सभी देवता स्वयं जन्म-नाश वाले हैं तो मुझे कैसे उससे छुड़ायेंगे ? अतः उन सबको छोड़ वह त्रिलोचन दक्षिणामूर्ति भगवान् शंकर की शरण गया ॥ ३२—३४ ॥ भगवान् की लम्बी व बँधी जटायें हैं । उनके मस्तक पर द्वितीया का चन्द्रमा शोभित हो रहा है । उनका सारा शरीर शरत्कालिक चन्द्रज्योत्स्ना की तरह शुभ्र और कण्ठ के मध्य नीलिमा है ॥ ३५ ॥ पूर्णचन्द्र की तरह आह्लादप्रद उनका मुख गाय के दूध सा गोरा है, प्रसन्नतापूर्वक हल्की मुस्कान उस पर खेल रही है । भगवान् निजस्वरूप में ही प्रतिष्ठित हैं ॥ ३६ ॥ शिव ने गंगा को जटाओं में आश्रय दिया है । शान्तमूर्ति की भुजायें बाजूबंधों से अलंकृत हैं तथा अन्यत्र भी यथायोग्य सब विभूषण शरीर को भूषित कर रहे हैं । सामुद्रिक शास्त्रप्रोक्त सभी उत्तम लक्षण उनमें लक्षित होते हैं ॥ ३७ ॥ महादेव वीरासन से बैठे हैं । वेदसंमत यज्ञोपवीत व भस्मत्रिपुण्ड्र धारण किये हैं और नागों को आभरण रूप से ग्रहण कर स्वयं को सजाये हुए हैं ॥ ३८ ॥ बाघ की खाल उनका वस्त्र है—उसी से उनका योगपट्ट (घुटने तक देह ढाँकने वाला कपड़ा जो समाधि काल में महात्मा पहनते हैं) निर्मित है । भगवान् तथा उनके निकटस्थ कोई वस्तु अशुभ और अशुद्ध नहीं । सभी प्राणियों को जो आत्मा का अज्ञान है वही अपस्माररूप से उनके चरणों में है और उसकी पीठ पर उन्होंने अपना पैर रख छोड़ा है । हर के एक हाथ में ज्ञानमुद्रा (चिन्मुद्रा) है, दूसरे में समस्त ज्ञानरत्नों की कोशभूत पुस्तक है, तीसरे में सब तत्त्वरूप रुद्राक्षों की माला है व चौथे में अमृतकलश है । ३९—४०½ ॥ उनसे अभिन्न परमानन्दरूप पराशक्ति उनका आधा शरीर है ॥ ४१ ॥ धर्मरूप वृषभ उनके संनिकट है । माया रूप वट के मूल में स्थित उनके चारों ओर धार्मिक व वेदों में पारंगत मुनि उपस्थित हैं ॥ ४२ ॥ शिव ही समस्त विद्याओं के स्वामी हैं । वे शासकों के भी नियन्ता हैं, अपरिवर्तनीय हैं । जन्मादि भावविकार उनका स्पर्श नहीं करते । ॐकाररूप कमलासन पर वे विराजमान हैं । ४३ ॥ वे अपने स्वरूप का परिज्ञान करा कर सदा संसार से मुक्त करते हैं । परम करुणावश वे सब प्राणियों के हित में लगे रहते हैं, सबका दुःख दूर करते रहते हैं ॥ ४४ ॥ सभी उपासकों को सकल अभीष्ट वस्तुएँ प्रदान करने वाले वे ही हैं । संसार की सृष्टि स्थिति संहार के कारणभूत उन महादेव को दक्षिणामूर्ति कहते हैं । (तत्त्वज्ञान को दक्षिणा कहते हैं । 'शेमुषी दक्षिणा प्रोक्ता' ऐसा दक्षिणामूर्त्युपनिषत् में कहा है । जिस रूप को धर कर भगवान् तत्त्वज्ञान प्रदान करते हैं वह रूप दक्षिणामूर्ति कहा जाता है ।) ॥ ४५ ॥

ईशानं सर्वविद्यानामीश्वरेश्वरमव्ययम् । उत्पत्त्यादिविनिर्मुक्तमोंकारकमलासनम् ॥ ४३ ॥
स्वात्मविद्याप्रदानेन सदा संसारमोचकम् । रुद्रं परमकारुण्यात्सर्वप्राणिहिते रतम् ॥ ४४ ॥
उपासकानां सर्वेषामभीष्टसकलप्रदम्[1] ।
दक्षिणामूर्तिदिवाख्यं[2] जगत्सर्गादिकारणम् ॥ ४५ ॥
समागत्य महाभक्त्या दण्डवत्पृथिवीतले ।
प्रणम्य बहुशो देवं समाराध्य यथाबलम् ॥ ४६ ॥
रुद्र यत्ते मुखं तेन दक्षिणं पाहि मामिति ।
उक्त्वा पुनः पुनर्देवं पूजयामास भक्तितः ॥ ४७ ॥
पुनर्देवो महादेवो दक्षिणामूर्तिरीश्वरः । प्रदत्त्वा[3] स्वात्मविज्ञानं तस्मै विप्राय सुव्रताः ॥ ४८ ॥
तस्य संसारविच्छेदमकरोदम्बिकापतिः । बहवो दक्षिणामूर्तिप्रसादादेव जन्तवः ॥ ४९ ॥
अनायासेन संसाराद्विमुक्ताः परमर्षयः । भवन्तोऽपि महादेवं महानन्दस्वरूपिणम् ॥ ५० ॥
संसारमोचकं बुद्ध्वा भजध्वं सर्वभावतः । अस्यैव भजनादेव सर्वं सिध्यत्यसंशयम् ॥ ५१ ॥
इति श्रुत्वा द्विजाः सर्वे श्रद्धया परया सह ।
प्रणम्य सूतं सर्वज्ञं पूजयामासुरद्भुतम् ॥ ५२ ॥

इति श्रीस्कन्दपुराणे सूतसंहितायां मुक्तिखण्डे मोचककथनं नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

आत्माज्ञानेति । आत्मतत्त्वविषयं यदज्ञानं तस्यैव तत्त्वविद्याप्रतिबन्धमपस्माररूपेण प्राप्तस्य पृष्ठे वामपादं[4] दधानमित्यर्थः ॥ ३९-५२ ॥

इति श्रीसूतसंहितातात्पर्यदीपिकायां मुक्तिखण्डे मोचककथनं नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

यह ब्राह्मण उनकी शरण गया और उसने महाभक्ति से दण्डवत् प्रणाम किया तथा यथाशक्ति नाना प्रकार से उनकी आराधना की ॥ ४६ ॥ उसने प्रार्थना की 'हे दुःख निवारक रुद्र ! जो आपका दक्षिण मुख है उसके द्वारा मेरी रक्षा कीजिये ।' इस प्रार्थनापूर्वक वह भक्तिवशात् बार बार पूजा करता रहा ॥ ४७ ॥ (श्वेताश्वतरोपनिषत् में (४.२१) यह मन्त्र है 'अजात इति कश्चिद्भीरुः प्रपद्यते । रुद्र यत्ते दक्षिणं मुखं तेन मां पाहि नित्यम् ॥' जैसे 'अधीहि भगवो ब्रह्म' यह गुरु से उपदेश ग्रहण की प्रार्थना प्रसिद्ध है वैसे ज्ञानार्थ शिव की शरणागति लेने वालों के लिये यही प्रार्थना उपयोगी है । उपदेश में कुशल होने से शिव का मुख दक्षिण कहा गया है । किंच सद्योजातादि पाँच मुखों में अघोर नामक मुख दक्षिण में पड़ता है । घोर संसार से छुड़ाने की प्रार्थना अघोर से करना संगत है।) दक्षिणामूर्ति महादेव ने कृपाकर उस ब्राह्मण को आत्मज्ञान दे दिया और इस प्रकार उसका संसारप्रबन्ध में परिभ्रमण सदा के लिये समाप्त कर दिया ॥ ४८½ ॥ यही नहीं, बहुत से जन्मादिशील मुमुक्षु जीवों ने दक्षिणामूर्ति की कृपा से ही अनायास मोक्ष पाया है ॥ ४९½ ॥ आप लोग भी महादेव को ही संसारमोचक जानिये और महानन्दस्वरूप उन्हीं का सब तरह से भजन कीजिये । इनकी सेवा से ही सब इष्ट सिद्ध होते हैं ॥ ५०–५१ ॥

यह सुनकर सब मुनियों ने परम श्रद्धापूर्वक सूतजी को प्रणाम किया व उनका विशिष्ट सत्कार किया ॥ ५२ ॥

---

१. ङ. °म् ॥ शंकरं दक्षिणामूर्तिं ज° । २. दक्षिणाप्रदमूर्तिः दक्षिणामूर्तिः । दक्षिणा ब्रह्मधीः 'शेमुषी दक्षिणे'तिश्रुतेः । यां मूर्तिं दधानो भगवान् सनकादिभ्योऽन्येभ्यश्च तत्त्वज्ञानं ददाति सैवैवमुच्यते । ३. ङ. °त्वा ब्रह्मवि° । ४. क. ख. ग. घ. °ददान° ।

पञ्चमोऽध्यायः

ईश्वर उवाच— अथातः संप्रवक्ष्यामि तवाहं मोचकप्रदम् ।
अतीव श्रद्धया सार्धं शृणु पङ्कजलोचन ॥ १ ॥
आचार्य एव संसारमोचकप्रद उच्यते । आचार्यो नाम [1]वेदान्तविचारेणाऽऽप्तवेदनः ॥ २ ॥
तमप्यनेकधा विद्धि श्रद्धया पुरुषोत्तम । उत्तमो मध्यमस्तद्वदधमश्चाम्बुजेक्षण ॥ ३ ॥
उत्तमो ब्राह्मणः प्रोक्तो मध्यमः क्षत्रियस्तथा ।
अधमो वैश्य इत्युक्तः सर्वशास्त्रार्थवेदिभिः ॥ ४ ॥
अधमोऽच्युत वैश्यस्य शूद्रस्यापि गुरुर्भवेत् ।
मध्यमो मध्यमस्यापि तथा वैश्यस्य केशव ॥ ५ ॥
शूद्रस्यापि गुरुः प्रोक्तः शुश्रूषोरात्मवेदिभिः ।
उत्तमो ब्राह्मणस्यापि क्षत्रियस्य तथैव च ॥ ६ ॥
विशां शूद्रस्य शुश्रूषोर्गुरुरित्युच्यते मया ।
शूद्राणां च तथा स्त्रीणां गुरुत्वं न कदाचन[2] ॥ ७ ॥

यत ईश्वरोऽप्याचार्योपदेशादवगत एव मोचको भवति अतो मोचकाभिधानानन्तरं मोचकप्रदमाचार्यं वक्ष्यामीत्याह— **अथात** इति ॥ १ ॥ **आचार्य एवेति** । ईश्वरः संसारमोचक इति यद्यपि श्रुतिस्मृतिपुराणादिभिरपि ज्ञातुं शक्यते तथाऽपि तत्स्वरूपमाचार्यमुखादेव ज्ञातं फलपर्यन्तं भवतीति तथैव ज्ञातव्यम् । श्रूयते हि—'आचार्याद्धैव विद्या विदिता साधिष्ठं प्रापत्' इति ॥ २ ॥ ३ ॥ यद्यपि 'वर्णानां ब्राह्मणो गुरुरि'ति[3] क्वचिद्ब्राह्मणस्यैव गुरुत्वं स्मर्यते तथाऽपि श्रुतिस्मृत्यन्तरपर्यालोचनया समनन्तरवक्ष्यमाणविभागेनेतरेषामस्तीत्यभिप्रेत्योक्तम्—**सर्वशास्त्रेति** ॥ ४-७ ॥

मोचकप्रद-कथन नामक पाँचवा अध्याय

भगवान् शंकर ने अगले प्रश्न का उत्तर यों प्रारम्भ किया—हे कमलनयन ! अब मैं मोचकप्रद के विषय में बताता हूँ, तुम श्रद्धापूर्वक सुनो ॥ १ ॥

आचार्य ही मोचकप्रद हैं । (मोचक शिव के स्वरूप का ज्ञान देने वाला गुरु ही मोचकप्रद है) । आचार्य भी वह है जिसने वेदान्तविचार द्वारा आत्मज्ञान प्राप्त कर लिया है ॥ २ ॥ उत्तम, मध्यम व अधम भेद से आचार्य नाना प्रकार के होते हैं ॥ ३ ॥ ब्राह्मण उत्तम आचार्य होते हैं । क्षत्रिय मध्यम व वैश्य अधम आचार्य बनते हैं । (यहाँ आत्मविद्या का ही प्रसंग है । वेदाध्यापनादि में केवल ब्राह्मण समर्थ हैं, किंतु अन्य विद्यायें अन्य लोग अपनी अपनी परम्पराओं से सीख-सिखा सकते हैं । आत्मविद्या भी चाहे कोई बता सकता है यदि वह स्वयं वेदान्तविचार द्वारा तत्त्वज्ञान प्राप्त कर चुका है । तथापि क्षत्रियादि नीच वर्ण वाले से ब्राह्मणादि उत्तम वर्ण वाले को विद्या तब ही ग्रहण करनी चाहिये जब उत्तम वर्ण वाला उस विद्या का शिक्षक उपलब्ध न हो । और विद्याग्रहण काल से अतिरिक्त काल में नीच वर्ण वाले शिक्षक

---

१. श्रोत्रियत्वमाह—वेदान्तेति । ब्रह्मनिष्ठत्वं च ब्रूते—आप्तेति । २. आपद्यपीत्यर्थः । स्वपुत्रान्प्रति मातुर्गुरुत्वं तु संमतमेव । 3. ङ. °रित्युक्तं तद्ब्रा° ।

वैश्यस्यापि तथा राज्ञो विद्योत्कर्षबलेन च ।
गुरुत्वं केचिदिच्छन्ति[1] स्वोत्तमं प्रति केशव ॥ ८ ॥
उत्तमः पञ्चधा प्रोक्तो गुरुर्ब्रह्मात्मवेदिभिः ।
ब्रह्मचारी गृहस्थश्च वानप्रस्थश्च भिक्षुकः ॥ ९ ॥
अतिवर्णाश्रमी चेति क्रमाच्छ्रेष्ठा विचक्षण ।
अश्रेष्ठानां हरे श्रेष्ठा गुरवः परिकीर्तिताः ॥ १० ॥
ब्रह्मचारी गृहस्थस्य वनस्थस्य[2] यतेरपि ।
विद्योत्कर्षबलेनैव गुरुर्भवति नान्यथा ॥ ११ ॥
गृहस्थोऽपि वनस्थस्य यतेरप्यम्बुजेक्षण ।
विद्योत्कर्षबलेनैव गुरुर्भवति नान्यथा ॥ १२ ॥
वानप्रस्थाश्रमस्थोऽपि तथा संन्यासिनां हरे । विद्योत्कर्षबलेनैव गुरुर्भवति नान्यथा ॥ १३ ॥

राज्ञो गुरुत्वं केचिदिति । बृहदारण्यके दृप्तबालाकेर्ब्राह्मणस्य क्षत्रियमजातशत्रुं प्रति 'स होवाच गार्ग्य उप त्वा यानी'त्युपगमाभिधानदर्शनात्तथा कैकेयं क्षत्रियं प्रति प्राचीनशालादीनां षण्णां मुनीनां वैश्वानरविद्यालाभायोपगमप्रवृत्तिदर्शनात्[3], उत्तमं ब्राह्मणं प्रत्यपि विद्योत्कर्षवतः क्षत्रियस्य गुरुत्वमस्तीति तेषामाशयः । अन्ये[4] तु 'प्रतिलोमं वै तद्यद् ब्राह्मणः क्षत्रियमुपेयात्, ब्रह्म मे वक्ष्यतीति । व्येव त्वा ज्ञापयिष्यामि' इति क्षत्रियेणाजातशत्रुणा गुरुत्वमङ्गीकृत्य[5] गार्ग्यं प्रति विज्ञापनदर्शनात्तथा प्राचीनशालादीनपि कैकेयेन 'तान्हानुपनीयैवैतदुवाच' इति उपसदनमन्तरेणैव वैश्वानरविद्याभिधानदर्शनादुत्तमेनाभिहितमपि गुरुत्वं क्षत्रियादिना नाङ्गीकर्तव्यमिति मन्यन्ते । अत उक्तं केचिदिति ॥ ८-१३ ॥

के प्रति उच्च वर्ण वाले को प्रणामादि नहीं करना चाहिये । तात्पर्य है कि आत्मविद्या का इतना अधिक महत्त्व है कि वर्णकृत श्रेष्ठता को उसके ग्रहण में आड़े नहीं आना चाहिये । इसका उदाहरण स्वयं सूत जी हैं जिनसे ब्राह्मणादि मुनि विद्याग्रहण कर ही रहे हैं ।) ॥ ४ ॥ अधम अर्थात् वैश्य दो वर्ण वालों का गुरु हो सकता है—शूद्र का और वैश्य का । मध्यम अर्थात् क्षत्रिय तीन वर्ण वालों का गुरु हो सकता है—शुश्रूषु शूद्र का, वैश्यका और क्षत्रिय का । उत्तम अर्थात् ब्राह्मण चारों वर्ण वालों का गुरु हो सकता है । शूद्र तथा स्त्रियाँ कभी गुरु हों यह संमत नहीं है ॥ ५–७ ॥ हे केशव ! कुछ विचारक ऐसा मानते हैं कि यदि अधिक विद्वत्ता हो तो वैश्य और क्षत्रिय अपने से उत्तम वर्ण वाले के भी गुरु हो सकते हैं ॥ ८ ॥ (व्यवस्था पूर्वोक्त ही है—आपत्काल में उत्तमवर्ण वाला अधम वर्ण वाले की तात्कालिक गुरुता स्वीकार कर उससे विद्या ले सकता है । समान व अधम वर्ण वाला आपत्काल के विना भी विद्या ले सकता है और यावज्जीवन उसे गुरु माने, यह आवश्यक है ।)

उत्तम गुरु पाँच प्रकार के बताये गये हैं । वे हैं—ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यासी और अतिवर्णाश्रमी । ये उत्तरोत्तर श्रेष्ठ हैं ॥ ९१/२ ॥ श्रेष्ठ अश्रेष्ठों के गुरु होते हैं ॥ १० ॥ विद्या का उत्कर्ष होने पर यहाँ

---

१. ङ. °न्ति सोत्त° । २. ङ. °स्थश्च य° । ३. ङ. °त् कैकेयं क्षत्रियमुत्त° । ४. ङ. अन्यथेति । ५. गार्ग्यस्यैवेति शेषः । तिष्ठ त्वमाचार्यपद एव, त्वां शिष्यमकृत्वापि बोधयिष्यामीति राज्ञोऽभिप्रायः ।

अतिवर्णाश्रमी प्रोक्तो गुरुः सर्वाधिकारिणाम् ।
न कस्यापि भवेच्छिष्यो यथाऽहं पुरुषोत्तम ॥ १४ ॥
अतिवर्णाश्रमी साक्षाद् गुरूणां गुरुरुच्यते ।
तत्समो नाधिकश्चास्मिँल्लोकेऽस्त्येव न संशयः ॥ १५ ॥
यः शरीरेन्द्रियादिभ्यो विभिन्नं सर्वसाक्षिणम् ।
पारमार्थिकविज्ञानसुखात्मानं स्वयंप्रभम् ॥ १६ ॥
परतत्त्वं विजानाति सोऽतिवर्णाश्रमी भवेत् ।
यो वेदान्तमहावाक्यश्रवणेनैव केशव ॥ १७ ॥
आत्मानमीश्वरं वेद सोऽतिवर्णाश्रमी भवेत् ।
योऽवस्थात्रयनिर्मुक्तमवस्थात्रयसाक्षिणम् ॥ १८ ॥

ब्रह्मचर्यादीनामाश्रममात्ररूपत्वात्स्वोत्तमं प्रत्यपि विद्योत्कर्षसंभवे गुरुत्वमङ्गीकृतम् । वर्णाश्रमातिक्रमस्तु निरतिशयज्ञानोत्कर्ष एवेति तद्वन्तमपेक्ष्य कस्यापि विद्योत्कर्षाभावात्स गुरुरेव न शिष्य इत्याह–**अतिवर्णाश्रमीति** ॥ १४ ॥ १५ ॥ प्रतिज्ञातं तस्य सर्वोत्कर्षमुपपादयितुं तल्लक्षणमाह–**यः शरीरेति** ॥ १६ ॥ **विजानाति** विशेषेण जानाति साक्षात्करोतीत्यर्थः । इत्थंभूतो हि लोकसंग्रहाय वर्णाश्रमधर्मानाचरन्ननाचरन्वा सर्वोत्तमत्वेन गुरुरेवेत्यर्थः । तादृशस्यापि हि तदाचरणं भवति । 'सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति भारत । कुर्याद्विद्वांस्तथाऽसक्तश्चिकीर्षुर्लोकसंग्रहम्' इति ॥ **यो वेदान्तेति**। 'तं त्वौपनिषदम्' इति श्रुतेः ॥ १७ ॥ परतत्त्वसाक्षात्कारस्य मननिदिध्यासनाङ्गनिबन्धनत्वाद्वेदानधिकृतानां भाषादिमुखेन ज्ञानमपि क्रमेण वेदाधिकारप्राप्तिद्वारेणैवोपकारकमिति हि प्रागुक्तम्–'अन्येषामपि सर्वेषां ज्ञानाभ्यासो विधीयते । भाषान्तरेण कालेन तेषां सोऽप्युपकारकः' इति । तमेवाऽऽत्मवेदनक्रममाह–**योऽवस्थेति** ॥ १८ ॥

भी व्युत्क्रम हो सकता है अर्थात् ब्रह्मचारी गृहस्थादि का भी गुरु हो सकता है । ऐसे ही गृहस्थादि में समझना चाहिये ॥ ११–१३ ॥ अतिवर्णाश्रमी तो सभी अधिकारियों का गुरु ही होता है, किसी का शिष्य नहीं होता । इसमें मैं शंकर ही दृष्टान्त हूँ ॥ १४ ॥ अतिवर्णाश्रमी गुरुओं का भी गुरु है । उसके समान या उससे बढ़कर संसार में कोई नहीं है ॥ १५ ॥

शरीर, इन्द्रिय आदि से भिन्न, सबके साक्षी, पारमार्थिक विज्ञान व सुख रूप, स्वप्रकाश परात्मतत्त्व का जिसको निर्भ्रान्त अनुभव है, वह अतिवर्णाश्रमी होता है ॥ १६¹/₂ ॥ जिस अत्युत्तमाधिकारी ने वेदान्त महावाक्यों के श्रवण से ही अपना ईश्वर से अभेद समझ लिया, वह अतिवर्णाश्रमी होता है ॥ १७¹/₂ ॥ तीनों अवस्थाओं से रहित और तीनों अवस्थाओं के साक्षी महादेव को जो निजस्वरूप जानता है वह अतिवर्णाश्रमी होता है ॥ १८¹/₂ ॥ जिसका यह अचल निश्चय होता है कि वर्ण आश्रम आदि माया द्वारा शरीर में कल्पित हैं, ज्ञानरूप मुझ आत्मा के वे कभी नहीं हैं वह अतिवर्णाश्रमी होता है ॥ १९–२० ॥ जिसने वेदान्तों से यह अनुभव प्राप्त कर लिया है कि मेरी संनिधि से संसार की सब चेष्टायें उसी प्रकार होती हैं जैसे सूर्य की संनिधि

महादेवं विजानाति सोऽतिवर्णाश्रमी भवेत् । वर्णाश्रमादयो देहे मायया परिकल्पिताः ॥ १९ ॥

नाऽऽत्मनो बोधरूपस्य[1] मम ते सन्ति सर्वदा ।

इति यो वेद वेदान्तैः सोऽतिवर्णाश्रमी भवेत् ॥ २० ॥

आदित्यसंनिधौ लोकश्चेष्टते स्वयमेव तु । तथा मत्संनिधावेव चेष्टते सकलं जगत् ॥ २१ ॥

इति यो वेद वेदान्तैः सोऽतिवर्णाश्रमी भवेत् । सुवर्णे हारकेयूरकटकस्वस्तिकादयः ॥ २२ ॥

कल्पिता मायया तद्वज्जगन्मय्येव सर्वदा ।

इति यो वेद वेदान्तैः सोऽतिवर्णाश्रमी भवेत् ॥ २३ ॥

शुक्तिकायां यथा तारं कल्पितं मायया तथा । महदादि जगन्मायामयं मय्येव कल्पितम् ॥ २४ ॥

देह इति । देहसंबन्धोपाधिनिबन्धना आत्मनि कल्पिताः ॥ १९ ॥ बोधात्प्राक्कल्पनया सन्तोऽपि वस्तुतो न सन्ति, बोधोत्तरकाले [2]त्वनुभवतोऽपीति सर्वदेत्युक्तम् ॥ २० ॥ नन्ववस्थात्रयविरहे स्वस्याऽऽत्मनोऽकर्तृत्वादीश्वरस्य च जगत्कर्तृत्वात्कथमात्मानमीश्वरं वेदेति ? तत्राऽऽह–आदित्येति । य ईश्वरोऽपि[3] वस्तुतो न कर्ता तस्मिन्नधिष्ठाने सव्यापारस्य जगतः कल्पितत्वादेव तस्य जगत्कर्तृत्वव्यवहारः । यथाऽऽदित्यस्य संनिधौ लोकस्य प्रवृत्तिदर्शनादप्रवर्तकेऽप्यादित्ये प्रवर्तकत्वव्यवहारस्तद्वत् ॥ २१ ॥ परस्परव्यावृत्तं चेत्यं सर्वमनुवृत्ते चिद्रूपे कल्पितमित्यत्र निदर्शनमाह–सुवर्ण इति । श्रूयते हि–'चिद्धीदं सर्वं काशते काशते च' इति ॥ २२ ॥ २३ ॥ महदादीनामपि सति प्रमातर्यबाध्यत्वे[4] सत्यत्वमिति मन्यमानं प्रति, सत्येव प्रमातरि[5] बाध्यमानं शुक्तिरूप्यमुदाहरति–शुक्तिकायामिति ॥ २४ ॥

से चोर व साहूकार आदि सब लोगों की प्रवृत्तियाँ होती हैं (मैं वैसे ही सब चेष्टाओं से अस्पृष्ट हूँ जैसे सूर्य), वह अतिवर्णाश्रमी होता है ॥ २१½ ॥ वेदान्तविचार के फलस्वरूप जिसका यह अनुभव है कि सारा जगत् मुझ में वैसे ही कल्पित है जैसे सोने में विविध गहने कल्पित होते हैं वह अतिवर्णाश्रमी होता है ॥ २२–२३ ॥ जिसका उपनिषल्लभ्य निश्चय यह होता है कि सीप में चाँदी की तरह महत्तत्त्व आदि सारा मायामय जगत् मुझ अविकृत अधिष्ठान में ही कल्पित है, वह अतिवर्णाश्रमी होता है ॥ २४½ ॥ अतिवर्णाश्रमी वह होता है जिसका अकम्प निश्चय बना रहे कि पशु आदि व चाण्डाल के शरीर से लेकर ब्रह्मा के शरीर पर्यन्त अन्य वस्तुएँ चाहे तारतम्य से स्थित हों किंतु सब सम्बन्धों से रहित महादेव आकाश की तरह सबमें एक रूप से स्थित हैं और वे महादेव मैं ही हूँ ॥ २५–२७ ॥ वेदान्तानुभव के पश्चात् जिसे यह भान बना रहे कि जैसे दिग्भ्रम नष्ट हो जाने पर भी दिशायें दीखती पूर्ववत् ही रहती हैं वैसे आत्मज्ञान

---

१. घ. पत्वान्मम । २ क. ग. °नुभवेऽपी° । ङ. °नुंभावेऽपी° । ३. सोपीति योज्यम् । यद्वा यो वेदेत्युत्तरस्य पूर्वार्धमिहान्वितमिति सूचयितुं यइति प्रतीकग्रहणम् । ४. ग. ङ. °त्वेन स° । ५. प्रमातृसत्त्वं न विषयसत्त्वप्रयोजकतां भजत इत्यभिप्रायः । दृष्टोपेक्षिते च रज्जुसर्पादौ सति प्रमातरि वर्ततेऽबाध्यत्वं न च सत्यत्वमिति तव व्यभिचारश्च । एवं देहाद्यभिमानेऽपि ज्ञेयम् ।

इति यो वेद वेदान्तैः सोऽतिवर्णाश्रमी भवेत् । चण्डालदेहे पश्वादिशरीरे ब्रह्मविग्रहे ॥ २५ ॥

अन्येषु तारतम्येन स्थितेषु पुरुषोत्तम । व्योमवत्सर्वदा व्याप्तः सर्वसंबन्धवर्जितः ॥ २६ ॥

एकरूपो महादेवः स्थितः सोऽहं परामृतः ।

इति यो वेद वेदान्तैः सोऽतिवर्णाश्रमी भवेत् ॥ २७ ॥

विनष्टदिग्भ्रमस्यापि यथापूर्वं विभाति दिक् ।

तथा विज्ञानविध्वस्तं जगन्मे भाति तन्नहि ॥ २८ ॥

इति यो वेद वेदान्तैः सोऽतिवर्णाश्रमी भवेत् ।

यथा स्वप्नप्रपञ्चोऽयं मयि मायाविजृम्भितः॥ २९ ॥

तथा जाग्रत्प्रपञ्चोऽपि परमायाविजृम्भितः ।

इति यो वेद वेदान्तैः सोऽतिवर्णाश्रमी भवेत् ॥ ३० ॥

एकस्मिन्नेव रूपे विचित्रं वस्तु यथा कल्पितं तथा तदुपाधिकं[१] तारतम्यमपीत्यत्र निदर्शनमाह–**चण्डालदेह** इति ॥ २५ ॥ सूचीपाशादिसंबन्धे तदुपाधिकं तारतम्यमाकाशे यथा कल्पितं तद्वदित्यर्थः ॥ २६ ॥ २७ ॥ नन्वतिवर्णाश्रमस्य तत्त्वज्ञानेन सकार्यस्याज्ञानस्य निवृत्तौ शिष्यमपश्यतः कं प्रति गुरुत्वं ? शिष्यप्रतिभाने वा तत्कारणमज्ञानमनु[२] भवन्नासौ विद्वानिति चेन्न । विदुषोऽपि बाधितानुवृत्तिसंभवादित्यभिप्रेत्य तत्र निदर्शनमाह–**विनष्टेति** । तिस्रो ह्यज्ञानस्यावस्थाः । एका तावद् दृश्यं सर्वं सत्यमित्यभिमानहेतुः । सा युक्तिशास्त्रजनिताद्विवेकज्ञानान्निवर्तते । तन्निवृत्तावपि यथापूर्वमभिनिवेशेन व्यवहारहेतुः द्वितीया, सा तत्त्वसाक्षात्कारान्निवर्तते । तन्निवृत्तावपि संस्कारमात्रेण[३] देहाभासजगदवभासहेतुः तृतीया[४] बाधितानुवृत्तिरित्युच्यते । सा चरमसाक्षात्कारेण निवर्तते । एतदवस्थात्रयं क्रमेणैव श्रूयते–'तस्याभिध्यानाद्योजनात्तत्त्वभावाद्भूयश्चान्ते विश्वमायानिवृत्तिः' इति । तत्र तृतीयकक्षायां स्थितस्यातिवर्णाश्रमस्य विदुषोऽपि शिष्यादिदर्शनादुपदेशसंभवाद् ग्रहनक्षत्रगत्यादिदर्शनान्निवृत्तोऽपि दिङ्मोहः संस्कारमात्राद्यथा भासत एवमिह संस्कारमात्राच्छिष्यादि[५] भावादुपदेशोपपत्तिर्द्वैताभावस्य युक्तिशास्त्रानुभवैरवधृतत्वाद्विद्वत्ताऽपीत्यर्थः ॥ २८ ॥ ननु बाधितस्य कथमनुवृत्तिः । अनुवृत्तौ वा कथं बाधः । अभावबोधो हि बाधः । न च भावेन सहाभावो बोधार्हः ? इत्यत आह–**यथा स्वप्नेति** । बोधोत्तरकालं बाधितः स्वप्नप्रपञ्चः प्रागप्यसत्त्वेन प्रतीयमानोऽपि प्राक्कालसंबन्धितया स्मृत्या यथा विषयी क्रियते, एवं वर्तमानप्रपञ्चोऽसत्त्वेनानुभूयमानोऽपि संस्कारवशात्तत्कालसंबन्धितया किं न भासेतेत्यर्थः ॥ २९ ॥ ३० ॥

से बाधित हो चुका जगत् मुझे प्रतीत भले ही हो रहा है पर है सर्वथा नहीं, वह अतिवर्णाश्रमी होता है ॥ २८½ ॥ जैसे मायावश स्वप्न प्रपंच मुझमें कल्पित होता है वैसे जाग्रत्प्रपंच भी परमेश्वर की माया से परमेश्वर में ही कल्पित है (और वह परमेश्वर मैं हूँ)–यों जिसने वेदान्तों से जान लिया है वह अतिवर्णाश्रमी होता है ॥ २९–३० ॥ निजस्वरूप के परिज्ञान के कारण देहादि में अभिमान न रह जाने से जो वर्ण

---

१. ग. घ. ङ. °धिकता° । २. क. ख. ग. °भवंस्तेनासौ । ३. घ. देहभा° । ४. द्वितीयनिवृत्तौ देहादिः सत्यवद्भाति ज्ञानबलेन च बाध्यते । अत्र तु बाधितस्यैवानुभवइति विशेषः । पूर्वमपि (३.२. ५४) तिस्रो मायावस्था दर्शिताः । ५. ख. ग. घ. °भानादु° ।

यस्य वर्णाश्रमाचारो गलितः स्वात्मदर्शनात् ।
स वर्णानाश्रमान्सर्वानतीत्य स्वात्मनि स्थितः ॥ ३१ ॥
योऽतीत्य स्वाश्रमान्वर्णानात्मन्येव स्थितः पुमान् ।
सोऽतिवर्णाश्रमी प्रोक्तः सर्ववेदान्तवेदिभिः ॥ ३२ ॥
न देहो नेन्द्रियं प्राणो न मनो बुद्ध्यहंकृती ।
न चित्तं नैव माया च न च व्योमादिकं जगत् ॥ ३३ ॥
न कर्ता नैव भोक्ता च न च भोजयिता तथा ।
केवलं चित्सदानन्दं ब्रह्मैवाऽऽत्मा यथार्थतः ॥ ३४ ॥
जलस्य चलनादेव चञ्चलत्वं यथा रवेः । तथाऽहङ्कारसंबन्धादेव संसार आत्मनः ॥ ३५ ॥
तस्मादन्यगता वर्णा आश्रमा अपि केशव ।
आत्मन्यारोपिता एव भ्रान्त्या ते नाऽऽत्मवेदिनः[1] ॥ ३६ ॥

ननु वर्णाश्रमाचारातिक्रमश्चेदित्थमुत्कर्षकारणं, जितं पाषण्डैरित्यत आह—**यस्य वर्णाश्रमेति** । तत्त्वसाक्षात्कारेण विगलितदेहाद्यात्मत्वाभिमानो देहेन सहैव तद्धर्माणां वर्णाश्रमाणामतिक्रमादतिवर्णाश्रमी । ईदृक्परमकाष्ठामप्राप्तोऽपि नास्तिकः प्रमादालस्यादिभिस्त्यजन्नकरण-निमित्तप्रत्यवायोपचयादधः पतति । अत एव हि प्रागत्रैवोक्तम्—'वर्णाश्रमाचारवता पुरुषेण महेश्वरः । आराध्यते प्रसादार्थं न दुर्वृत्तैः कदाचन' इति । प्राप्तप्रसादस्त्वतिवर्णाश्रमीति महद्वैषम्यम् ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ उक्तस्यातिवर्णाश्रमस्यानुभवं विशदयति—**न देह** इत्यादिना ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ तत्त्वविषयं तदीयमनुभवप्रकारमुक्त्वा दृश्यविषयमिदानीमाह—**जलस्येति** । आत्मनि कर्तृत्वभोक्तृत्वादिकं पश्यन्नप्यौपाधिकभ्रमकल्पितत्वादसत्त्वेनैव स पश्यतीत्यर्थः ॥ ३५ ॥ ३६ ॥

व आश्रम प्रयुक्त किसी आचार का पालन नहीं करता वह वर्ण व आश्रम को लाँघ कर स्वरूपस्थित होता है । जो पुरुष निज आश्रम व वर्ण को इस प्रकार (—देहाद्यभिमानशून्य होकर)लाँघ कर स्वरूपस्थित है वह वेदान्तवेत्ताओं द्वारा अतिवर्णाश्रमी कहा जाता है ॥ ३१—३२ ॥ उसे यों अनुभव होता है—देह, इंद्रिय, प्राण, मन, बुद्धि, अहंकार, चित्त, माया, आकाशादि जगत्, कर्ता, भोग करने वाला, भोग कराने वाला आदि सब कुछ है ही नहीं, केवल ज्ञान, सत् और आनन्दरूप व्यापक मैं आत्मा ही वस्तुतः हूँ ॥ ३३—३४॥ जैसे जल के हिलने से तत्प्रतिबिंबित सूर्य में चंचलता का अनुभव होता है वैसे अहंकार के संबंध से ही (तादात्म्याध्यास से ही) आत्मा के संसरण का अनुभव होता है ॥ ३५ ॥ अत एव अन्यत्र अर्थात् शरीरादि के धर्मभूत वर्णाश्रमादि भ्रमवश आत्मा पर आरोपित कर लिये जाते हैं । जिसने आत्मस्वरूप समझकर वह भ्रम हटा लिया है उसके लिये उनकी सत्ता ही नहीं है ॥ ३६ ॥ आत्मज्ञानी के लिये विधि, निषेध, वर्ज्य, अवर्ज्य आदि कुछ भी नहीं है ॥ ३७ ॥ जो मरणधर्मा मनुष्य माया से मोहित होते हैं वे आत्मज्ञानी की ऐश्वर निष्ठा को कभी नहीं जान

१. घ. °दिभिः ॥ ३६ ॥ त° ।

न विधिर्न निषेधश्च न वर्ज्यावर्ज्यकल्पना ।
आत्मविज्ञानिनामस्ति तथा नान्यज्जनार्दन ॥ ३७ ॥
आत्मविज्ञानिनो[1] निष्ठामीश्वरीमम्बुजेक्षण ।
मायया मोहिता मर्त्या नैव जानन्ति सर्वदा[2] ॥ ३८ ॥
न मांसचक्षुषा निष्ठा ब्रह्मविज्ञानिनामियम् ।
द्रष्टुं शक्या स्वतः सिद्धा विदुषः सैव केशव ॥ ३९ ॥
यत्र सुप्ता जना नित्यं प्रबुद्धस्तत्र संयमी । प्रबुद्धा यत्र ते विद्वान्सुषुप्तस्तत्र केशव ॥ ४० ॥
एवमात्मानमद्वंद्वं निर्विकल्पं निरञ्जनम् । नित्यं शुद्धं निराभासं संविन्मात्रं परामृतम् ॥ ४१ ॥
यो विजानाति वेदान्तैः स्वानुभूत्या च निश्चितम् ।
सोऽतिवर्णाश्रमी नाम्ना स एव गुरुरुत्तमः ॥ ४२ ॥

वर्णाश्रमयोः कल्पितत्वेन तदुपजीविनोर्विधिनिषेधयोस्तदधीनयोर्हानोपादानयोश्च तथात्वमित्याह–**न विधिरिति** । **तथा नान्यदिति** लौकिकव्यापारजातमपि ॥ ३७ ॥ इत्थमियं निष्ठा प्रशस्ता चेत्किमिति सर्वैर्नाऽऽश्रियत इत्यत आह–**आत्मविज्ञानिन** इति । श्रूयते हि–'इष्टापूर्तं मन्यमाना वरिष्ठं नान्यच्छ्रेयो वेदयन्ते प्रमूढाः । नाकस्य पृष्ठे ते सुकृतेऽनुभूत्वेमं लोकं हीनतरं वा विशन्ति' इति ॥ ३८ ॥ **न मांसेति** । यतो मायामोहितानां मांसमयं चक्षुर्दर्शनसाधनमियं तु निष्ठा स्वानुभवैकवेद्येत्यर्थः ॥ ३९ ॥ **यत्र सुप्ता** इति । तत्त्वस्वरूपे **जना नित्यं सुप्तास्तत्र संयमी नित्यं प्रबुद्धः** ।**यत्र** दृश्यप्रपञ्चे लोकाः **प्रबुद्धास्तत्र विद्वान्सुषुप्तः** । उक्तं हि भगवता–'या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी । यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः' इति ॥ ४० ॥ **निर्विकल्पं** विक्षेपरहितं, **निरञ्जनम**ावरणरहितम् ॥ ४१ ॥ यस्य न शब्दज्ञानमात्रं किंत्वनुभवपर्यन्तमपीत्याह–**स्वानुभूत्येति** ॥ ४२ ॥

सकते ॥ ३८ ॥ वह निष्ठा मांसमयी चक्षु का विषय तो हो नहीं सकती । वह विद्वान् को स्वानुभवसिद्ध है ॥ ३९ ॥ अज्ञानी जन जिस विषय में मानो सोये हुए हैं, ज्ञानी उसी के विषय में जागरूक है और जिस संसारविषय में विद्वान् मानो सो चुका है, अज्ञानी उसी में जाग रहे हैं । (अतः दोनों का तालमेल असंभव है) ॥ ४० ॥ जिसने अद्वितीय, विक्षेपशून्य, निरावरण, नित्य, शुद्ध, निर्भ्रान्त, परम, अमृत आत्मा को वेदान्तों से समझा तथा स्वानुभव से निश्चित किया है उसी का नाम है अतिवर्णाश्रमी और वही उत्तम गुरु है ॥ ४१–४२ ॥ वही वेदवेत्ताओं में श्रेष्ठ है, वह मोचकप्रद है, वस्तुतः वह स्वयं ही मोचक है क्योंकि

---

१. ग. °ज्ञाननिष्ठानामीदृशीम° । घ. °ज्ञानिनां निष्ठामीदृशीम° । २. तदुक्तं–काकोलूकनिशेवायं संसारोऽज्ञात्मवेदिनोरिति । भगवतापि या निशेत्यादिना ।

स एव वेदवित्तमः स एव मोचकप्रदः । स एव सर्वमोचकः स एव सर्वकारणम् ॥ ४३ ॥

स एव सत्यचिद्घनः स एव मुक्तिरुत्तमा । स एव सर्वमुक्तिदः स एव सर्वमच्युत ॥ ४४॥

इति तव परमार्थः सर्ववेदान्तसिद्धः सकलमुनिवराणां देवतानां नराणाम् ।

परमपुरुष साक्षान्मुक्तिसिद्ध्यै मयोक्तः परमकरुणयैव प्रार्थितेन त्वयैव ॥ ४५ ॥

सूत उवाच– एवं निशम्य भगवान्वासुदेवो जगन्मयः ।

स्वमूर्ध्नि चरणद्वंद्वं शिवस्य परमात्मनः ॥ ४६ ॥

विन्यस्य ब्रह्मविज्ञानं वेदान्तोक्तं विमुक्तिदम् ।

लब्ध्वा भूमौ महाभक्त्या विवशो गद्गदस्वरः ॥ ४७ ॥

प्रणम्य बहुशः श्रीमान्सलिलार्द्रसुलोचनः । कृतार्थोऽभवदीशानप्रसादादेव सुव्रताः ॥ ४८ ॥

भवन्तोऽपि द्विजा एवं श्रद्धया मोचकप्रदम् ।

विदित्वा तस्य शुश्रूषां कुरुध्वं यत्नतः सदा ॥ ४९ ॥

यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ ।

तस्य प्रोक्ता द्विजा ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः ॥ ५० ॥

इति श्रीस्कन्दपुराणे सूतसंहितायां मुक्तिखण्डे मोचकप्रदकथनं नाम पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

वेदवित्तम इति । कर्मज्ञानवन्तोऽपि वेदविदः । वेदवित्तमस्त्वौपनिषदतत्त्वज्ञानवानेव । यज्जगन्मूलकारणं तत्त्वज्ञानप्रदानेन मोचक ईश्वरो यश्च तमीश्वरं ज्ञापयति मोचकप्रद आचार्यस्त्रितयविभागोऽप्यविद्वद्दृष्ट्यैव । विदुषस्तु भेदहेतोरज्ञानस्य विनाशात्सोऽपि विभागोऽपि नास्तीत्याह–**स एव सर्वमोचक** इत्यादि ॥ ४३ ॥ न केवलमस्य मायोपाधिकं जगत्कारणत्वं किंतु मायातीतसच्चिदानन्दैकरसत्वमपीत्याह–**स एव सत्येति** । ननु मुक्तेरसत्यत्वे तदवाप्तेरपुरुषार्थत्वादन्यत्वे वा कथं स एव सत्यमित्युक्तमित्यत आह–**स एव मुक्तिरिति** । यद्यपि सालोक्यादिकमपि मुक्तिस्तथाऽपि तन्मायावस्थाविशेष एव । उत्तमा तु मुक्तिः स्वरूपमेव । यदाहुः – 'आत्मैवाज्ञानहानिर्वा' इति । अन्यत्रापि–'निवृत्तिरात्मा मोहस्य ज्ञातत्वेनोपलक्षितः । उपलक्षणहानेऽपि स्यान्मुक्तिः पाचकादिवत्' इति ॥ एवं तत्त्वदृष्ट्याऽतिवर्णाश्रमस्य स्वरूपमुक्तम् । मायादृष्ट्या तु भोगप्रदत्वं भोक्तृभोग्यरूपता च तस्यैवेत्याह–**स एव सर्वमिति** ॥ ४४–५० ॥

इति श्रीसूतसंहितातात्पर्यदीपिकायां मुक्तिखण्डे मोचकप्रदकथनं नाम पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

वही सर्वकारणरूप ईश्वर है ॥ ४३ ॥ सत्य व चिन्मात्ररूप वही है । ब्रह्म रूप कैवल्य मोक्ष भी तत्स्वरूप ही है । सब प्रकार की मुक्तियों का दाता वही है । कहाँ तक कहा जाये ? हे अच्युत ! वही सब कुछ है ॥ ४४ ॥ इस प्रकार तुम्हारी प्रार्थना के अनुसार मैंने सब उपनिषदों में प्रसिद्ध पारमार्थिक विषय तुम्हें बता दिया । मुनियों, देवताओं, व मनुष्यों के–अर्थात् सबके–मोक्ष के लिये यह पर्याप्त विज्ञान है । हे परमपुरुष ! मैंने कृपावश ही तुम्हें इसका उपदेश दिया है ॥ ४५ ॥

सूत जी बोले–यह सुन कर विष्णु भगवान् ने परमेश्वर के चरणों को अपने सिर पर धारण किया और मोक्षफलक वेदान्तज्ञान पाने से हर्षित हो उन्हें दण्डवत् प्रणाम किया । वे रोमांचित हो उठे । उनका कण्ठ गद्गद हो गया । उनकी आँखों से हर्षाश्रु बहने लगे । वे ईश्वरकृपा से कृतार्थ हो गये थे ॥ ४६–४८ ॥ आप लोग भी श्रद्धापूर्वक मोचकप्रद आचार्य को ढूँढकर प्रयत्नपूर्वक उनकी सेवा कीजिये ॥ ४९ ॥ श्रुति ने बताया है कि महादेव और गुरु में एक समान पराभक्ति वाले महात्मा को ही वेदान्तों में कही बातें समझ आती हैं ॥ ५० ॥

षष्ठोऽध्यायः

ईश्वर उवाच- अथातः[1] संप्रवक्ष्यामि ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ।
शृणु त्वं श्रद्धया युक्तः परिहाराय केशव ॥ १ ॥
शिवद्रोहस्तु विज्ञानानुत्पत्तेर्मूलकारणम् । शिवभक्तापराधश्च शिवज्ञानस्य दूषणम् ॥ २ ॥
त्रिपुण्ड्रोद्धूलनद्वेषस्तदनुष्ठानवर्जनम् । रुद्राक्षधारणाभावो ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ ३ ॥
तव द्रोहस्त्वदीयानां[2] प्रद्वेषश्च जनार्दन । त्वदीयधनवाञ्छा च ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ ४ ॥
ब्रह्मद्रोहस्तदीयानां प्रद्वेषश्च जनार्दन । तदीयधनवाञ्छा च ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ ५ ॥
कामः क्रोधश्च लोभश्च मोहो दम्भस्तथैव च । आलस्यमपि मात्सर्यं ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ ६ ॥

यदुपादेयुमुक्त्यादिचतुष्टयस्वरूपज्ञानेऽपि प्रतिबन्धकरूपापरिज्ञाने तत्परिहारो न शक्यः अतस्तदनन्तरं तदभिधानं प्रतिजानीते-अथात इति ॥ १-११ ॥

ज्ञान उत्पन्न न होने के कारणों का कथन नामक छठा अध्याय

(मुख्य प्रश्नों का उत्तर देकर अन्य आवश्यक ज्ञातव्य विषयों को बताने की इच्छा से) भगवान् ने आगे कहा-हे केशव ! अब मैं तुम्हें वे कारण बताता हूँ जिनके रहते परमार्थ ज्ञान उत्पन्न नहीं हो पाता । इन्हें जानना इसलिये जरूरी है कि इन्हे हटाना या इनसे बचना आवश्यक है और बिना इनका परिचय पाये इन्हें दूर किया नहीं जा सकता । अतः तुम श्रद्धापूर्वक सुनो ॥ १ ॥

आत्मानुभव उत्पन्न न होने का मूल कारण है शिवद्रोह । (जिसके प्रति द्रोह का भाव रहता है मनुष्य उससे दूर रहना चाहता है तथा उसे अपने से दूर रखना चाहता है । शिव से अत्यन्त अभेद स्थापित करना इसीलिये नहीं चाहते कि उनके प्रति द्रोह है-उनसे भिन्न ही बना रहना चाहते हैं, उन्हें अपने से भिन्न ही रखना चाहते हैं । वस्तुतः अपने अहंकार से दृढ तादात्म्य होने से उसके प्रति हमारा अत्यन्त घनीभूत राग ही शिवद्रोह है, जैसा कि कहा गया है 'अशिव से प्रेम ही शिव का विरोध है' । विवेक से अहन्धी से अपने भेद का निश्चय और तत्कृतममत्वप्रयुक्त दुःखबाहुल्य के विचार से उसमें रागशैथिल्य के लिये प्रयास करना अनिवार्य है ज्ञानप्राप्ति के लिये, यह तात्पर्य है ।) शिवभक्तों के प्रति अपराध करना और शिवज्ञान में दोषदृष्टि करना भी ज्ञान की उत्पत्ति के प्रतिबंधक हैं ॥ २ ॥ त्रिपुण्ड्र धारण करने व भस्मोद्धूलन के प्रति विद्वेष और उसका अनुष्ठान न करना, तथा रुद्राक्ष धारण न करना ज्ञान की अनुत्पत्ति में कारण है ॥ ३ ॥ हे जनार्दन ! तुम्हारे प्रति द्रोह करना, तुम्हारे भक्तों से द्वेष करना और तुम्हारे (मंदिर आदि के) धन को हथियाने की इच्छा रखना ज्ञान उत्पन्न नहीं होने देता ॥ ४ ॥ इसी प्रकार ब्रह्मा के प्रति द्रोह, उनके भक्तों से द्वेष और उनके धन के अपहरण की कामना ज्ञान-प्राप्ति में रुकावट है ॥ ५ ॥ काम, क्रोध, लोभ, मोह, दम्भ, आलस्य और मात्सर्य ज्ञान की अनुत्पत्ति में कारण हैं । (जिस विषय को हम सुख का हेतु समझते हैं उसकी विद्यमानता या अविद्यमानता में उसकी इच्छा को काम कहते हैं । स्वकाल में यह मित्रवत् लगता है, चाहे बाद में ग्लानि भी हो । अपने प्रतिकूल होने वाले जो विषय दुःख के हेतु समझे जाते हैं उनके प्रति होने वाला द्वेष क्रोध है । यह कभी अपने व प्रायः दूसरे के अपकार में प्रवृत्त करता है । कामना के साफल्य का प्रतिबन्ध होने पर इसका उद्भव होता है। जिस वस्तु पर अपना अधिकार नहीं उसे अन्याय से अपना बनाने की इच्छा लोभ है । कामना में सुखप्राप्ति प्रधान है जब कि लोभ में वस्तु प्राप्ति ही ध्येय है । अथवा स्वकीय वस्तु का आवश्यक संविभाजन न करने की इच्छा लोभ है । ज्ञेय विषय को वैसा समझना जैसा वह नहीं है अर्थात् अविवेक मोह कहा जाता है । वस्तुतः विशेषता वाले न होते हुए स्वयं को विशेषता वाला प्रख्यापित करना दम्भ है । या कपट को भी दम्भ कहते हैं । परकीय सद्गुण के प्रति द्वेष करना या उसके उत्कर्ष को सहन न करना मात्सर्य है । श्रमभीरु होने से निरुत्साह होना आलस्य कहलाता है । तथा हि-'सुखहेतुतया ज्ञाते गृधिः कामोऽभिधीयते । क्रोधस्तु प्रतिकूलेषु

---

१. यतः 'तथैवान्यच्च मे ब्रूही'ति (३.२.२४) प्रार्थितं हरिणाऽत इत्यर्थः । २. भक्तानामित्यर्थः । ते च श्रुतिस्मृत्याज्ञावशवर्तिनः । तेन पूर्वनिन्दितपाञ्चरात्राद्यनुसारिणां व्यावृत्तिरिति ज्ञेयम् ।

धर्माधर्मेश्वरास्तित्वे संदेहश्च तथैव च । तेषामभावबुद्धिश्च ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ ७ ॥

मातृसंरक्षणाभावो मातृद्रोहश्च केशव । मातृसंतापकारित्वं ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ ८ ॥

वेदवेदान्तविद्वेषस्तदध्ययनवर्जनम् । श्रोत्रियस्यापराधश्च ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ ९ ॥

वेदाङ्गानां च विद्वेषः स्मृतीनां च तथैव च ।

पुराणानां च विद्वेषो भारतस्य तथैव च ॥ १० ॥

तेषामध्येतृविद्वेषस्तेषां बाधश्च केशव । तेषामर्थापहारश्च ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ ११ ॥

वामपाशुपतादीनामश्रौतानां परिग्रहः । पाञ्चरात्राश्रयश्चापि ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ १२ ॥

शिष्टानामसदारोपः शिष्टसंसर्गवर्जनम् । अशिष्टता च मद्भक्तेर्ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ १३ ॥

दुर्वृत्तैरपि संसर्गो दुर्वृत्तानां च पोषणम् । दुर्वृत्तत्वं च भूनाथ ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ १४ ॥

पितृद्रोहश्च शुश्रूषाभावस्तस्य तथैव च । पितृसंतापकारित्वं ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ १५ ॥

गवां संरक्षणाभावो गवां हिंसा तथैव च । गोप्रचारस्थले बाधो ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ १६ ॥

द्वेषः स्याद् दुःखहेतुषु ॥ अन्यायेन परद्रव्यादित्सा लोभः प्रकीर्तितः । यथाशक्त्यथवा स्वस्याऽसंविभागो ह्यसौ मतः ॥ मोहो ज्ञेयस्याऽन्यथाधीरविवेक इतीरितः । धर्मध्वजित्वं दम्भः स्यात् कपटोऽपि स उच्यते ॥ अन्यस्य तु शुभे द्वेषो मात्सर्यं परिकीर्तितम् । आलस्यं श्रमभीरुत्वादुत्साहप्रतिबन्धनम् ॥) ॥ ६ ॥ धर्म, अधर्म तथा ईश्वर के अस्तित्व में संदेहशील होना या धर्मादि हैं ही नहीं ऐसा निश्चय कर लेना ज्ञान को उत्पन्न नहीं होने देता ॥ ७ ॥ माता की सेवा न करना, उसके प्रति द्रोह का भाव रखना या ऐसी चेष्टायें करना कि उसे संताप हो, ज्ञान की उत्पत्ति को रोक देता है ॥ १ ॥ वेद-वेदान्तों के प्रति द्वेषबुद्धि रखना, उनका अध्ययन न करना और वेदाध्येता के प्रति अपराध करना ज्ञान की अनुत्पत्ति में कारण है ॥ ९ ॥ वेदांगों, स्मृतियों, पुराणों तथा महाभारत के प्रति द्वेष, उनके अध्येताओं से द्वेष, उनका बाध करना (तत्प्रतिपादित विषय को अप्रामाणिक सिद्ध करना या अध्येताओं को कष्ट देना) तथा उनका अर्थ चुरा लेना (शास्त्रोक्त अर्थ को स्वकीयत्वेन ख्यापित कर शास्त्रविरोध करना या अध्येताओं का धन चुरा लेना) ज्ञान की अनुत्पत्ति में कारण है ॥ १०–११ ॥ श्रौत पथ से भ्रष्ट वाम, पाशुपत आदि तंत्रों का एवं पांचरात्रादि आगमों का अवलम्बन करना ज्ञान उत्पन्न नहीं होने देता ॥ १२ ॥ शिष्ट पुरुषों पर झूठे लांछन लगाना, सत्संग न करना, मेरी भक्ति के प्रति अशिष्टता करना (शिवभक्ति विषयक अश्लीलादि भाषण करना) ज्ञान की उत्पत्ति में प्रतिबंधक है ॥ १३ ॥ दुष्टाचारियों से संबंध रखना, उनका पोषण करना और स्वयं दुष्टाचार वाला होना ज्ञान की अनुत्पत्ति में कारण है ॥ १४ ॥ पिता का द्रोह करना, उनकी सेवा न करना व उन्हें कष्ट पहुँचाना ज्ञानोत्पत्ति में रुकावट डालता है ॥ १५ ॥ गायों की रक्षा न करना, उनकी हिंसा करना व गोचरभूमि के विषय में कोई बाधा डालना ज्ञान-अनुत्पत्ति में कारण है ॥ १६ ॥ प्राणियों के आने-जाने के रास्ते

प्राणिसंचारमार्गस्य निरोधस्तस्य बाधनम् । तत्र कण्टकनिक्षेपो ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ १७ ॥
वृष्टिवातातपक्लेशैर्गृहप्राप्तस्य वर्जनम् । तद्रक्षाऽकरणं चापि ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ १८ ॥
वापीकूपतडागादिबाधस्तज्जलदूषणम् । तथा तज्जलचौर्यं च ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ १९ ॥
व्याघ्रचोरादिभीतस्य रक्षणाकरणं तथा । साधूनां भयकारित्वं ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ २० ॥
वश्याकर्षणविद्वेषस्तम्भोच्चाटनकारिता । अभिचारक्रिया चापि ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ २१ ॥
अक्षद्यूतविनोदश्च नृत्यगीतेषु [1] मोहनम् । अपशब्दप्रयोगश्च ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ २२ ॥
वर्णाश्रमविशिष्टानामवमानस्तथैव च । तेषां शुश्रूषणाभावो ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ २३ ॥
पुत्रमित्रगृहक्षेत्रभ्रातृबन्धुजने रतिः । अरतिर्गुरुपादे च ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ २४ ॥
अभक्ष्यभक्षणश्रद्धा तथाऽभक्ष्यस्य भक्षणम् । अभक्ष्यभक्षणस्पृष्टिर्ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ २५ ॥
परस्त्रीदर्शनश्रद्धा परस्त्रीगमने रतिः । परस्त्रीगमनं चापि ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ २६ ॥
स्वस्त्रीदर्शनविद्वेषः स्वस्त्रीदर्शनवर्जनम् । स्वस्त्रीबाधश्च कल्याण ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ २७ ॥
गुरोरनिष्टाचरणं गुरोरिष्टविवर्जनम् । गुरोश्च सेवाऽकरणं ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ २८ ॥

अश्रौतानामिति । श्रौतं हि पाशुपतं ज्ञानोत्पत्तिकारणत्वेन महता प्रबन्धेन प्रपञ्चितम् ॥ १२-२१ ॥

में रुकावट डालना या रास्ते में काँटे आदि डालना ज्ञान की अनुत्पत्ति में कारण है ॥ १७ ॥ बरसात, आँधी या धूप से परेशान हो घर आये व्यक्ति को घर में लेने से मना करना और उसकी रक्षा न करना ज्ञान को उत्पन्न नहीं होने देता ॥ १८ ॥ बावड़ी, कुआ, तालाब आदि में रुकावट करना, उनके जल को गंदा करना और उनके जल को चुरा लेना ज्ञान-प्राप्ति में प्रतिबंधक हैं ॥ १९ ॥ बाघ, चोर आदि से डरे व्यक्ति की रक्षा न करना व सत्पुरुषों को भयभीत करना ज्ञान-अनुत्पत्ति में कारण है ॥ २० ॥ वशीकरण, आकर्षण, विद्वेषण, स्तंभन, उच्चाटन तथा मारण प्रयोग करना ज्ञान की उत्पत्ति में प्रतिबंधक हैं ॥ २१ ॥ पासों से जुआ खेलना, नाच-गान पर मुग्ध हो जाना, अपशब्द का (गालियों का) प्रयोग करना ज्ञान की अनुत्पत्ति में कारण है ॥ २२ ॥ वर्णाश्रमधर्म पालन करने वालों का अपमान व उनकी सेवा न करना ज्ञान को उत्पन्न नहीं होने देता ॥ २३ ॥ पुत्र, मित्र, घर, पत्नी, भाई, बन्धु आदि में प्रेम रखना व गुरुचरणों में प्रेम न रखना ज्ञान की उत्पत्ति में प्रतिबंधक है ॥ २४ ॥ जिन वस्तुओं को खाना शास्त्र में निषिद्ध है उनके भक्षण के विषय में श्रद्धा रखना, उन्हें खाना तथा उन्हें खाने वालों का स्पर्श करना ज्ञान उत्पन्न नहीं होने देता । (श्रद्धा अर्थात् जैसे यह निश्चय रखना कि लहसन बड़े फायदे की वस्तु है आदि । स्वयं न खाते हुए भी श्रद्धा रखी जा सकती है) ॥ २५ ॥ दूसरे की पत्नी को देखने की लालसा रखना (या अपनी स्त्री से भिन्न स्त्री को देखने की लालसा रखना), उससे संभोग की इच्छा करना व उससे संभोग कर लेने से ज्ञान उत्पन्न नहीं होता ॥ २६ ॥ अपनी पत्नी को देखना भी न चाहना, उससे मेल-जोल न रखना व उसे कष्ट पहुँचाना ज्ञान की अनुत्पत्ति में कारण है ॥ २७ ॥ गुरु को जो इष्ट न हो ऐसा आचरण करना, जैसा वे चाहते हों वैसा न करना तथा उनकी सेवा न करना ज्ञान की अनुत्पत्ति में कारण है ॥ २८ ॥ ईश्वर, गुरु, वेद और ज्ञान के

१. घ. मोदनम् ।

ईश्वरे च गुरौ वेदे[1] ज्ञाने चाभक्तिरच्युत । तथा स्वगुरुसंताने ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ २९ ॥
स्वाचार्याय महाभक्त्या स्वदेहस्यानिवेदनम् । निवेदनं तथाऽन्यस्मै ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ ३० ॥
आचार्यनिन्दाश्रवणं तद्बाधस्य च दर्शनम् । विवादश्च तथा तेन ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ ३१ ॥
आचार्येऽनीश्वरज्ञानमुपेक्षा च तथैव च । तदुक्तविस्मृतिश्चापि ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ ३२ ॥
आचार्ये बालबुद्धिश्च नरबुद्धिस्तथैव च । अशिष्टबुद्धिर्भूनाथ ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ ३३ ॥
अशक्तानामरक्षा च तथाऽशक्तापराधनम् । अशक्तानां च निन्दा च ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ ३४ ॥
अर्थहीनस्य निन्दा च तथा तस्यापराधनम् । तस्य संकोचसंतुष्टिर्ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ ३५ ॥
रूपहीनस्य निन्दा च तथा तस्यापराधनम् । वैरूप्ये तस्य संतुष्टिर्ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् ॥ ३६ ॥
सूत उवाच–एवं महेश्वराद्विष्णुर्ज्ञानानुत्पत्तिकारणम् । श्रुत्वा प्रणामं कृतवान्भक्त्या परमया सह ॥३७॥
भवन्तोऽपि शिवज्ञानसिद्ध्यर्थं मुनिपुंगवाः । परिहृत्यैव वर्तध्वमेतानर्थानशेषतः ॥ ३८ ॥

इति श्रीस्कन्दपुराणे सूतसंहितायां मुक्तिखण्डे ज्ञानानुत्पत्तिकारणकथनं नाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

अपशब्देति । 'तस्माद् ब्राह्मणो न म्लेच्छितवै नापभाषितवै । म्लेच्छो ह वा एष यदपशब्दः' इति हि श्रूयते ॥ २२-३२ ॥ **आचार्ये बालबुद्धिरिति** । ''शिव एव ह्याचार्यरूपेणानुगृह्णाति'' इत्यागमेषु प्रसिद्धम् । यदाह–''योजयति परे तत्त्वे स दीक्षयाऽऽचार्यमूर्तिस्थः'' इति । अन्यत्रापि–''गुरुदेवतानामात्मैक्यं संभावयन्समाहितधीः'' इति[2] । अतः स मनुष्यबुद्ध्या न ग्राह्यः । अत एव वयसा कनीयानपि ज्यायस्त्वेनैव प्रतिपत्तव्यः । तस्य कृतकृत्यत्वेन वर्णाश्रमविरहेण च कर्तव्याभावाद्विहिताकरणनिमित्तमशिष्टत्वमपि तस्मिन्न मन्तव्यमित्यर्थः ॥ ३३–३८ ॥

इति श्रीसूतसंहितातात्पर्यदीपिकायां ज्ञानानुत्पत्तिकारणकथनं नाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

प्रति तथा गुरु की सन्तान के प्रति भक्ति न रखना ज्ञान को उत्पन्न नहीं होने देता ॥ २९ ॥ परमभक्ति से अपने आचार्य की सेवा में अपना शरीर नियुक्त न करना व किसी अन्य की सेवा आदि में उसे लगा देना ज्ञान-अनुत्पत्ति में कारण है ॥ ३० ॥ आचार्य की निन्दा सुनना, उन्हें कोई पीडित कर रहा हो और उसके प्रतिकार के आयास के बिना उसे देखते रहना तथा आचार्य से विवाद करना ज्ञानानुत्पत्ति में कारण है ॥ ३१ ॥ आचार्य को ईश्वर न समझना, उनकी उपेक्षा करना और उनकी बतायी बातें भूल जाना ज्ञान को उत्पन्न नहीं होने देता ॥ ३२ ॥ आचार्य को बच्चा समझना, मनुष्यमात्र समझना या अशिष्ट समझना ज्ञानलाभ में रुकावट है । (वय से आचार्य छोटा हो तो भी उसके प्रति यह दृष्टि नहीं रखनी चाहिये कि वह बालक है । उन्हें ईश्वर मानना चाहिये, मनुष्य ही नहीं । क्योंकि वे वर्णाश्रम से अतीत हैं इसलिये उनकी कई चेष्टायें हमारी मान्यताओं से भिन्न होने पर भी उन्हें अशिष्ट नहीं समझ लेना चाहिये) ॥ ३३ ॥ अशक्तों की (अपाहिज आदि की) रक्षा न करना, उनके प्रति अपराध करना व उनकी निंदा करना ज्ञान की अनुत्पत्ति में कारण हैं ॥ ३४ ॥ धनहीन की निंदा करना, उसके प्रति अपराध करना और उसके लज्जितहोने पर स्वयं संतोष का अनुभव करना ज्ञान की उत्पत्ति नहीं होने देता ॥ ३५ ॥ कुरूप की निंदा करना, उसके प्रति अपराध करना (अर्थात् उसे अपने रूप के निमित्त अपमान आदि कष्ट हो ऐसी चेष्टायें करना) व उसकी कुरूपता से संतुष्ट होना ज्ञान की अनुत्पत्ति में कारण है ॥ ३६ ॥

सूत जी बोले–विष्णु ने भगवान् से इस प्रकार ज्ञान उत्पन्न न होने में कारणों को समझकर परम भक्ति से उन्हें प्रणाम किया ॥ ३७ ॥ हे मुनिपुंगवो ! आप लोग भी शिवज्ञानप्राप्ति के लिये इनसे बचते हुए ही साधना कीजिये ॥ ३८ ॥

---

१ घ. देवे । २ आचार्योऽपि '....ईशः स्वयं साक्षाच्छ्रीगुरुरूपमेत्य कृपया.....विबोध्य तारयति.....' इति सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसंग्रहे (श्लो. २५४) ।

सप्तमोऽध्यायः

ईश्वर उवाच— अथातः संप्रवक्ष्यामि तवाहं पुरुषोत्तम । विद्वच्छुश्रूषणपरं शृणु श्रद्धापुरःसरम ॥ १॥

पुरा कश्चिद् द्विजश्रेष्ठः शशिवर्णसमाह्वयः । पाकयज्ञसमाख्यस्य तनयः पापकर्मकृत् ॥ २ ॥

तमोभिभूतचित्तश्च ब्रह्मविज्ञानदूषकः । वेदनिन्दापरः सर्वप्राणिहिंसापरोऽधमः ॥ ३ ॥

शिवनिन्दापरः सर्वदेवतादूषकः सदा । धर्मनिन्दापरस्तद्वद्धार्मिकस्यापराधकृत् ॥ ४ ॥

वर्णधर्मविनिर्मुक्तस्तथैवाऽऽश्रमवर्जितः । मातृहा पितृहा तद्वद् भ्रातृद्रोही यथाबलम् ॥ ५ ॥

गोघ्नश्चैव कृतघ्नश्च महानास्तिक्यगर्वितः । क्षेत्रदारहरस्तद्वदग्निदो गरदस्तथा ॥ ६ ॥

चण्डालस्त्रीपतिस्तद्वन्मधुमांसादिभक्षकः । महाधीरो महापाप्मा चचार पृथिवीतले ॥ ७ ॥

पितरस्तस्य मूर्खस्य ब्रह्मलोकगता अपि । स्वर्गलोकगताश्चान्ये विवशा नरकं गताः ॥ ८ ॥

शशिवर्णोऽपि कालेन व्याधिभिः पीडितोऽच्युत । अपस्मारपिशाचादिग्रहग्रस्तोऽभवद्भृशम् ॥ ९ ॥

पाकयज्ञः पिता तस्य मम भक्तो महत्तरः । निशम्य तनयक्लेशं निर्गतप्राणवत्सुधीः ॥ १० ॥

पतितो भूतले विष्णो रोदमानोऽतिदुःखितः । तं दृष्ट्वा देवभक्ताख्यो मुनिः सर्वार्थवित्तमः ॥ ११॥

[१]हातव्यत्वेन जिज्ञासिते विद्याप्रतिबन्धकारणे ज्ञाते सति यतो विद्योत्पत्तिकारणे विद्वच्छुश्रूषादौ प्रवृत्तिः स्वफलज्ञानायत्ता अतस्तदनन्तरं तदभिधानमिति प्रतिजानीते–**अथात** इति ॥ १-७ ॥ **पितरस्तस्येति** । विहिताकरणादिना हि पितृणामधः पतनं स्मर्यते–'अधर्माभिभवात्कृष्ण' इत्यारभ्य 'पतन्ति पितरो ह्येषां लुप्तपिण्डोदकक्रियाः' इत्यन्तेन ॥ ८-५४ ॥

गुरु के निकट जाना व उनकी सेवा करने की महिमा का कथन नामक सातवा अध्याय

परमेश्वर ने कहा–हे पुरुषोत्तम ! अब मैं तुम्हें श्रद्धापूर्वक आत्मवेत्ता की सेवा में तत्पर रहने की महत्ता बताता हूँ ॥ १ ॥

प्राचीन काल में शशिवर्ण नामक एक ब्राह्मण था । उसके पिता का नाम था पाकयज्ञ । शशिवर्ण पापकर्म में लगा रहता था । अज्ञानपूर्ण होने से ब्रह्मज्ञान के विषय में दोषदर्शन ही करता था । वेदों की निंदा करना मानो उसका धर्म था । वह अधम सभी प्राणियों की हिंसा किया करता था शिवनिन्दा ही उसका आह्निक ब्रह्मयज्ञ था । सभी देवताओं को वह दुष्ट ही समझता था । धर्म की निंदा और धार्मिकों को कष्ट देना उसका शौक था । स्वयं वह वर्ण व आश्रम धर्मों का पालन नहीं करता था । माता-पिता को उसने पीडित किया था और भाई का भी यथाशक्ति वह विरोध ही करता था । वह गोहत्यारा कृतघ्न था तथा अपनी नास्तिकता पर गर्व करता था । दूसरों की संपत्ति, पत्नी आदि का हरण, आग लगाना, जहर देना आदि आततायिकर्मों में वह माहिर था । मांस मदिरा आदि का सेवन करने वाला तथा चाण्डालस्त्री का पति वह अधीर महापापी पृथ्वी पर रहता था ॥ २–७ ॥ उस मूर्ख के पितर, जो कि पूर्व में ब्रह्मलोक या स्वर्गलोक पहुँचे हुए थे, उसके अनाचार के चलते नरक को प्राप्त हुए ॥ ८ ॥ कुछ समय बाद शशिवर्ण भी व्याधियों से और भूतावेशादि से पीडित हुआ ॥ ९ ॥ उसका पिता पाकयज्ञ मेरा भक्त था । उसने जब अपने पुत्र की अत्यन्त कष्टपूर्ण हालत सुनी तो वह रोता हुआ अति दुःख से पृथ्वी पर गिर पड़ा । उसे देख देवभक्त नामक एक महात्मा ने कहा 'हे शिवभक्त पाकयज्ञ ! उठो, डरो मत । तुम्हारे पुत्र के कल्याण का उपाय बताता हूँ ॥ १०–१२½ ॥ शिवप्राप्ति का अचूक साधन गोपर्वत है । वह रम्य श्रेष्ठ पर्वत

---

१. क. ख. हातव्येन । ङ. ज्ञातव्यत्वेन ।

कृपया पाकयज्ञाख्यं बभाषे वाक्यमुत्तमम् ।
उत्तिष्ठोत्तिष्ठ मा भैषीः पाकयज्ञ भवप्रिय ॥ १२ ॥
त्वत्पुत्रस्यापि वक्ष्यामि श्रेयःप्राप्तेस्तु साधनम् । श्रीमद्गोपर्वते रम्ये शिवप्राप्त्यैकसाधने[१] ॥ १३ ॥
षोडशक्रोशविस्तीर्णे तावन्मात्रायते वरे । शिवशक्तिरुमादेवी यत्र गोपर्वतेश्वरम् ॥ १४ ॥
आराध्य श्रद्धया संज्ञां चकार परमेश्वरी ।
शक्तीश्वर इति स्वस्य संज्ञया भवनाशिनी ॥ १५ ॥
यत्र शक्तीश्वरं भक्त्या ब्रह्माऽऽराध्य यथाबलम् ।
शक्तिमानभवत्सृष्टौ जगतस्तत्प्रसादतः ॥ १६ ॥
यत्र शक्तीश्वरं पूज्य प्रसादेन पुरंदरः । अधिपः सर्वदेवानामभवत्तारकोऽसुरः ॥ १७ ॥
यत्र शक्तीश्वरं पूज्य प्रबलोऽभून्महीतले ।
उर्वशी यत्र शक्तीशं भक्त्या पूज्येन्द्रवल्लभा ॥ १८ ॥
यत्र वाचस्पतिर्देवं शक्तीशाख्यं यथाबलम् । समाराध्याभवत्साक्षाद्देवेन्द्रस्य पुरोहितः ॥ १९ ॥
यत्र [२]पूज्योऽभवच्छुक्रः शक्तीशाख्यं महेश्वरम् ।
आर्द्रायां नैर्ऋते साक्षादसुराणां पुरोहितः ॥ २० ॥
यत्र पर्वणि देवेशं दृष्ट्वा शक्तीश्वराभिधम् ।
प्रदत्त्वा धनमन्यद्वा नरः साक्षाच्छिवं व्रजेत् ॥ २१ ॥

सोलह कोस की लम्बाई-चौड़ाई वाला है । गोपर्वतेश्वर महादेव की आराधना भगवती उमा ने वहीं की थी और उनका 'शक्तीश्वर' नाम रख दिया था ॥ १३–१५ ॥ शक्तीश्वर की आराधना से ब्रह्मा ने जगत् उत्पन्न करने की सामर्थ्य पायी थी ॥ १६ ॥ वहीं शक्तीश्वर के पूजन के फलस्वरूप इंद्र देवराज बने हैं । तारकासुर ने भी गोपर्वत पर शक्तीश्वर की पूजा की थी जिससे वह पृथ्वी पर अत्यंत बलवान् हो गया ॥ १७$^1/_2$ ॥ वहीं शक्तीश्वर की भक्तिपूर्वक पूजा करने से उर्वशी इन्द्र की प्रिय बन गयी ॥ १८ ॥ बृहस्पति जो देव-पुरोहित बने वह भी गोपर्वत पर शक्तीश्वर-पूजन का ही फल है ॥ १९ ॥ शक्तीश्वर नामक महादेव का आर्द्रानक्षत्र के समय और राहुकाल में पूजन करने से ही शुक्राचार्य असुरों के पुरोहित बने हैं ॥ २० ॥ गोपर्वत पर पर्वकाल में शक्तीश्वर महादेव का दर्शन कर धन या अन्य वस्तुओं का दान करने से शिव-प्राप्ति हो जाती है ॥ २१ ॥ पुण्य कालों में वहाँ शिव को प्रणाम कर शिवभक्तों को धनदान देने से मनुष्य मुक्ति पाता है । वहाँ शक्तीश का दर्शन कर प्रसन्नतापूर्वक धनदान करने से भोग और विजय की प्राप्ति होती है ॥ २२–२३$^1/_2$ ॥ गोपर्वत पर शक्तीश्वर का

---

१ शिवप्राप्त्येकसाधनइति स्यात् । २ पूज्य पूजयित्वेत्यर्थः । ल्यब्विसर्गावार्षौ ।

यत्र पुण्येषु कालेषु श्रद्धया परमेश्वरम् । प्रणम्य शिवभक्तेभ्यः प्रदत्त्वा धनमुत्तमम् ॥ २२ ॥

नरो मुक्तिमवाप्नोति शक्तीशस्य प्रसादतः ।

यत्र दृष्ट्वा महादेवं शक्तीशाख्यं धनं मुदा ॥ २३ ॥

दत्त्वा भोगानवाप्नोति विजयं चापि मानवः ।

यत्र शक्तीश्वरं नित्यं दृष्ट्वा संकल्पपूर्वकम् ॥ २४ ॥

प्रदत्त्वा मुष्टिमात्रं वा प्रस्थं वा सिक्थमेव वा ।

तण्डुलं ब्रह्मविद्धस्ते विमुक्तो मानवो भवेत् ॥ २५ ॥

यत्र सर्वमहापापयुक्तोऽपि मरणं गतः । नरो मुक्तिमवाप्नोति शक्तीशस्य प्रसादतः ॥ २६ ॥

यत्र साक्षान्महायोगी सर्ववेदान्तपारगः । महाकारुणिको नाम्ना महानन्दपरायणः ॥ २७ ॥

आस्ते तं वेदविच्छ्रेष्ठं पाकयज्ञ स्वसूनुना ।

सह दृष्ट्वा महाभक्त्या प्रणम्य भुवि दण्डवत् ॥ २८ ॥

तस्य शुश्रूषणं नित्यं कुरु तत्तारकं भवेत् ।

इत्युक्तो देवभक्तेन मुनिना पङ्कजेक्षण ॥ २९ ॥

पाकयज्ञः पिता पुत्रं शशिवर्णसमाह्वयम् । अतीव प्रीतिमापन्नः श्रीमद्गोपर्वतं गतः ॥ ३० ॥

पुनः शक्तीश्वरं देवं सह पुत्रेण पर्वणि ।

दृष्ट्वा प्रदक्षिणीकृत्य श्रद्धयाऽष्टोत्तरं शतम् ॥ ३१ ॥

नित्य दर्शन कर संकल्पपूर्वक ब्रह्मवेत्ता को (वेदज्ञ को) मुट्ठी भर या प्रस्थ भर भात या चावल दान करने से मानव विमुक्त हो जाता है । (पाँच सौ बारह माशे का एक प्रस्थ होता है) ॥ २४–२५ ॥ वहाँ मरने से अत्यन्त पापी भी शक्तीश्वर की कृपा से मोक्ष पा लेता है ॥ २६ ॥ वहाँ समस्त उपनिषदों के प्रतिपाद्य अर्थ का साक्षात्कार करने वाले व परम कारुणिक महानन्दपरायण नामक श्रेष्ठ योगी निवास करते हैं ॥ २७ ॥ हे पाकयज्ञ ! तुम अपने पुत्र सहित वहाँ जाकर उनका दर्शन करो । भक्तिपूर्वक उनको प्रणाम करो और प्रतिदिन उनकी सेवा करो । यह करना तुम्हारे व तुम्हारे पुत्र के कल्याण का उपाय है ॥ २८½ ॥'

देवभक्त मुनि द्वारा यों उपदिष्ट पाकयज्ञ अपने पुत्र शशिवर्ण को ले गोपर्वत को गया ॥ २९–३० ॥ पुत्र सहित वह प्रतिपर्व शक्तीश्वर का दर्शन, उनकी प्रदक्षिणा तथा अष्टोत्तरशतनामस्तोत्र का पाठ करता था ॥ ३१ ॥ शक्तीश्वर की कृपा से ही पाकयज्ञ को जीवन्मुक्त जगद्गुरु महानन्दपरायण के दर्शन हुए ॥ ३२ ॥ पुत्र समेत उसने उन्हे पुनः पुनः दण्डवत् प्रणाम किया और हाथ जोड़कर उनसे अपने कष्ट

प्रसादात्तस्य सर्वज्ञं जीवन्मुक्तं जगद्गुरुम् ।
अतिवर्णाश्रमं धीरं महानन्दपरायणम् ॥ ३२ ॥
दृष्ट्वा दूरे स्वपुत्रेण सह भूमौ मुहुर्मुहुः ।
प्रणम्य दण्डवद्भक्त्या पाकयज्ञः कृताञ्जलिः ॥ ३३ ॥
सर्वं विज्ञापयामास पुण्डरीकनिभेक्षण ।
सोऽपि साक्षान्महायोगी महाकारुणिकोत्तमः ॥ ३४ ॥
स्वात्मानन्दानुसंधानप्रमोदेन सहाच्युत । विलोक्य पुत्रं पापिष्ठं शशिवर्णसमाह्वयम् ॥ ३५ ॥
शिशुत्वेनाग्रहीद्विष्णो ब्रह्मविद्याबलेन तु ।
तस्यावलोकनादेव शशिवर्णस्य कानिचित् ॥ ३६ ॥
विनष्टानि च पापानि तत्परिग्रहकारणात् ।
कानिचित्कल्मषाण्यस्य सोऽपि नीरोगतां गतः ॥ ३७ ॥
पुनः काष्ठं तृणं तोयं शाकमूलफलानि च ।
दिने दिने समादाय गुरवे दत्तवान्मुदा ॥ ३८ ॥
तस्य गोरक्षणं चापि शशिवर्णः समाहितः ।
अकरोत्तेन पापानि[1] नष्टानि सुबहूनि च ॥ ३९ ॥
पुनस्तस्य च शुश्रूषां पादमर्दनमच्युत । तैलाभ्यङ्गं च वस्त्रादिशोधनं चाकरोन्मुदा ॥ ४० ॥

का निवेदन किया । वे भी योगिराज व परम करुणा वाले थे । उन्होंने अपने स्वरूप का स्मरण करते हुए शशिवर्ण पर दृष्टि डाली । उसे उन्होंने अपना बालक ही मान लिया ब्रह्मविद्या के प्रभाव से महानन्दपरायण की दृष्टि पड़ने पर शशिवर्ण के काफी पाप दूर हो गये । क्योंकि उन महात्मा ने उसे स्वीकार लिया था इसलिये उसके और भी कल्मष निवृत्त हो गये व वह नीरोग हो गया ॥ ३३–३७ ॥ तदनन्तर वह प्रतिदिन गुरुसेवा करने लगा । ईंधन तथा जल ले आता था । गायादि के लिये चारा ले आता था । साग, मूल, फल आदि उन योगी के लिये ले आया करता था ॥ ३८ ॥ गुरु की गाय की भी शशिवर्ण सेवा कर दिया करता था, बहुतेरे पाप उसीसे नष्ट हो गये ॥ ३९ ॥ अपने गुरु के पाँव दाब देना, तेल मालिश करना, वस्त्र धोना आदि सभी सेवा प्रेम से किया करता था ॥ ४० ॥ इस कारण उसके पूर्वकृत

१. ङ. °नि निष्ठासु च ब° ।

तेनैव हेतुनाऽप्यस्य शशिवर्णस्य केशव । महत्तराणि नष्टानि पापानि सुबहूनि च ॥ ४१ ॥

ततः प्रसन्नः सर्वज्ञो महायोगीश्वरेश्वरः ।
स्वभुक्तशेषं कारुण्याद्ददौ तस्मै प्रियेण सः ॥ ४२ ॥

तद्भुक्तशेषामृतपानशान्तसर्वाधतापो गुरुमादरेण ।
नत्वाऽथ शुश्रूषणमस्य शिष्यश्चक्रे सदाऽतीव महानुभावः ॥ ४३ ॥

ततः प्रसन्नो गुरुरस्य विद्वान्स्वशिष्यमेनं शशिवर्णसंज्ञम् ।
प्रनष्टपापं परिशुद्धचित्तं प्रगृह्य भूत्या सितयाऽस्य देहम् ॥ ४४ ॥

उद्धूल्य तस्मै प्रददौ महात्मा वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थम् ।
बुद्ध्वा हृषीकेश मम प्रसादाच्छिष्योऽपि मामात्मतयाऽपरोक्षम् ॥ ४५ ॥

मुक्तोऽभवत्तस्य पिताऽपि विष्णो श्रुत्वा बलेनैव मम प्रसादात् ।
शुश्रूषया तस्य विलक्षणस्य विद्यामवाप्याऽऽशु विमुक्तिमाप ॥ ४६ ॥

पितरस्तस्य परात्मविद्यया नरकादेव समुद्धृता हरे ।
कुलमप्यस्य पवित्रतां गतं पृथिवी पुण्यवती विशेषतः ॥ ४७ ॥

भुक्ता पुरा तेन महानुभावं चण्डालकन्याऽपि दिवं प्रविष्टा ।
नष्टा नरा भूधर नाकपृष्ठे विद्याबलेनास्य सुखं प्रयाताः ॥ ४८ ॥

महापाप भी समाप्त हो गये ॥ ४१ ॥ प्रसन्न हुए उन योगीश्वर ने उसे अपना भुक्तशिष्ट प्रसाद दिया ॥ ४२ ॥ गुरु के उस प्रसाद को खाने से उसके सारे पाप समाप्त हो गये । वह आदरपूर्वक उनकी सेवा में लगा रहा ॥ ४३ ॥ उसकी निष्ठा से वे विद्वान् योगी प्रसन्न हो गये । निष्पाप अत एव निर्मलचित्त हो चुके अपने उस शिष्य को ले उन्होंने श्वेत भस्म से उसके देह का उद्धूलन किया और वेदान्त का उपदेश दिया । मेरी कृपा से उस शशिवर्ण ने भी मुझे आत्मरूप से समझ लिया ॥ ४४–४५ ॥ ज्ञान-प्राप्ति से वह मुक्त हो गया । उसके पिता ने भी महानन्दपरायण की सेवा करते हुए श्रवणादि कर मेरी कृपा से आत्मसाक्षात्कार किया और मुक्त हुआ ॥ ४६ ॥ उसके पितरों का नरक से उद्धार हो गया । उनका कुल पवित्र हो गया । सारी भूमि ही पुण्यवती हो गयी ॥ ४७ ॥ जिस चाण्डालकन्या को शशिवर्ण ने पहले अपना रखा था वह भी स्वर्ग पा गयी और जिन्हे इसने मार डाला था वे भी विद्या के प्रभाव से सुखपूर्वक स्वर्ग में स्थित हुए ॥ ४८ ॥

शृणुष्व चान्यत्परया मुदा हरे तवाहमद्याभिवदामि सद्गुरोः ।
विलक्षणस्याऽऽत्मविदो महात्मनः शरीरशुश्रूषणजं महाफलम् ॥ ४९ ॥
पुरा महापापबलात्पुरातनान्निहत्य वेश्या सुभगाभिधा पतीन् ।
धनानि तेषामभिवाञ्छया सदा हरे समादाय सुहृज्जनैरपि ॥ ५० ॥
स्वदासवर्गैः सह पुत्रकैः स्वकैस्तथाऽम्बया भुक्तवती महासुखम् ।
पिशाचिकाभिः परिपीडिता पुनः सदा महाव्याधिभिरप्यतीव सा ॥ ५१ ॥
निद्राऽपि नाभूत्पुरुषोत्तमास्याः कष्टां दशामाप सह स्वकीयैः ॥
तस्या गृहं चक्रधरातिविद्वान्क्षुत्पीडितो विवशः संप्रपेदे ॥ ५२ ॥
अनेकजन्मार्जितपुण्यकर्मणा विलक्षणं ब्रह्मविदं गृहागतम् ।
विलोक्य सा भूमितले समाहिता प्रणम्य तत्पादसरोरुहद्वयम् ॥ ५३ ॥
स्वान्तर्गृहे शीतलगन्धतोयैः प्रक्षाल्य पादोदकमादरेण ।
आदाय पीत्वा सुभगा विमुक्ता पिशाचिकाभिश्च समस्तरोगैः ॥ ५४ ॥
ततः[1] प्रशान्तं सुभगाऽतिविस्मिता महानुभावं परमार्थवेदिनम् ।
अपूपशाल्योदनपूर्वकैर्वरैः सुभोजितं चन्दनकुङ्कुमादिभिः ॥ ५५ ॥

प्रशान्तं दृष्ट्वा । अतः 'शमोऽदर्शने'[2] इति दर्शनपर्युदासान्न मित्त्वम् ॥ ५५-६८ ॥

हे हरि ! आत्मवेत्ता की सेवा का फल बताने वाली एक और कथा सुनो—॥ ४९ ॥ प्राचीन काल में एक सुभगा नाम की स्त्री थी । पूर्व पाप संस्कारों से उसने अपने जीवन में वेश्यावृत्ति अपनायी । वह अपने पतियों को मारकर उनका सारा धन ले लेती थी । यों प्रभूत धनवती हो वह अपने कुटुम्ब समेत महान् सुखों को भोगती हुई रहा करती थी । कालक्रम से कदाचित् वह पिशाचिका आदि द्वारा पीडित हुई । उसे अनेक दुःसाध्य रोग भी हो गये ॥ ५०—५१ ॥ उसकी नींद उड़ गयी । वह बड़ा कष्ट पा रहा था और उसके परिवार वाले भी बहुत परेशान थे । एक बार एक अत्यन्त विद्वान् ब्रह्मवेत्ता भूख से पीडित हो भिक्षार्थ उसके घर आये ॥ ५२ ॥ अनेक जन्मो में इकट्ठे किये पुण्य के फलस्वरूप घर आये ब्रह्मज्ञानी को देखकर उसने श्रद्धा से उनके चरणों में प्रणाम किया ॥ ५३ ॥ उसने उनके चरण धोये और चरणामृत पिया जिससे वह पिशाचिका आदि सब रोगों से छूट गयी ॥ ५४ ॥ फिर उन महानुभाव को मालपुए व उत्तम भात आदि से तृप्त किया । चंदन, वस्त्र, पुष्प आदि से उनकी पूजा की । उन्हे

---

१. क. °तः प्रपश्यत्सुभ° । २. 'शमो दर्शने'—इति गणसूत्रं । 'न कम्यमिचमाम्' इत्यतो नञनुवृत्तिः । ततः फलितमिहोक्तम् 'अदर्शन' इति । शाम्यतिर्दर्शनार्थश्चेत् न मित् स्यादित्यर्थः । तेन ह्रस्वत्वादिर्न । रूपं निशामयति रूपं पश्यतीत्यर्थः ।

वस्त्रैः सुसूक्ष्मैश्च सुगन्धपुष्पैस्ताम्बूलवल्लीदलपूर्वकैश्च ।

आराध्य भक्त्या सह सुप्रसन्ना तं प्रार्थयामास परात्मनिष्ठम् ॥ ५६ ॥

त्वद्दर्शनेनैव समस्तरोगतो विमुक्तदेहाऽहमतीव निर्मला ।

अतश्च मामामरणादतिप्रभो सुभुङ्क्ष्व दास्यं करवाणि ते सदा ॥ ५७ ॥

इत्येवं प्रार्थितः सम्यक्तया प्रीतो जनार्दन[1] ।

प्रारब्धकर्मणा नीतस्तथा चक्रे मतिं बुधः ॥ ५८ ॥

साऽपि नित्यं महाविष्णो श्रद्धया परया सह ।

अतीव पूजयामास स्वात्मना च धनेन च ॥ ५९ ॥

वत्सराणां त्रयं पूजां कृत्वा तस्य महात्मनः ।

सुभगा सा तथा ज्ञानं लब्ध्वा मुक्ताऽभवद्धरे ॥ ६० ॥

तस्याः पुत्राश्च पौत्राश्च सुहृदो बन्धुबान्धवाः ।

दासवर्गाश्च माता च स्वर्गलोकं गता हरे ॥ ६१ ॥

बहवो ब्रह्मविद्वांसं समाराध्य यथाबलम् । तेन ब्रह्मात्मविज्ञानं वेदान्तार्थविमुक्तिदम् ॥ ६२ ॥

अपरोक्षमवाप्याऽऽशु विमुक्ता भवबन्धनात् ।

यत्र नित्यं वसेज्ज्ञानी तत्राहं सर्वदा स्थितः ॥ ६३ ॥

ताम्बूल का बीड़ा अर्पित किया । तदनंतर उन परमात्मनिष्ठ से उसने प्रार्थना की-॥५४-५६ ॥ हे प्रभो ! आपके दर्शन से मैं सब रोगों से रहित हो स्वस्थ और शुद्ध मन वाली हो गयी हूँ । अतः मेरे मरणपर्यन्त आप यहीं रहें, मैं आपकी सेवा करना चाहती हूँ ॥ ५७ ॥ उस विद्वान् ने भी प्रारब्धवश उसकी प्रार्थना स्वीकार ली ॥ ५८ ॥ उसने भी खुद व धनव्यय द्वारा उनकी प्रतिदिन सेवा की ॥ ५९ ॥ तीन साल यों भक्तिपूर्वक उनकी सेवा शुश्रूषा करने से वह ज्ञान पाकर मुक्त हो गयी ॥ ६० ॥ उसके पुत्र, पौत्र, मित्र, बन्धु, बांधव, दास तथा उसकी माता, सभी ने स्वर्ग पाया ॥ ६१ ॥

और भी अनेकों ने यथाशक्ति ब्रह्मवेत्ता की सेवा से अपरोक्ष ब्रह्मानुभव पाकर मोक्ष प्राप्त किया है ॥ ६२१/२ ॥ जहाँ ज्ञानी नित्य रहता है वहाँ मैं सर्वदा स्थित रहता हूँ ॥ ६३ ॥ जहाँ महेश्वर-विज्ञानी

---

१. क. °न । आर° । २. ङ. पूजा कृता त° ।

सुदूरमपि गन्तव्यं यत्र माहेश्वरो जनः । प्रयत्नेनापि द्रष्टव्यस्तत्राहं सर्वदा स्थितः ॥ ६४ ॥

निमेषं वा तदर्धं वा यत्र ज्ञानी हरे स्थितः ॥
तत्र तीर्थानि सर्वाणि तिष्ठन्त्येव न संशयः ॥ ६५ ॥
योऽनिष्टं ब्रह्मनिष्ठस्य करोत्यज्ञानतोऽपि वा ।
विमूढः स ममानिष्टं करोत्येव न संशयः ॥ ६६ ॥
अम्बिकायाः प्रियोऽत्यर्थं मम ज्ञानी सदा हरे ।
बहिष्ठाः[1] सर्वदा सर्वे ज्ञानी त्वात्मैव मे सदा ॥ ६७ ॥
आत्मनिष्ठं च मां विष्णो विभिन्नं प्रवदन्ति ये ।
ते मूढा एव मनुजा नात्र कार्या विचारणा ॥ ६८ ॥

तस्मादात्मविदः सर्वैः पूजनीया विशेषतः । वेदवेदान्तवाक्यानां मयाऽर्थः संग्रहेण ते ।
कथितः सारभूतोऽयं[2] शेषोऽन्यो ग्रन्थविस्तरः ॥ ६९ ॥
शास्त्राण्यधीत्य मेधावी गुरोरभ्यस्य तान्यपि ।
पलालमिव धान्यार्थी त्यजेद् ग्रन्थमशेषतः ॥ ७० ॥

तस्मादात्मविद इति । श्रूयते हि 'यं यं लोकं मनसा संविभाति विशुद्धसत्त्वः कामयते यांश्च कामान् । तं तं लोकं जयते तांश्च कामांस्तस्मादात्मज्ञं ह्यर्चयेद् भूतिकामः' इति ॥ ६९-७० ॥

रहता हो, वह स्थान दूर भी हो तो भी उसके दर्शन के लिये वहाँ जाना चाहिये । मैं तो वहाँ हमेशा रहता हूँ ॥ ६४ ॥ हे हरि ! ज्ञानी जिस जगह निमेष भर या आधा निमेष भी रह जाये उस जगह सभी तीर्थ एकत्र हो जाते हैं ॥ ६५ ॥ जो मूर्ख चाहे अज्ञानवश ही ब्रह्मनिष्ठ के प्रति अनिष्ट का आचरण करता है वह मेरा ही अनिष्ट किया चाहता है इसमें संदेह नहीं ॥ ६६ ॥ मेरी वास्तविकता का जानकार अम्बिका को अत्यन्त प्रिय है । अन्य सब मुझसे बहुत दूर स्थित हैं जबकि ज्ञानी तो मेरा स्वरूप ही है ॥ ६७ ॥ जो अविवेकीजन ज्ञानी और मुझे विभिन्न बताते हैं वे परममूर्ख हैं इसमें सन्देह नहीं ॥ ६८ ॥ (यद्यपि सभी जीव भगवत्स्वरूप हैं, केवल ज्ञानी ही नहीं तथापि वह इसे जानता है अतः ज्ञानश्रेष्ठता द्योतित करने के लिये ऐसा कहा है ।) इसलिये सभी लोगों द्वारा आत्मवेत्ताओं की पूजा की जानी चाहिये । (इह लोक, परलोक व मोक्ष तीनों के प्रार्थी आत्मवेत्ता की कृपा से स्वेष्टसिद्धि पा लेते हैं, अतः सभी को उसकी सेवा करने के लिये कहा है ।)

---

१. ङ. वरिष्ठाः । २. निर्विशेषात्मैव शास्त्रस्य सारभूतोर्थः । बभाषेहि भाष्यकृत् 'सर्वकल्पनाऽपनयनार्थसारपरत्वात्सर्वोपनिषदाम्' (बृ. २.१.२०) । वार्तिकाचार्योपि 'संसारानर्थनाशो हि विद्यायाः प्रार्थ्यते फलम्' (बृ. १.४.१७४४) इति । मधुसूदनसरस्वती च 'एतावान् हि सर्वेषां शास्त्राणां रहस्यभूतोर्थो यद्विषयाकारतानिराकरणपूर्वकं भगवदाकारतासम्पादनम्' (भ. र. १.३१) ।

यावानर्थ उदपाने सर्वतः संप्लुतोदके । तावान्सर्वेषु वेदेषु ब्राह्मणस्य विजानतः ॥ ७१ ॥

दुर्लभं प्राप्य मानुष्यं तत्रापि ब्रह्मविग्रहम् ।

[1]ब्राह्मण्यं च तथा विष्णो वेदान्तश्रवणादिना ॥ ७२ ॥

अतिवर्णाश्रमं रूपं सच्चिदानन्दमद्वयम्[2] ।

यो न जानाति सोऽविद्वान्कदा मुक्तो भविष्यति ॥ ७३ ॥

यदा चर्मवदाकाशं वेष्टयिष्यन्ति मानवाः ।

तदाऽविज्ञाय च शिवं दुःखस्यान्तो भविष्यति ॥ ७४ ॥

यावानर्थ इति । सर्वस्मिन्भूमण्डले जलप्लुते सति पिपासोरु**दपाने** कूपे यथा न किंचित्प्रयोजनमेवं तत्त्वविदां वेदैस्तत्प्रतिपादितकर्मभिर्वा न किंचित्प्रयोजनमित्यर्थः ॥ ७१ ॥ विद्यैव श्रेयसी चेत्किमिति वेदैः कर्माणि प्रपञ्चेन प्रतिपादितानि । तेषामप्यर्थवत्त्वे वा कथं वैफल्यवचनमित्याशङ्क्य 'तिलतैलमेव मिष्टं येन न दृष्टं घृतं क्वापि' इति न्यायेन विद्यानधिकृतानां सांसारिकसुखाय तात्कालिकदुःखपरिहाराय च कर्माणि कथितानि । अधिकृतस्य तु परमपुरुषार्थसाधनतया विद्यैव श्रेयसीत्याह— **दुर्लभं प्राप्येति** । 'भूतानां प्राणिनः श्रेष्ठाः प्राणिनां बुद्धिजीविनः । बुद्धिमत्सु नराः श्रेष्ठा नरेषु ब्राह्मणादयः' ॥ इत्युक्तदृशा मनुष्यत्वमेव तावद् दुर्लभम् । तत्रापि **ब्रह्मविग्रहमिति** । ब्रह्म वेदः, तदर्हविग्रहं त्रैवर्णिकत्वं **प्राप्ये**त्यर्थः । वेदान्तश्रवणादिना **ब्राह्मण्यं** ब्रह्मनिष्ठताम् । 'मौनं चामौनं च निर्विद्याथ ब्राह्मणः' इति ब्रह्मनिष्ठता ब्राह्मण्यपदार्थत्वेन श्रुता ॥ ७२ ॥ ७३ ॥ ज्ञानव्यतिरेकेण कर्मकोटिभिरपि मुक्तेरभावमाह—**यदेति** । **अविज्ञायेति**च्छेदः ॥ ७४ ॥

वेद-वेदान्त वाक्यों का तात्पर्य मैंने संक्षेप में बता दिया । यही सारभूत अर्थ है, बाकी तो केवल इसे समझाने के लिये ग्रंथों का विस्तार है ॥ ६९ ॥ गुरु से शास्त्रों का अध्ययन और उनका मननपूर्वक तात्पर्य निर्धारण कर मेधावी को चाहिये कि सार भाग में—अद्वैत तत्त्व में—स्थित रहे, अन्य बातें वैसे ही छोड़ दे जैसे चावल चाहने वाला पुआल छोड़ देता है ॥ ७० ॥ जब सब ओर पानी ही पानी हो तो जैसे कुएँ आदि का कोई महत्त्व नहीं रह जाता वैसे ही जब ब्राह्मण परमात्मविज्ञाता हो जाता है तो उसके लिये वेद का कोई प्रयोजन नहीं रह जाता ॥ ७१ ॥ जो जीव दुर्लभ मनुष्य योनि, उसमें भी ब्राह्मण शरीर और शमादिशीलता पाकर वेदान्त के श्रवणादिद्वारा वर्णाश्रम से अतीत अपने सच्चिदानन्द अद्वयस्वरूप को नहीं जानता, वह नासमझ न जाने कब मुक्त होगा ? ॥ ७२–७३ ॥ जब मनुष्य आकाश को मृगादिचर्म की तरह लपेट सकेगा तभी शिव को बिना जाने दुःखों की आत्यन्तिक निवृत्ति हो सकेगी । (आकाश लपेटने के समान असंभव है शिवात्मज्ञान के बिना मोक्ष, यह भाव है ।) ॥ ७४ ॥ अत्यन्त पुण्यशाली लोगों को अनेक जन्मों के बाद मेरी कृपा से महावाक्य का सम्यग्ज्ञान होता है ॥ ७५ ॥ जिस शरीर

१. ब्राह्मणदेहं प्राप्य ब्राह्मण्यं मुख्यब्राह्मणत्वं न जानाति नाप्नोतीति सम्बन्धः । यद्वा ब्राह्मण्यं प्राप्य ब्रह्मोपदेशकानां समूहमपि लब्ध्वेत्यर्थः । यद्वा ब्राह्मण्यं ब्राह्मणोचितान् शमादीनित्यर्थः । २. ख. °मव्ययम्° ।

बहूनां[1] जन्मनामन्ते महापुण्यवतां नृणाम् । प्रसादादेव मे वाक्याज्ज्ञानं सम्यग्विजायते ॥ ७५ ॥

यस्मिन्देहे दृढं ज्ञानमपरोक्षं विजायते । तद्देहनाशपर्यन्तमेव संसारदर्शनम् ॥ ७६ ॥

पुराऽपि नास्ति संसारदर्शनं परमार्थतः । कथं तद्दर्शनं देहविनाशादूर्ध्वमच्युत ॥ ७७ ॥

तस्माद्ब्रह्मात्मविज्ञानं दृढं चरमविग्रहे । जायते मुक्तिदं शुद्धं प्रसादादेव मेऽच्युत ॥ ७८ ॥

सूत उवाच—इत्येवमुक्त्वा परमेश्वरो हरस्त्रयीमयोऽभीष्टफलप्रदो नृणाम् ।

त्रिलोचनोऽम्बासहितः कृपाकरो न किंचिदप्याह पुनर्द्विजोत्तमाः ॥ ७९ ॥

निशम्य वेदार्थमशेषमच्युतः प्रणम्य शंभुं शशिशेखरं हरम् ॥

प्रगृह्य पादाम्बुजमास्तिको हरिः स्वमूर्ध्नि विन्यस्य करद्वयेन सः ॥ ८० ॥

अतिप्रसादेन शिवस्य केशवः समस्तसंसारविवर्जितोऽभवत् ।

प्रनृत्य देवोऽपि मुकुन्दसंनिधौ पुनः सुरेन्द्रैरखिलैः समावृतः ॥ ८१ ॥

विद्यानधिकृतानामपि निष्कामाणां विद्यावाप्तिद्वारा कर्म कारणमस्तीत्या—**बहूनामि**ति ॥ ७५ ॥ नन्वज्ञानी विद्यामुपदेष्टुं न शक्नोति । ज्ञानी तु मुक्तः सन्दृश्यमात्रं न पश्यति किमुत शिष्यादीन् । तत्कथं विद्यासंप्रदायप्रवृत्तिः । ज्ञानिनोऽपि वा संसारदर्शने केनेदानीं मुक्तिरित्यत आह—**यस्मिन्देह** इति । विद्वद्देहारम्भकव्यतिरिक्तकर्मणामेव हि विद्यया निवृत्तिः । आरम्भकाणां तु विदुषो जीवन्मुक्तस्य देहाभासजगदवभासौ जनयतामास्थाविरहिणा भोगाभासेनैव निवृत्तिः । उक्तं हि व्यासेन—'. अनारब्धकार्ये एव तु पूर्वे तदवधेः' इति । 'भोगेन त्वितरे क्षपयित्वा संपद्यते' इति च । श्रूयते च—'तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्ये, अथ संपत्स्ये' इति । अतो जीवन्मुक्तोऽतिवर्णाश्रमी विद्यासंप्रदायप्रवर्तक इत्यर्थः ॥ ७६ ॥ देहनाशानन्तरं संसारादर्शने कैमुतिकन्यायमाह—**पुराऽपी**ति । पुरा विभ्रममात्रेण दर्शनं पश्चात्तु तदपि नास्तीत्यर्थः ॥ ७७ ॥ ७८ ॥ **नकिंचिदि**ति । वक्तव्यस्य परिपूर्णत्वाद्वक्तव्यान्तराभावाच्च ॥ ७९-८४ ॥

इति श्रीसूतसंहितातात्पर्यदीपिकायां मुक्तिखण्डे गुरूपसदन-शुश्रूषामहिमकथनं नाम सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

में रहते हुए दृढ अपरोक्ष ज्ञान हो जाता है, उस देह के नष्ट होने तक ही संसार का दर्शन होता है। वस्तुतः तो पहले भी संसारदर्शन था नहीं अतः देहनाश के बाद उसके होने की संभावना नहीं ॥ ७६॥ अतः अंतिम शरीर में ही मोक्षदायक, अतिशुद्ध दृढ ब्रह्मात्मानुभव मेरी कृपा से उत्पन्न होता है ॥ ७८ ॥ (अन्य अनेक दुर्ज्ञेय विषयों के साथ जीवन्मुक्ति भी समझ पाना अज्ञानावस्था में कठिन है । वस्तुतः यह श्रुति और अनुभव से ही सिद्ध है, उसे समझाने के लिये युक्ति का प्रयोग भी किया जाता है अवश्य, पर यह अवस्था युक्तिगम्य है नहीं । सर्वज्ञगुरु ने इसीलिये कह दिया है 'तस्मिन्नर्थे स्वानुभूतिः प्रमाणम्'

---

१. अनादिप्रवाहपतितानामनेकजन्मनामन्ते वार्तमानिके देहइत्यर्थः । सर्वोहि लब्धं देहमाश्रित्य मोक्षाय यतितुं शक्नोति ततश्च जातमुमुक्षस्यैव देहोन्त्यो ज्ञेयः । यद्वा मुमुक्षोत्पत्तेरनन्तरं बहूनां जन्मनामन्त इत्यर्थः । अत्र केचित्कपिञ्जलाधिकरणन्यायेन त्रयाणामेव जन्मनां संभवमाचक्षते । वयन्तु तथात्वे बहुपदवैयर्थ्यं पश्यन्तोऽनियमे तात्पर्यं मन्महे केचिज्जन्मान्तरे केचिच्चात्र जन्मनि सम्यग्विज्ञानफलं प्रसादं लभन्तइति ।

पुण्डरीकपुरमाप शंकरस्तत्र सर्वगणनायकैः पुनः ।

पुष्पराशिभिरहर्निशं मुदा पूजितश्च भगवान्सभापतिः ॥ ८२ ॥

एवं सूतवचः श्रुत्वा मुनयो वेदवित्तमाः ।

प्रणम्य सूतं सर्वज्ञं सर्वदा करुणाकरम् ॥ ८३ ॥

तस्य शुश्रूषणे नित्यं मतिं चक्रुः समाहिताः ॥ ८४ ॥

इति श्रीस्कन्दपुराणे सूतसंहितायां मुक्तिखण्डे गुरूपसदनशुश्रूषामहिमकथनं नाम सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

(सं. शा. ४.४३) । सिद्धिकार ने भी 'तच्च जीवन्मुक्तानां स्वानुभवसिद्धम्' कहा है । चन्द्रिका में भी 'अज्ञाननिवृत्तज्ञानस्यैवानुभवात्' (बंबई पृ.८९२)–यह कहा है । अविद्यानिवृत्ति नैयायिकसंमत ध्वंस की तरह उपादानरहित है और शुद्धात्मा पर ही आश्रित है, जैसे अविद्या । अतः जैसे अविद्या को आत्मा पर आश्रित रहने के लिये अविद्यान्तरादि नहीं चाहिये वैसे अविद्यानिवृत्ति को भी आत्मा में रहने के लिये अविद्या आदि नहीं चाहिये । जैसे न्यायमतानुसार नष्ट होता हुआ घट क्षण भर तक अपने समवायी कारण के बिना भी रह जाता है वैसे ही मुक्त का शरीरादि अपने समवायी कारण अविद्या के बिना ही रह जाता है । प्रतिबंधकाभावसहकृत अविद्यानाश शरीरादि-निवृत्ति का हेतु है । प्रतिबंधक है भुज्यमान कर्म । जब तक वे समाप्त नहीं होते तब तक विशेषणाभावप्रयुक्त विशिष्टाभाव होने से अविद्या न रहने पर भी देहादि का रहना युक्तिसंगत है– इत्यादि उपपत्तियाँ भी आचार्यों ने दी ही हैं ।)

सूत जी बोले–हे द्विजोत्तमो ! इतना कहकर साम्ब सदाशिव चुप हो गये । वे वेदात्मक हैं, परमेश्वर हैं, त्रिनेत्रधारी हैं, कृपालु हैं व लोगों को अभीष्ट प्रदान करने वाले हैं ॥ ७९ ॥ श्रीहरि ने भी सारा वेदान्तोपदेश सुनकर उन्हें प्रणाम किया और उनके चरणों को अपने हाथ से पकड़कर अपने माथे पर रखा ॥ ८० ॥ शिव की अतिशय कृपा से केशव सर्वथा संसारातीत हो गये । महादेव भी प्रसन्नतावश मुकुन्द व अन्य देवताओं के मध्य नृत्य कर पुण्डरीकपुर को लौट आये जहाँ गणनाथों द्वारा वे प्रतिदिन पुष्पादि से पूजे जाते हैं ॥ ८१–८२ ॥

सूतजी के ये वचन सुन कर मुनियों ने सर्वदा करुणापूर्ण रहने वाले सर्वज्ञ सूतजी को प्रणाम किया और उनकी हमेशा सेवा करने का निश्चय किया ॥ ८३–८४ ॥

अष्टमोऽध्यायः

मुनय ऊचुः– एवं महेश्वराज्ज्ञानं लब्ध्वा विष्णुः सनातनः ।
ततः किमकरोद्विद्वान्वद कारुण्यविग्रह ॥ १ ॥
सूत उवाच– शृणुध्वं तत्प्रवक्ष्यामि मुनयः संशितव्रताः ।
महादेवं नमस्कृत्य विष्णुर्व्याघ्रपुरं गतः ॥ २ ॥
लौकिकैर्वैदिकैः स्तोत्रैः स्तुत्वाऽनुज्ञामवाप्य च । आरुह्य गरुडं विप्रा अमरैरखिलैर्हरिः ॥ ३ ॥
स्तूयमानो महाविष्णुर्हृष्टो वैकुण्ठमाप सः । ततस्तं सर्वलोकेशं शङ्खचक्रगदाधरम् ॥ ४ ॥
श्रीपतिं भूपतिं विप्राः सुरा ब्रह्मपुरोगमाः । प्रणम्य दण्डवद्भूमौ भक्त्या परमया सह ॥ ५ ॥
कृताञ्जलिपुटा भूत्वा पप्रच्छुः पङ्कजेक्षणम् ।
देवा ऊचुः– ●भगवन्नीश्वरात्सर्वं भवता श्रुतमच्युत ॥ ६ ॥
तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामो ब्रूहि नः संग्रहेण तत् ।
विष्णुरुवाच– भवद्भिर्यच्छ्रुतं[१] देवास्तद्धितं सर्वदेहिनाम् ॥ ७ ॥
तथाऽपि नाहं वक्ष्यामि शिव एव प्रवक्ष्यति ।
भवन्तः श्रद्धया सार्धं पुण्डरीकपुराभिधम्[२] ॥ ८ ॥

तथा लब्धुं शक्याया अपि विधाया देशिकविशेषनिबन्धनं क्षेत्रविशेषनिबन्धनं चोत्कर्षातिशयं वर्णयितुं पुण्डरीकपुरवासिनं शिवं प्रति जिज्ञासूनां देवानां विष्णुना प्रस्थापनं विवक्षुस्तदर्थं मुनीनां प्रश्नमवतारयति–मुनय ऊचुरिति । एवं महेश्वरादिति ॥ १-८ ॥

देवोपदेश-कथन नामक आठवा अध्याय

मुनियों ने निवेदन किया–हे करुणामूर्ति रोमहर्षण जी ! पूर्वोक्त प्रकार से महेश्वर से आत्मज्ञान पाकर विद्वान् सनातन विष्णु ने क्या किया, यह बताइये ॥ १ ॥

सूत जी बोले–हे सूक्ष्मतम आत्मतत्त्व की प्राप्ति के लिये कृतनिश्चय मुनियो ! विष्णु ने महादेव को प्रणाम कर व्याघ्रपुर की ओर प्रस्थान किया ॥ २ ॥ वहाँ भगवान् की श्रौत व लौकिक स्तोत्रों से स्तुति की और उनकी अनुमति ले गरुड पर चढ़कर सब देवताओं से प्रशंसित होते हुए प्रसन्नता से वैकुण्ठ को चले गये । ब्रह्मा आदि सब देवता वहाँ उन शंख-चक्र-गदाधारी, श्रीदेवी व भूदेवी के पति सर्वलोकेश विष्णु के पास पहुँचे और परम भक्ति से उन्हे प्रणाम कर अंजलि बाँधकर उन कमलनयन से पूछने लगे–॥ ३–५½ ॥ देवता बोले–हे अच्युत ! हे भगवान् ! आपने परमेश्वर से सारा श्रोतव्य सुन लिया है । हम

● अयं श्लोकः (क) पुस्तके नास्ति । १ शुश्रूषितमित्यर्थः । २ ङ. °राधिपम्° ।

स्वराट्संज्ञस्य देवस्य हत्सरोरुहमध्यगम् ।
दिने दिनेऽथवा पक्षे पक्षे वा मासि मासि वा ॥ ९ ॥
षण्मासान्तेषु वाऽब्दान्तेष्वाशरीरविमोक्षणात् ।
दृश्यते प्राणिना येन श्रद्धया तस्य मुक्तिदम् ॥ १० ॥
अचिरात्सर्वपापघ्नं भोगदं भोगकामिनाम् ।
उपेत्य सुमहत्तीर्थं तपः कृत्वा सुदुश्चरम् ॥ ११ ॥
श्रीमत्पञ्चाक्षरं मन्त्रं सतारं सर्वसिद्धिदम् ।
सर्वमन्त्रवरं नित्यं शतरुद्रीयमध्यगम् ॥ १२ ॥

स्वराट्संज्ञस्येति । शिवो हि पञ्चीकृतभूतकार्यसमष्टिरूपस्थूलशरीरमभिमन्यमानो विराट् । तद्व्यापकमपञ्चीकृतभूतकार्यसमष्टिरूपं सप्तदशकं लिङ्गशरीरमभिमन्यमानः **स्वराट्** । उभयकार[1]णमव्याकृतमभिमन्यमानः सम्राडिति प्रथमखण्ड एकादशाध्याये वर्णितम् । तत्र स्वराट्संज्ञस्य **देवस्य हत्सरोरुहं** हृदयपुण्डरीकं तन्मध्ये वर्तमानं पुरं पुण्डरीकपुरम् । 'हृदयमिति तस्माद्धृदयमिति हृदि ह्येष आत्मा । अथ यदिदमस्मिन्ब्रह्मपुरे दहरं पुण्डरीकं वेश्म' 'ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति' इति श्रुतिस्मृतिपर्यालोचनया यस्मिन्नेव शरीरप्रदेशे शिवो नित्यं विशेषतः संनिहितः स एव प्रदेशो हृत्पुण्डरीकम् । व्यापकस्य च स्वराट्शरीरस्य मध्ये व्याघ्रपुरे शिवो नित्यं संनिहित इति तदेव स्वराजो हत्सरोरुहं तन्मध्यगतमित्यर्थः ॥ ९-१७ ॥

उस उपदेश को सुनना चाहते हैं । कृपया संक्षेप से हमें सुनाइये ॥ ६½ ॥ विष्णु ने कहा—हे देवो ! आपने जो यह सुना है कि मैंने परमेश्वर से ज्ञान पाया है यह आपका सुनना सारे संसार के हित का कारण है (क्योंकि उसी से प्रेरित हो आप जिज्ञासा कर रहे हैं जिसकी उपशान्ति के लिये आपको भगवान् द्वारा संक्षेप में सारा रहस्य बताया जायेगा जिससे सभी उपकृत होंगे) । फिर भी मैं उसे नहीं बताऊँगा, स्वयं शिव ही बतायेंगे । (सर्वश्रेष्ठ गुरु के उपलब्ध रहते अन्य से विद्या ग्रहण करना श्रेयस्कर नहीं । किंच समस्त श्रुतियों का सारसंग्रह महादेव ने सुनाया था, अब आप उसका भी सार जानना चाहते हैं ॥ यों संक्षेप करने पर कहीं कोई आवश्यक बात न छूट जाये इसलिये महादेव के पास ही जाना चाहिये जो सारस्वरूप होने से आवश्यक का परित्याग नहीं कर पायेंगे । यद्यपि शिवोपदेश से विद्वान् हो चुके विष्णु शिव ही हैं तथापि यह स्पष्ट करने के लिये कि हर ज्ञानी उपदेशादि में रुचि रखे, आवश्यक नहीं, उन्होंने देवताओं को अन्यत्र भेज दिया ।) ॥ ७½ ॥ आप लोग स्वराट् नामक महादेव के हृदयकमल के मध्य स्थित पुण्डरीकपुर को जाइये । (समष्टिसूक्ष्माभिमानी शिव स्वराट् कहे जाते हैं । पुण्डरीकपुर उनके हृदयस्थानीय है । जैसे अध्यात्म में हृदय में शिव अवस्थित हैं वैसे बाहर वे पुण्डरीकपुर में रहते हैं ।

---

१. घ. °रण मायाकृ° ।

जपित्वा लक्षमेकं वा श्रीमदभ्रसभापतिम् ।

दृष्ट्वा पञ्चाक्षरेणैव सतारेणाऽऽस्तिकाः सुराः ॥ १३ ॥

पूजयध्वं महादेवं युष्माकं करुणाकरः ।

अम्बिकापतिरानन्दमहाताण्डवपण्डितः[1] ॥ १४ ॥

सर्वाधारवटच्छायानिषण्णो[2] भूतिभूषणः ।

सोमार्धशेखरः सोमः सोमसूर्याग्निलोचनः ॥ १५ ॥

कपर्दी कालकण्ठश्रीर्वेदयज्ञोपवीतवान् ।

गङ्गाधरः सुप्रसन्नः सुस्मितो नागभूषणः ॥ १६ ॥

दीर्घबाहुर्विशालाक्षस्तुन्दबन्धविराजितः ।

हारकेयूरकटकनूपुरादिविभूषितः ॥ १७ ॥

जीवीय हृदय भी स्थूलाश्रित रहता है अतः समष्टि हृदय का भी स्थूल स्थल आश्रय है ।) जो व्यक्ति प्रतिदिन, प्रतिपक्ष, प्रतिमास, प्रति-अयन या प्रतिवर्ष भी जीवन भर श्रद्धा से उस पुर का दर्शन करता है उसे मोक्ष प्राप्त होता है ॥ ८–१० ॥ वह सब पापों को शीघ्र नष्ट करता है । भोग चाहने वालों को वहाँ से भोग मिल जाता है । उस महान् तीर्थ पर पहुँच कर उग्र तप कीजिये ॥ ११ ॥ शतरुद्रीय के मध्य आने वाले पंचाक्षर मंत्र का प्रणवयुक्त कर जप कीजिये । सब सिद्धियाँ देने वाला वही सर्वश्रेष्ठ मंत्र है ॥ १२ ॥ उसका एक लाख बार जप कर दभ्रसभापति (पुण्डरीकपुरस्थ नटराज शिव) का दर्शन करिये और प्रणवयुक्त पंचाक्षर से उनकी पूजा कीजिये । वे आप पर करुणा करने वाले हैं ॥ १३½ ॥ वे ही ब्रह्मविद्यास्वरूपिणी अम्बिका के पति हैं । श्रेष्ठ आनन्दताण्डव में वे ही कुशल हैं । (आनंद, संहार, चतुर, ऊर्ध्व आदि भेद से ताण्डव नाना प्रकार के हैं । प्रसिद्ध नटराज मूर्ति आनन्दताण्डव का प्रस्तुतिकरण है । मदुरै में ऊर्ध्वताण्डव की सुंदर मूर्ति है । ऐसे अन्य तांडवविग्रह तत्र तत्र देखने चाहिये ।) सब को धारण करने वाले वट की छाया में वे बैठते हैं । भस्म से विभूषित हैं । उमा सहित वे चन्द्रकलारूप शिरोमणि धारण किये हैं । चन्द्र, सूर्य व अग्नि उनके नेत्र हैं । जटाधारी हैं, काला कण्ठ उनकी शोभा है । वेदरूप यज्ञोपवीत पहने हैं । सुप्रसन्न सुस्मित भगवान् ने मस्तक पर गंगा को रख छोड़ा है तथा नागों को अलंकार बनाया है । शंकर आजानुबाहु हैं, विशाल नेत्रों वाले हैं तथा कमर में रत्नमयी मेखला से सुशोभित हैं । माला, बाजूबंध, कड़े, नूपुर आदि नाना आभरण उन पर शोभित होते हैं ॥ १४– १७ ॥ एक हाथ में उन्होंने अग्नि को

---

१. घ. °महत्ताण्डवमण्डि । २. मायोपहित इत्यर्थः ।

भस्माधारधरः[1] श्रीमानेककुण्डलमण्डितः[2] । पवित्रपाणिर्भगवान्पुण्डरीकत्वगम्बरः ॥ १८ ॥

क्वणत्किंकिणिसंयुक्तकलकाञ्चीविराजितः ।

सर्वाभरणसंयुक्तः सर्वलक्षणसंयुतः ॥ १९ ॥

गोक्षीरधवलाकारः कुन्देन्दुसदृशप्रभः ।

संसारभयभीतानामेकेनैवाभयप्रदः ॥ २० ॥

अन्येन पाणिना सर्वभक्तप्राणिपरिग्रहः ।

तदन्यकरसंलग्नसम्यग्डमरुकध्वनिः ॥ २१ ॥

वामभागोर्ध्वपाणिस्थमहादीप्तहुताशनः ।

कृपयैवाऽऽत्ममायोत्थघोरापस्मारसंस्थितः ॥ २२ ॥

स्वस्वरूपमहानन्दप्रकाशाप्रच्युतो हरः । प्रसन्नः सर्वविज्ञानमुपदेक्ष्यति स प्रभुः ॥ २३ ॥

सूत उवाच– पुण्डरीकपुरमापुरास्तिकाः श्रद्धयैव सह यत्र नृत्यति ।

अम्बिकापतिरशेषनायकश्चन्द्रमौलिरखिलामरा मुदा ॥ २४ ॥

पुण्डीरकत्वगम्बरो व्याघ्राजिनवसनः ॥ १८-२० ॥ सर्वान् भक्तान् प्राणिनोऽभिमतवरप्रदानेन परिगृह्णाति अनुगृह्णातीति सर्वभक्तप्राणिपरिग्रहः, पचाद्यच् ॥ २१ ॥ कृपयैवेति । स्वमाययोत्थितो यो घोरोऽपस्मारस्तं पादेनाक्रम्य वर्तत इति यत्तदपि तस्मिन् कृपयैव, पादस्पर्शेन स कृतार्थो भवतु – इत्येव हेतुनेत्यर्थः ॥ २२ ॥

धारण कर रखा है । अनन्तनाग उनको अलंकृत कर रहा है । एक हाथ में पवित्र (कुश) भी लिये हैं । बाघ की खाल उनका वस्त्र है ॥ १८ ॥ बजते हुए घुँघरूयुक्त करधनी भगवान् पहने हुए हैं । अन्य भी सभी श्रेष्ठ आभरण उन पर शोभायमान हैं तथा सब श्रेष्ठ लक्षणों वाला उनका शरीर है ॥ १९ ॥ गाय के दूध सा गोरा उनका रंग है जिसमें कन्दपुष्प या चंद्र की तरह चमक है । एक हाथ से वे संसारभय से डरे भक्तों को अभयमुद्रा से अभय प्रदान कर रहे हैं । दूसरा हाथ वरमुद्रा में है जिससे वे सभी भक्त प्राणियों पर अनुग्रह कर रहे हैं । तीसरे हाथ में डमरु है, उस हाथ में स्थित उत्तम डमरू की ध्वनि उनसे निकल कर फैल रही है ॥ २०–२१ ॥ ऊपर वाले बायें हाथ में प्रदीप्त अग्नि है । अपनी माया से उत्पन्न घोर अपस्मार पर उन्होंने कृपापूर्वक (यह जानकर कि मेरे पादस्पर्श से इसका कल्याण होगा) अपना चरण रखा हुआ है ॥ २२ ॥ भगवान् हर अपने स्वरूपभूत ज्ञानाऽभिन्न परमानन्द से कभी च्युत नहीं होते । वे महादेव आप पर प्रसन्न होकर सर्वात्मक परमतत्त्व के अनुभव को उत्पन्न करने वाला उपदेश देंगे ॥ २३ ॥

सूत जी बोले–विष्णु का निर्देश पाकर सब देवता श्रद्धापूर्वक पुण्डरीकपुर को गये जहाँ उमापति चंद्रमौलि प्रसन्न हो नृत्य किया करते हैं ॥ २४ ॥ वहाँ उन्होंने बहुत समय तक भस्मधारणादि नियमपूर्वक व्रत, दान

---

१. भस्माधारोऽग्निस्तत एव भस्मनः सम्भवात् । २. 'एककुण्डलोऽनन्त' इति हलायुधे । तत्र बलदेवनामत्वेऽपि तस्यानन्तावतारत्वादनन्त इह बोध्यः ।

ततः सुराश्चेरुरतीव सत्तमा विलक्षणा भूतिविभूषिताश्चिरम् ।

व्रतानि दानानि तपांसि चाऽऽदरान्मुनीश्वराः सर्वजगत्प्रिये रताः ॥ २५ ॥

पञ्चाक्षरं परममन्त्रमशेषवेदवेदान्तसारमतिशोभनमादरेण ।

जप्त्वा सुराः प्रणवसंयुतमम्बिकेशं दृष्ट्वा सभापतिमशेषगुरुं प्रणम्य ॥ २६ ॥

भक्त्याऽऽपूज्य महेश्वराख्यममलं मुक्तिप्रदं भक्तिदं

शक्त्या युक्तमतिप्रसन्नवदनं ब्रह्मेन्द्रपूर्वाः सुराः ।

नित्यानन्दनिरञ्जनामृतपरज्ञानानुभूत्या सदा

नृत्यन्तं परमेश्वरं पशुपतिं भक्त्यैकलभ्यं परम् ॥ २७ ॥

लौकिकेन वचसा मुनीश्वरा वैदिकेन वचसा च तुष्टुवुः ।

देवदेवमखिलार्तिहारिणं ब्रह्मवज्रधरपूर्वकाः सुराः ॥ २८ ॥

मुनीश्वरा महेश्वरः समस्तदेवनायकः सुरेश्वरान्निरीक्षणान्निरस्तपापपञ्जरान् ।

अनुग्रहेण शंकरः प्रगृह्य पार्वतीपतिः समस्तवेदशास्त्रसारभूतमुत्तमोत्तमम् ॥ २९ ॥

यत एवं घोरापस्मारः पादेनाऽऽक्रान्तः, अतएव महानन्दप्रकाशादप्रच्युतः ॥ २३-२६ ॥ **नित्यानन्देति** । आत्मनः स्वभावभूतोऽपि[1] ह्यानन्दो दशाभेदेन द्विविधः अनित्यो नित्यश्च । मायया नित्यमावृतः सञ्शुभकर्मोपस्थापितविषयेन्द्रियसंप्रयोगजनितवृत्त्यभिव्यक्तलक्षणः स्फुरन्व्यञ्जकवृत्तिविनाशे पुनस्तिरोभवन्ननित्य इत्यर्थः । परशिवस्वभावभूतस्तु निरतिशयानन्दः कदाचिदप्यनावृतत्वान्नित्यः । इत्थं ज्ञानमपि स्वभावभूतं मायया तिरोहितं सद् वृत्त्यभिव्यक्तमनित्यम् । शिवस्वरूपभूतं तु ज्ञानं मायापरनाम्नाऽञ्जनेनानावृतत्वान्न कदाचिदपि म्रियत इत्यमृतम् । क्षणिकेभ्यो वृत्तिज्ञानेभ्यो निरतिशयोत्कर्षात्तत्परं ज्ञानं नित्यमखण्डैकरसं यस्त्वत्यन्तानुकूल्येन परप्रेमास्पदत्वादानन्द इति, स्वस्वेतरव्यवहारकारणप्रकाशतया ज्ञानमिति च व्यपदिश्यते । तस्य च स्वप्रकाशस्य स्वभावभूतो यः प्रकाशः स एवानुभूतिरनुभवो नृत्यस्य कारणमित्यर्थः । नृत्यस्य च परानन्दाभिनयात्मकत्वं वर्णितं प्रथमखण्डे द्वितीयाध्याये ॥ २७-२९ ॥

और तप का आचरण किया ॥ २५ ॥ समस्त वेद-वेदान्तों के सारभूत पंचाक्षर मंत्र का प्रणवयुक्त जप किया और सब के गुरु दभ्रसभापति अम्बिकानाथ का दर्शन पाकर उनका प्रणतिपूर्वक पूजन किया ॥ २६ ॥ महेश्वर कहे जाने वाले वे सदा निर्मल हैं । भोग व मोक्ष दोनों प्रदान करने वाले हैं । वे नित्य अलुप्तशक्ति हैं । उनका मुख अतिप्रसन्न रहा करता है । नित्य आनन्दरूप निर्दोष अमृत परतत्त्व के ज्ञान की अनुभूति के कारण सदा नृत्य करते हैं । वे परमेश्वर हैं, पशुपति हैं और केवल भक्ति से प्राप्य हैं । ब्रह्मा, इंद्र आदि सुरों

---

१. ङ. °पि नित्यान° ।

प्रदर्शयन्नटेश्वरः समस्तदेवसंनिधौ स्वनर्तनं विमुक्तिदं महत्तरं महेश्वरः ।

समस्तलोकरक्षकं महात्मनां हृदि स्थितं निरीक्षणार्हमीश्वरोऽकरोत्सभापतिः शिवः ॥ ३० ॥

पशुपतिताण्डवदर्शनात्सुराः परममुदा विवशा विचेष्टिताः ।

पुनरमला महेश्वरं प्रणम्य प्रियवदनं विनयेन संयुताः ॥ ३१ ॥

पप्रच्छुः परमेश्वरं पशुपतिं पार्श्वस्थिताम्बापतिं सर्वज्ञं सकलेश्वरं शशिधरं गङ्गाधरं सुन्दरम् । विज्ञानं निखिलाः सुराः श्रुतिगतं संसारदुःखापहं निर्द्वंद्वो भगवाञ्शिवो गुरुगुरुः प्रोवाच कारुण्यतः ॥ ३२ ॥

ईश्वर उवाच– वक्ष्यामि परमं गुह्यं विज्ञानं सुरसत्तमाः ।

युष्माकं श्रद्धया सार्धं शृणुध्वं तत्समाहिताः ॥ ३३ ॥

निरीक्षणार्हमिति । अनुग्राह्याणां देवानामपरोक्षज्ञानजननलक्षणफलाद्धेतोर्नृत्यमकरोदित्यन्वयः ॥ ३०-३३ ॥

ने भक्तिपूर्वक उनकी पूजा कर लौकिक व वैदिक स्तोत्रवचनों से उनकी स्तुति की । समस्त दुःखनिवारक महादेव की स्तुति ब्रह्मा, वज्रधारी इंद्र आदि सभी देवताओं ने की ॥ २७–२८ ॥ हे मुनिश्रेष्ठो ! समस्त देवताओं के नेता, महाशासकों के शासक, पार्वतीपति शंकर ने सारे वेदशास्त्र के सर्वोत्तम सार को ग्रहण कर उसे अपने दृष्टिपात से निष्पाप हो चुके देवताओं को दिखाते हुए सब देवों के समक्ष मोक्षदायक महान् नृत्त किया जिससे दभ्रसभापति शिव ने सब लोगों के रक्षक, महात्माओं के हृदय में ज्ञातरूप से स्थित परमतत्त्व को देवताओं के देखने योग्य बना दिया ॥ २९–३० ॥ पशुपति के ताण्डव का दर्शन कर देवता परमानन्द में मग्न हो गये । कुछ समय बाद उन निर्मलचेतस्क देवों ने प्रियवदन महादेव को प्रणाम कर सविनय उनसे संसार-दुःखनिवारक वेदसिद्ध विज्ञान के विषय में पूछा । परमेश्वर, जीवपशुओं के पति, निकटस्थ पर्वती के नाथ, सर्वज्ञ, सब विघाओं के उत्स, चंद्र व गंगा को धारण करने वाले सुन्दर भगवान् शंकर से जब सभी देवों ने वह प्रश्न किया तब द्वन्द्वसम्बन्धशून्य आदिगुरु भगवान् शिव ने करुणावश उत्तर दिया ॥ ३१–३२ ॥

तस्मात्सर्वं परित्यज्य षडक्षरपरो भवेत् । षडक्षरेण सर्वाणि सिध्यन्त्येव न संशयः ॥ ४९ ॥

इति श्रीस्कन्दपुराणे सूतसंहितायां चतुर्थे यज्ञवैभवखण्डे षडक्षरविवरणं नामाष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

नवमोऽध्यायः

सूत उवाच–ध्यानयज्ञमथेदानीं प्रवक्ष्यामि समासतः ।

शृणुत श्रद्धया यूयं भुक्तिमुक्तिफलप्रदम् ॥ १ ॥

परात्परतरं तत्त्वं ध्येयं मूर्त्यात्मनैव तु । न स्वरूपेण साक्षित्वादात्मत्वाद्विषयित्वतः ॥ २ ॥

यन्त्रारूढानि मायया' इति । अत एवाभिव्यक्त्यननुसंधानाननुसंधाने एवाऽऽवाहनोद्वासने इत्याहुरागमिकाः–'आवाहनमभिव्यक्तिव्यर्यक्त्यभावो विसर्जनम्' इति । शेषं सुगमम् ॥ ४७–४९ ॥

इति श्रीसूतसंहितातात्पर्यदीपिकायां चतुर्थे यज्ञवैभवखण्डे षडक्षरविवरणं नामाष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

इत्थं वाचिकयज्ञमभिधाय ततोऽप्युत्कृष्टं मानसक्रियानिर्वर्त्यमुपासनारूपं ध्यानयज्ञं वक्तुं प्रक्रमते–**ध्यानयज्ञमिति** ॥ १ ॥ ध्येयस्वरूपापरिज्ञाने ध्यानस्य निर्विषयत्वेनानिष्पत्तेस्तत्स्वरूपं निर्धारयति–**परात्परेति** । नामरूपात्मकप्रपञ्चस्याङ्कुरावस्थो विन्दुः परस्ततः परा तदुपादानभूता माया ततोऽपि परः परतरः स्वप्रतिष्ठोऽद्वितीयः परशिवः । एतच्च वाचिकयज्ञप्रस्तावे 'परात्परतरादस्मादित्यु'पपादितम्[1] । ईदृग्विधं सच्चिदानन्दैकरसमद्वितीयं स्वप्रतिष्ठं मायातीतं यत्परशिवस्वरूपं तत्त्वं तत्स्वरूपेण ध्यातुमशक्यं ततः केनचिदुपाधिना विशेष्य तद्विशिष्टमेव **ध्येयमित्यर्थः**[2] । ननु निरुपाधिकरूपस्य स्वरूपेण कस्मान्न ध्येयतेत्यत आह–**साक्षित्वादित्यादिना** । विजातीयमनोवृत्त्यव्यवहितध्येयाकारसजातीयमनोवृत्तिप्रवाहो ध्यानम् । तथा च पातञ्जलसूत्रम्–'तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम्' इति । अतो ध्येयस्यान्तःकरणवृत्तिव्याप्यत्वमेष्टव्यं तच्चाज्ञानावृतस्य विशेषस्याऽऽवरणनिर्हरणार्थमिति निरावरणमद्वितीयं स्वप्रतिष्ठं स्वरूपप्रकाशेनान्तःकरणतद्वृत्त्यादिसर्ववस्त्ववभासकत्वात्साक्षिभूतमीदृग्विधं निरुपाधिकं परशिवस्वरूपं कथमन्तःकरणवृत्तिर्व्याप्नुयात्तद्व्याप्तौ वा सैव वृत्तिरुपाधिरिति तस्य सोपाधिकत्वं स्यात् । तस्मात्सर्वसाक्षित्वेनान्तःकरणवृत्त्यविषयत्वान्निरुपाधिकरूपस्य न ध्येयत्वम् । किंच सर्वप्रत्यक्त्वादपि ध्यानाविषयत्वमाह–**आत्मत्वादिति** । यथोदीरितनिरुपाधिकपरशिवस्वरूपं सर्वप्राणिहृदयेऽन्तःकरणादिभ्यः सर्वेभ्यः प्रत्यग्भूतं 'य आत्मा सर्वान्तरः', 'अन्तः प्रविष्टः शास्ता जनानां सर्वात्मा' इति श्रुतेः । अन्तःकरणं च स्वभावतो वहिर्मुखं 'पराञ्चि खानि व्यतृणत्स्वयंभूस्तस्मात्पराङ्पश्यति नान्तरात्मन्' इति श्रवणात् । अतः परागर्थैकविषयेणान्तःकरणेन सर्वप्रत्यग्भूतं निरुपाधिकं परशिवस्वरूपं कथं विषयीक्रियेत । तस्मादात्मत्वादपि तत्स्वरूपं न ध्यानगम्यमित्यर्थः । किंच कर्मकर्तृभावविरोधादपि न ध्येयत्वमित्याह–**विषयित्व** इति । विषयिणो ज्ञानस्य विषयत्वानुपपत्तेरित्यर्थः । ध्यानविषयो हि ध्येयं तच्चात्र ध्यातृस्वरूपभूतज्ञानानतिरिक्तम् । तथाचैकस्यैव कर्मकर्तृभावलक्षणो विरोध आपद्येत । न चान्तःकरणाद्युपाधिविशिष्टस्य ध्यातृत्वं निरुपाधिकस्वरूपस्य ध्येयत्वमिति सांप्रतम् । [४]विशेष्यांशे कर्मकर्तृभावविरोधस्य तादवस्थ्यात् ॥ २ ॥

मनुष्यों के भोग व मोक्ष के लिए आवश्यक सभी कुछ संक्षेप से समझा दिया । अतः अन्य सब छोड़ कर षडक्षर साधना में तत्पर हो जाना चाहिये । षडक्षर से ही सब पुरुषार्थ सिद्ध हो जाते हैं इसमें कोई संशय नहीं है ॥ ४८–४९ ॥

ध्यानयज्ञ-विवरण नामक नवाँ अध्याय

सूतजी ने आगे उपदेश दिया–अब मैं भोग व मोक्ष प्रदान करने वाले ध्यानयज्ञ का विवरण करता हूँ । आप लोग श्रद्धापूर्वक सुनें ॥ १ ॥

---

१ ४.४.१ । २ 'शुद्धं हि ब्रह्म न दृश्यं, यत्तदद्रेश्यमिति श्रुतेः, किन्तूपहितमेवे'त्यद्वैतसिद्धावुक्तम् (पृ. २३९ बंबई) । तदापि शुद्धत्त्वात्तएव तस्य तदाप्युपहितत्वाभावादिति तत्रैव चन्द्रिकायामुपपादितम् । ज्ञानवृत्तिः शुद्धं विषयीकुरुते न वेत्यत्र विवादेऽपि ध्यानवृत्तिर्न तद्विषयीकर्तुमलमित्यत्राविवादः । यच्च ध्यानदीपादौ शुद्धस्य ध्यानं प्रत्यपीपदत्तत्तदा तस्य वस्तुतः शुद्धताभिप्रायेणेति दिक् ।

भेदाभावाच्च भेदस्य भ्रमत्वादेव वस्तुतः । उमार्धविग्रहा शुक्ला चन्द्रार्धकृतशेखरा ॥ ३ ॥

नीलग्रीवा त्रिनेत्रा च प्रसन्नवदना शुभा । वरदाभयहस्ता च विचित्रमुकुटोज्ज्वला ॥ ४ ॥

सर्वलक्षणसंपन्ना सर्वाभरणभूषिता । स्वस्वरूपानुसंधानुप्रमोदादेव केवलात् ॥ ५ ॥

महाताण्डवसंयुक्ता ब्रह्मविष्णुशिवादिभिः । ध्येयाऽऽद्यन्तविनिर्मुक्ता या मूर्तिः श्रुतिदर्शिता ॥ ६ ॥

सैवासाधारणा मूर्तिः परात्परतरस्य तु ।

ये सदा परमां मूर्तिं ध्यायन्ति हृदयाम्बुजे । इमां ते परमां मुक्तिं भुक्तिं च प्राप्नुवन्ति हि ॥ ७ ॥

ननु ध्यातुर्जीवाद्ध्येय ईश्वरोऽन्य एव । तथा चोक्तदोषपरिहार इत्यत आह–**भेदाभावादिति** । 'अयमात्मा ब्रह्म' 'अहं ब्रह्मास्मि' इति वाक्यादैक्यप्रतिपत्तेरित्यर्थः । ननु प्रबलतरेण प्रत्यक्षेण भेदोऽनुभूयत एवेत्यत आह–**भेदस्येति** । भेदावगाहिनो ज्ञानस्य सैवेयं ज्वालेतिज्ञानवद् भ्रमत्वमुपरितनेऽध्याये प्रतिपादयिष्यते । तस्मान्निरुपाधिकं परशिवस्वरूपं मूर्त्यात्मनैव ध्येयं न तु स्वरूपेणेति सिद्धम् । तां सर्वजनसाधारणामुत्कृष्टां परशिवमूर्तिं दर्शयति–उमार्धेत्यादिना । **श्रुतिदर्शितेति** । 'उमासहायं परमेश्वरं प्रभुं त्रिलोचनं नीलकण्ठं प्रशान्तम्'इति । 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इति च श्रुतिः ॥ ३–७ ॥

पर अव्यक्त की अपेक्षा परात्पर माया से भी पर जो परशिवस्वरूप है उसका किसी मूर्तिरूप से ही–उपाधिविशिष्टरूप से ही–ध्यान किया जा सकता है, उसके वास्तविक स्वरूप से नहीं । वह स्वरूप साक्षी होने से स्वसाक्ष्य चित्त का अविषय है । प्रत्यग् होने से पराग्दर्शी मन का विषय नहीं तथा सबका विषयी होने से नित्य अविषय है ॥ २ ॥ ध्याता से ध्येय–जीव से ईश्वर – भिन्न नहीं है अतः स्वविषयतापत्ति के कारण ईश्वरस्वरूप ध्येय हो नहीं सकता । जो हमें ईश्वर से अपना भेद प्रतीत होता है वह भ्रममात्र है । भेद वास्तविक नहीं है ॥ २ १/२ ॥

भगवान् की श्रुत्युक्त असाधारण ध्येय मूर्ति का यह रूप है–उस मूर्ति में आधा विग्रह भगवती उमा का और आधा शिव का है । पूरा शरीर कर्पूर की तरह गौर है । मस्तक पर चन्द्रकला विराजमान है । कण्ठ में नीलिमा है । नेत्र तीन हैं । मुख प्रसन्न है । सब शुभ लक्षणों से शरीर युक्त है । हाथों से वर और अभय प्रदान किया जा रहा है । विभिन्न वर्णों के रत्नों वाले मुकुट से शरीर शोभित हो रहा है । सभी सौभाग्यचिह्न तथा अलङ्कार धारण किये गये हैं । स्वस्वरूप के अनुसन्धान के प्रमोद के कारण ही वह मूर्ति महाताण्डव कर रही है । ब्रह्मा, विष्णु, शिव आदि सब देवता उस महादेवतनु का ध्यान करते हैं । उसका आदि-अंत दीखता नहीं क्योंकि है ही नहीं । जो सदा इस परममूर्ति का हृदयकमल में ध्यान करते हैं उन्हें सब भोग व परम मोक्ष प्राप्त होता है ॥ ३–७ ॥

ज्ञानाज्ञानमहामायालक्षणाविद्यया सह । अभेदेन स्थितं विप्राः परात्परतरं पदम् ॥ ८ ॥

स्वप्रधानतयोपास्यं तथैवास्वप्रधानतः । समप्रधानरूपेणाप्यादरेण मनीषिभिः ॥ ९ ॥

स्वप्रधानतया तत्त्वमुपास्ते शुद्धमानसः । तथैवापक्वचित्तस्तु परतत्त्वं द्विजोत्तमाः ॥ १० ॥

अस्वप्रधानरूपेण तथा मर्त्यस्तु मध्यमः । समप्रधानरूपेण तत्त्वं ध्यायन्ति[1] सादरम् ॥ ११ ॥

जाड्याकारस्तु यः शक्तेस्तेनाभिन्नं परं पदम् ।
स्वप्रधानादिरूपेण त्रिधोपास्यं विचक्षणैः ॥ १२ ॥

तथा शक्तेस्तु यो ज्ञानाकारस्तेनैकतां गतम् ।
परतत्त्वं त्रिधोपास्यं परिज्ञानवतां वराः ॥ १३ ॥

मायाकारैकतापन्नमपि तत्त्वं मनीषिभिः ॥ १४ ॥

उपास्यं त्रिविधं प्रोक्तं तथैवाविद्ययैव तु ।
अभेदेन स्थितं ब्रह्म त्रिधोपास्यं मनीषिभिः ॥ १५ ॥

इत्थं करचरणादिविशिष्टमूर्त्यात्मनः परशिवरूपस्य ध्येयत्वमभिधाय मूर्तिव्यतिरिक्तैरुपाध्यन्तरैरपि विशिष्टं तद्ध्येयमित्याह–**ज्ञानाज्ञानेति** । ज्ञायतेऽनेनेति ज्ञानं मायायाः सत्त्वपरिणामरूपाऽन्तःकरणवृत्तिः । तथा तमःपरिणामरूपो जाड्याकारोऽज्ञानम् । स्वाश्रयाव्यामोहकरी दुर्घटकारिणी माया । सैव स्वाश्रयव्यामोहनसामर्थ्ययुक्ता चेदविद्या । एते चत्वारः परशिवस्वरूपस्योपाधयः । एतेष्वेकेन विशिष्टं परतत्त्वमुत्तममध्यमाधमाधिकारिभिः स्वप्रधानसमप्रधानास्वप्रधानरूपेण त्रिधोपास्यमित्याह–**स्वप्रधानतयेत्यादिना** ॥ ८–९ ॥ **स्वप्रधानतयेति** । उपधेयपरशिवस्वरूपप्राधान्येनेत्यर्थः ॥ १० ॥ **अस्वप्रधानरूपेणेति** । उपधेयपरशिवस्वरूपमुपसर्जनीकृत्य ज्ञानाज्ञानाद्युपाधिप्राधान्येनेत्यर्थः ॥ ११ ॥ तानेवोपाधीन्विभज्य दर्शयति–**जाड्याकार** इत्यादिना **मनीषिभिरित्यन्तेन** ॥ १२–१५ ॥

अथवा ज्ञान, अज्ञान, महामाया और अविद्या–ये चार परशिव की उपाधियाँ हैं । तत्त्वज्ञान पर्यन्त आत्मा इनसे तादात्म्यापन्न हुआ ही स्थित है । इनमें एक-एक से विशिष्ट परतत्त्व का ध्यान करना चाहिये । ध्यान में शिव की प्रधानता व उपाधि की गौणता हो सकती है, या दोनों को तुल्य प्रधान रख सकते हैं, या उपाधि को ही प्रधान कर सकते हैं । शुद्धचित्त व्यक्ति शिवप्राधान्येन उपासना कर सकता है । जिसका मन उतना शुद्ध नहीं वह दोनों की समान प्रधानता समझता है । जो साधक सर्वथा अनिर्मलचेतस्क है वह उपाधि को ही प्रधान मान लेता है । (यहाँ सात्त्विक अंतःकरणवृत्ति ज्ञान, तामस अंतःकरणवृत्ति अज्ञान, स्वाश्रय में मोह उत्पादिका शक्ति महामाया और वही शक्ति मोह उत्पन्न करने की सामर्थ्य वाली होने पर (अर्थात् मोह की कारणावस्था में) अविद्या कही गयी है ।) ॥ ८–११ ॥ (इन्हें स्वयं स्पष्ट करते हैं–) शक्ति का जो जाड्य आकार है–न जानना रूप तामस आकार है–उससे अभिन्न, अर्थात् तत्तादात्म्यापन्न, परमशिव का उक्त

---

१ ध्यायतीति वाच्ये वहुवचनं छान्दसम् ।

अन्ये च शक्तेराकारा ये विद्यन्ते विचक्षणाः ।

तैरप्येकत्वमापन्नं तत्त्वं तद्वन्मनीषिभिः ॥ १६ ॥

उपास्यं त्रिविधं नित्यमतीव श्रद्धया सह । ईक्षणोपाधिसंपन्नं परतत्त्वमपि द्विजाः ।

स्वप्रधानादिरूपेण त्रिधोपास्यमतिप्रियात् ॥ १७ ॥

सत्त्वं रजस्तमश्चेति गुणा ये ब्रह्मशक्तिजाः । तैरप्येकत्वमापन्नं परं ब्रह्म यथाक्रमम् ॥ १८ ॥

रुद्रः प्रजापतिर्विष्णुरिति भेदमुपैति च ॥ १९ ॥

ते जगन्नाशसर्गादेः कर्तारः कार्यरूपिणः ।

उपास्यास्त्रिविधा नित्यं तेऽपि स्वं स्वमुपाधिभिः ॥ २० ॥

तानेवोपाधीन्विभज्य दर्शयति–**जाड्याकार** इत्यादिना **मनीषिभि**रित्यन्तेन ॥ १२–१५ ॥ किंच ज्ञानाज्ञानादिव्यतिरिक्ता इच्छाक्रियाद्या[1] ये शक्तेराकारविशेषास्तदुपाधिकमपि परशिवस्वरूपं यथोदीरितैरधिकारिभिर्यथाक्रमं स्वप्रधानादिरूपेण त्रिधोपास्यमित्याह–**अन्ये चे**ति । एवं वक्ष्यमाणेष्वपि सोपाधिकरूपेषु मति[2]नैशित्यानुसारेणाधिकारित्रैविध्यात्स्वप्रधानादिरूपेणोपाधित्रैविध्यं सर्वत्रावगन्तव्यम् । 'स ऐक्षत लोकान्नु सृजै' इति 'तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेय' इति श्रवणात्स्वप्रतिष्ठस्य परशिवस्य प्राणिकर्मवशात्स्रष्टव्यपर्यालोचनात्मकमीक्षणं सिसृक्षापरपर्यायं तदुपाधिकमपि तत्त्वं ध्येयमित्याह–**ईक्षणे**ति । ॥ १६–१७ ॥ सत्त्वरजस्तमोगुणात्मिका या परशिवस्वरूपाश्रिता माया तस्याः प्रलयदशायामत्यन्तनिर्विकल्पकत्वात्तदीयगुणा अप्यविभागापन्ना एव भवन्ति । अतएव सांख्यैरुच्यते–'सत्त्वरजस्तमोगुणानां साम्यावस्था मूलप्रकृतिः' इति । परमेश्वरस्य सिसृक्षायां जातायां तत्परतन्त्रमायाया अपि विचिकीर्षा जायते । तदवयवभूताश्च सत्त्वाद्या गुणा अन्योन्यं प्रविभक्ताः सन्तः प्रकटीभवन्ति । तैस्त्रिभिरुपाधिभिर्विशिष्टं परशिवस्वरूपं ब्रह्मविष्ण्वादिसंज्ञां लभते । अतस्तदुपाधिकमपि पूर्ववत्त्रिधोपास्यमित्याह–**सत्त्वमि**ति । किं बहुना ब्रह्मादिस्तम्बान्तं[3] चराचरात्मकं जगत्सच्चिदानन्दे परशिवस्वरूपे परिकल्पितम् । तथा हि–यदनुविद्धं यद् दृश्यते तत्तत्र परिकल्पितं यथा[4] सर्पधारादयो रज्ज्वा इदमंशे । सच्चिदनुविद्धं चेदमनुभूयते तस्मात्सच्चिदानन्दात्मके परशिवस्वरूपे परिकल्पितम् । आम्नायते च–'सद्धीदं सर्वं सत्सदिति । चिद्धीदं सर्वं काशते काशते च' इति ॥ १८–२० ॥

तीन तरह से ध्यान कर सकते हैं ॥ १२ ॥ इसी प्रकार शक्ति का जो ज्ञान-आकार है–जाननारूप सात्त्विक आकार है–उससे अभिन्न शिव का उक्त तीन ढंगों से ध्यान कर सकते हैं ॥ १३ ॥ इसी तरह माया से और अविद्या से अभिन्न महादेव का त्रिविध ध्यान संभव है ॥ १४–१५ ॥ शक्ति के अन्य भी जो इच्छा आदि आकार हैं उनसे अभिन्न शिव का उक्तविधया ध्यान संभव है ॥ १६ ॥ स्वाधिकारानुरूप श्रद्धा सहित नित्य ही परमात्मध्यान करना अवश्य चाहिये । ईक्षण–स्रष्टव्य प्रपंच का विचार–भी शिव की उपाधि है । उससे अभिन्न हुए शिव का भी उक्त त्रिविध उपासन किया जा सकता है ॥ १७ ॥ ब्रह्मशक्ति माया

---

१ घ. "वाया ये । २ ख. "नैर्मल्यानु" । ३ घ. "स्तम्बपर्यन्त" । ४ क. "यथा रज्जुसर्पाद" । ख. "था सर्पसूत्रधारा" ।

तैर्गृहीतास्तथा विप्रा मूर्तयस्त्रिप्रकारतः । चित्तपाकानुगुण्येन चिन्तनीया मनीषिभिः ॥ २१ ॥

अग्न्यादित्यादिदेवा ये निहीना[1] मध्यमाः पराः ।

ते च ब्रह्मात्मना नित्यमुपास्या एव सादरम् ॥ २२ ॥

शब्दस्पर्शादिसंज्ञा ये पदार्थाः पञ्च तेऽपि च । उपास्या ब्रह्मरूपेण महाप्राज्ञैर्मनीषिभिः ॥ २३ ॥

आकाशादीनि भूतानि यानि तानि मनीषिभिः ।

ब्रह्मरूपतया नित्यमुपास्यानि महात्मभिः ॥ २४ ॥

भौतिका अण्डभेदाश्च ब्रह्मरूपेण सादरम् । चिन्तनीयाश्च विद्वद्भिर्वेदवेदान्तपारगाः[2] ॥ २५ ॥

अण्डमध्ये स्थिता लोका एतेऽपि ब्रह्मवित्तमाः ।

ब्रह्मरूपतया नित्यमुपास्या एव सूरिभिः ॥ २६ ॥

लोकान्तर्वर्तिनो देशा एतेऽपि द्विजपुंगवाः । ब्रह्मरूपतया नित्यमुपास्या मुनिसत्तमैः ॥ २७ ॥

मेरुमन्दारपूर्वाश्च पर्वता विविधा द्विजाः । ब्रह्मरूपतया नित्यमुपास्या वेदवित्तमाः ॥ २८ ॥

नदीनदादयः सर्वे देवर्ष्यादिविनिर्मिताः । ब्रह्मरूपतया नित्यमुपास्या पुरुषोत्तमैः ॥ २९ ॥

वापीकूपतडागाद्या अपि वेदपरायणाः । ब्रह्मरूपतया नित्यमुपास्याः पुरुषाधिकैः ॥ ३० ॥

वनानि यानि लोके तु विविधानि महत्तमाः ।

तानि ब्रह्मतया नित्यमुपास्यानि तपोधनैः ॥ ३१ ॥

समुद्राश्च सदा विप्राः समुन्द्रान्तर्गता अपि ।

संगमा अपि सब्रह्म ध्यातव्या एव केवलम् ॥ ३२ ॥

एवं चाधिष्ठानभूतसच्चिदादिलक्षणब्रह्मात्मनाऽविभागापन्नं [3]ब्रह्मरुद्रादिचेतनाचेतनात्मकं सर्वं जगत्पूर्ववत्त्वप्रधानादिरूपेण त्रिधोपास्यमित्याह–**तैर्गृहीता** इत्यादिना **वाक्यवेदिभिरित्यन्तेन** ॥ २१ ॥ **अग्न्यादित्यादीति** । मनुष्यादीनामिवाग्न्यादिदेवानामप्यधिकारतारतम्याधीनाधममध्यमोत्तमभावेन त्रैविध्यमवगन्तव्यम् ॥ २२ ॥ **शब्दस्पर्शादीति** । आकाशादिभूतपञ्चकस्य कारणभूताः पञ्च तन्मात्राः शब्दस्पर्शादिनोच्यन्ते ॥ २३–४० ॥

के जो सत्त्व, रजः और तमः गुण हैं उनसे भी अभिन्न होकर परमात्मा क्रमशः रुद्र, ब्रह्मा और विष्णु रूपों को प्राप्त होता है । इस प्रकार उद्रिक्त गुण रूप कार्योपाधि वाले वे जगत् के नाश, सर्ग व स्थिति के कारण हैं । उनका भी उनकी उपाधियों सहित मुख्य, समप्रधान या गौण भाव से ध्यान किया जा सकता है ॥ १८–२० ॥ उन तीनों ने तीन प्रकार की–पंचमुखी, चतुर्मुखी, चतुर्भुजी आदि–मूर्तियाँ ग्रहण की हैं । अपना मन जिसमें रम जाये उसी मूर्ति का ध्यान कर लेना चाहिये ॥ २१ ॥ अग्नि, आदित्य आदि हीन,

---

१ घ. विहीना । २ ग. ङ. च. "दाङ्गपा" । ३. "ह्मविष्णुरु" इति क्वचित् ।

दिशश्च विदिशश्चैव दिवारात्रं तथैव च । अनागतादयः काला उपास्या ब्रह्मरूपतः ॥ ३३ ॥

अण्डजं जारजं चैव स्वेदजं चोद्भिजं तथा । ब्रह्मरूपतया नित्यमुपास्या मोहवर्जितैः ॥ ३४ ॥

ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्याः शूद्रा अपि च संकराः ।
ब्रह्मरूपतया नित्यमुपास्या एव सूरिभिः ॥ ३५ ॥

आश्रमा ब्रह्मचर्याद्यास्तदाचारा अपि द्विजाः । ब्रह्मरूपतया नित्यमुपास्याः परमास्तिकैः ॥ ३६ ॥

महापातकपूर्वाणि पापानि सुबहूनि च । ब्रह्मरूपतया नित्यमुपास्यानि महत्तमैः ॥ ३७ ॥

धर्मसंज्ञाश्च ये विप्रा उत्तमाधममध्यमाः । तेऽपि ब्रह्मतया नित्यमुपास्याः[1] पण्डितोत्तमैः ॥ ३८ ॥

सुखं दुःखं तयोर्भोगः साधनं तस्य सुव्रताः । ब्रह्मरूपतया सर्वमुपास्यं सत्यवादिभिः ॥ ३९ ॥

कर्ता कारयिता कर्म करणं कार्यमेव च । ब्रह्मरूपतया सर्वमुपास्यं चेतनोत्तमैः ॥ ४० ॥

प्रमाता च प्रमाणं च प्रमेयं [2]प्रमितिस्तथा । ब्रह्मरूपतया सर्वमुपास्यं मानमानिभिः ॥ ४१ ॥

विधयश्च निषेधाश्च विद्याविद्ये तथैव च । ब्रह्मरूपतया सर्वमुपास्यं [3]वेदवेदिभिः ॥ ४२ ॥

मानमानिभिरिति । मानं प्रमाणं मन्तुं निर्णेतुं शीलमेषां तैः, प्रमाणवेदिभिरित्यर्थः ॥ ४१–४२ ॥

मध्यम व श्रेष्ठ देवों का भी ब्रह्मरूप से ध्यान कर सकते हैं । (अधिकार के आधिक्य से देवताओं की श्रेष्ठता पुराणादि से समझनी चाहिये ।) ॥ २२ ॥ शब्द, स्पर्श आदि पाँचों विषयों की भी ब्रह्मरूपता से पूर्वोक्त त्रैविध्यानुसार उपासना कर सकते हैं ॥ २३ ॥ इसी प्रकार आकाश आदि महाभूतों का ध्यान किया जा सकता है ॥ २४ ॥ भौतिक ब्रह्माण्डभेदों का (आकाशगंगा को एक ब्रह्माण्ड मान सकते हैं । ऐसे अन्य भी हैं) शिवरूप से ध्यान हो सकता है ॥ २५ ॥ ब्रह्माण्ड-अन्तर्वर्ती लोकों को शिवरूप से पूर्ववत् ध्या सकते हैं ॥ २६ ॥ ऐसे ही लोकान्तर्वर्ती देशों का; मेरु मंदार आदि विविध पर्वतों का; देव ऋषि आदि द्वारा निर्मित नदियों का; नदों का; अन्य जलाशयों का; बावड़ी, कुए, तालाब आदि का; विविध वनों का; समुद्रों का; समुद्र-संगमों का, दिशाओं का; अन्तर्दिशाओं का; अहोरात्र का; भविष्यादि कालों का; अण्डज जरायुज स्वेदज व उद्भिज प्राणियों का; ब्राह्मणादि का; ब्रह्मचारी आदि का; महापाप आदि नानाविध पापों का; उत्तम मध्यम आदि धर्मों का; सुख-दुःख का; उनके भोगों का; उनके साधनों का; करने वाले का, कराने वाले का; कर्म का; उपाय का; कार्य (फल) का; प्रमाता का प्रमाण का; प्रमेय का; प्रमिति का; विधियों का; निषेधों का; विद्याओं का; अविद्याओं का (कुत्सित विद्याओं का); सफल तथा निरर्थकवादों का; किम्बहुना ! जो कुछ भी 'है' या 'नहीं है' रूप से प्रतीत होता है उस सबका उक्त त्रैविध्यानुसार ब्रह्मरूप से ध्यान

---

१ ङ. "स्याः सुमहत्त" । २ आत्मनोऽन्तःकरणावस्थाविशेषोपजनितो विशेषः प्रमातेत्यादिना पंचपादिकायामयमर्थो व्यक्तः (पृ ३६१ कल.) । सिद्धान्तबिन्दौ निष्कर्षः–कर्तृभागावच्छिन्नश्चिदंशः प्रमाता । देहविषयमध्यवृत्तिदण्डायमानान्तःकरणावच्छिन्नचिदंशः प्रमाणम् । विषयगतमज्ञातं ब्रह्मचैतन्यं प्रमेयम् । विषयगतोऽभिव्यक्तियोग्यत्वभागावच्छिन्नश्चिदंशः प्रमितिः । ज्ञातं ब्रह्मचैतन्यं फलमिति । (पृ. २७४ प्र.द्वा.) । ३ घ"दवादि" ।

अवन्ध्याश्च तथा वन्ध्या वादाश्च विविधा अपि । ब्रह्मरूपतया सर्वमुपास्यं वाक्यवेदिभिः ॥ ४३ ॥

यद्यदस्तितया भाति यद्यन्नास्तितयाऽपि च । तत्तद् ब्रह्मतया नित्यमुपास्यं ब्रह्मवित्तमैः ॥ ४४ ॥

इत्थं सर्वत्र यः साक्षाद् ब्रह्मोपास्ते सनातनम् ।
स याति ध्यानयज्ञेन साक्षाद्विज्ञानमैश्वरम् ॥ ४५ ॥

ध्यानयज्ञस्य माहात्म्यं कल्पानां कोटिकोटिभिः ।
मया मत्तोऽधिकैरन्यैरपि वक्तुं न शक्यते ॥ ४६ ॥

ध्यानयज्ञं विना मुक्तौ यतन्ते मोहिता जनाः ।
पायसान्नं परित्यज्य भक्षयन्ति महाविषम् ॥ ४७ ॥

ध्यानयज्ञं विना किंचित्कुर्वाणो मुक्तिसिद्धये ।
अक्ष्णाऽपि शब्दं गृह्णाति विना श्रोत्रेण केवलम् ॥ ४८ ॥

अश्वमेधादयो यज्ञा अशेषा वेददर्शिताः ।
मुनीन्द्रा ध्यानयज्ञस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् ॥ ४९ ॥

अवन्ध्याः सफलाः । **वन्ध्या** निरर्थकाः ॥ ४३ ॥ इत्थं भूतभौतिकात्मकं सर्वं जगद् ब्रह्मात्मनोपास्यमित्यभिधायानुक्तसंग्रहायाऽऽह–**यद्यदस्तितयेति** । **अस्ति**प्रत्ययविषयत्वेन **नास्ति**प्रत्ययविषयत्वेन च यद्यद् भासते तत्सर्वं ब्रह्मात्मत्वेन ध्येयमित्यर्थः । भावाभावानात्मकस्य[1] कस्यचिदपि वस्तुनोऽसत्त्वादुक्तव्यतिरिक्तस्य सर्वस्य भावाभावात्मकस्य संग्रहः ॥ ४४ ॥ सर्वात्मकत्वेनोक्तं ब्रह्मोपासनमुपसंहरंस्तत्फलमाह–**इत्थमित्यादिना** । आरोपितस्य सर्वस्याधिष्ठानब्रह्मरूपताध्यानेन समासादितैकाग्र्येण मनसा सर्वाधिष्ठानरूपं तत्परशिवस्वरूपं साक्षात्कुर्यादित्यर्थः ॥ ४५–४७ ॥

किया जा सकता है ॥ २७–४४ ॥ इस प्रकार जो सभी उपाधियों में शिव का ही दर्शन करता है वह इस ध्यानयज्ञ के फलस्वरूप अधिष्ठान परशिवस्वरूप का साक्षात्कार कर लेता है ॥ ४५ ॥ ध्यानयज्ञ का माहात्म्य मैं या मुझसे श्रेष्ठ अनुभवी महात्मा भी करोड़ों कल्पों में भी पूरा नहीं बता सकते ॥ ४६ ॥ जो ध्यानयज्ञ किये बिना मोक्षार्थ प्रयास करते हैं वे मानो खीर छोड़कर घोर विष खाते हैं ॥ ४७ ॥ जो समझता है कि ध्यानयज्ञ के बिना मोक्ष मिल जायेगा वह तो शायद कान के बिना आँख से ही शब्द भी सुन लेगा ॥ ४८ ॥ (वेदान्तों में जो ध्यानज निश्चय की निन्दा है वह इसलिये कि अज्ञाननिवृत्त्यर्थ प्रमा ही अपेक्षित है जो तत्साधनभूत उपनिषत्-श्रवण से ही उत्पन्न हो सकती है । ध्यान प्रमाण न हो से प्रमोत्पादक नहीं । किन्तु प्रमा स्वोत्पत्त्यर्थ ध्यानसंस्कृत मन की अपेक्षा रखती ही है । अत एव 'समाधान' शब्द से साधनसम्पत्ति में उसका परिगणन है । यहाँ भी उसी तात्पर्य से ध्यान की अनिवार्यता ख्यापित है । अत एव ध्यान का फल अधिष्ठान-

---

१ ग. न. "वात्मक" ।

ध्यानयज्ञपरो मर्त्यः शिव एव न चापरः । ध्यानयज्ञैकनिष्ठस्य न किंचिदपि दुर्लभम् । ५० ॥

ध्यानयज्ञपराणां तु प्रसादं कुरुते शिवः । शिवोऽपि[1] साक्षात्सर्वज्ञः संसारविनिवर्तकः ॥ ५१ ॥

बहुनोक्तेन किं सर्वं समासेन मयोदितम् । कुरुध्वं वेदविन्मुख्या ध्यानयज्ञमशङ्किताः ॥ ५२ ॥

इति श्रीसूतसंहितायां चतुर्थे यज्ञवैभवखण्डे ध्यानयज्ञविवरणं नाम नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

यथा शब्दाद्युपलब्धौ श्रोत्रादीन्द्रियसाधारणं कारणमेवं ज्ञानयज्ञं प्रति ध्यानयज्ञोऽसाधारणकारणमित्याह–**ध्यानयज्ञमिति** । सुगममन्यत् ॥ ४८–५२ ॥

इति श्रीसूतसंहिताटीकायां तात्पर्यदीपिकाख्यायां चतुर्थे यज्ञवैभवखण्डे ध्यानयज्ञविवरणं नाम नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

साक्षात्कार–'ऐश्वरविज्ञानम्'–बताया है । ध्यान से संस्कृत बुद्धि से श्रवण द्वारा ज्ञान प्राप्त होता है यह तात्पर्य है । जो तो कुछ एकदेशी निदिध्यासन से ध्यान समझकर श्रुतमयी प्रज्ञा का उससे अपरोक्षीकरण मानते हैं वह शाब्दापरोक्ष की यौक्तिकता से तथा परोक्ष के अपरोक्षीकरण के अदृष्टचर होने से ही प्रत्याख्यात हो जाता है । निदिध्यासन का अर्थ है वाक्यार्थविषयक निश्चय की स्थिरता–'निदिध्यासनं मननोपबृंहित-वाक्यार्थ-विषये स्थिरीभावः' (पंचपादिका पृ. ११७० कल.) । जैसे नवविवाहिता को 'मैं विवाहिता हूँ' ऐसा निश्चय होने पर भी प्रारम्भ में कदाचित् विस्मृति हो जाती है जिससे 'श्रीमती अमुक' सुनकर 'मुझे पुकारा जा रहा है' ऐसी प्रतीति नहीं होती किंतु शनैः शनैः अपने विवाहितत्व का निश्चय स्थिर हो जाता है वैसे ही श्रवण से निश्चय होने पर भी प्रारम्भ में वह बना नहीं रह पाता, उसे बनाये रखना ही निदिध्यासन है । यह चाहे ध्यान से हो, चाहे विचार से, जिस भी तरह हो निश्चय का स्थिरीकरण ही निदिध्यासन है जो वेदन का साधन है '.....विज्ञानेनेदँ सर्वं विदितम्' (बृ २.४.५) । अतः ध्यान की अनिवार्यता साधनसम्पत्ति में उसके ग्रहण से शास्त्रसिद्ध है।) हे मुनिश्रेष्ठो ! शास्त्रोक्त अश्वमेधादि समस्त यज्ञ ध्यानयज्ञ के सोलहवें अंश की भी महत्ता वाले नहीं हैं ॥ ४९ ॥ ध्यानयज्ञ में तत्पर मनुष्य शिव ही है, उसके लिए दुर्लभ कुछ नहीं है ॥ ५० ॥ ध्यानयज्ञ में लगे रहने वालों पर भगवान् शंकर की कृपा अवश्य होती है । संसारसमापक सर्वज्ञ स्वयं महादेव भी (जीव को मुक्त करने के लिए उससे जिस ध्यानयज्ञ की अपेक्षा रखते हैं उस यज्ञ की महत्ता का क्या कहना !) ॥ ५१ ॥

अधिक क्या कहूँ ? संक्षेप में सब बता ही दिया । आप सब निःशङ्क हो ध्यानयज्ञ कीजिये ॥ ५२ ॥

---

[1] प्रसादाय यमपेक्षते तस्य ध्यानयज्ञस्य माहात्म्यं निरवधीत्यत्र किमु वाच्यमितिशेषः ।

दशमोऽध्यायः

सूत उवाच–अथेदानीं प्रवक्ष्यामि ज्ञानयज्ञस्य वैभवम् ।

ज्ञानयज्ञात्परो यज्ञो नास्ति विप्राः श्रुतौ स्मृतौ ॥ १ ॥

ज्ञानं बहुविधं प्रोक्तं वेदार्थज्ञानपारगैः ॥ २ ॥

स्वरूपमेकं विज्ञानं शिवस्य परमात्मनः । तदेव मायातत्कार्यभेदेन बहुधा भवेत् ॥ ३ ॥

इत्थं कायिकवाचिकमानसैः कर्मभिः प्रक्षीणकल्मषस्य मुमुक्षोः परशिवस्वरूपावगमाय ज्ञानयज्ञं प्रस्तौति–**अथेति** । यज्ञान्तरादस्य वैलक्षण्यमाह–**ज्ञानयज्ञादिति** । श्रुतौ तावत् 'ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति', 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्', 'तमेवं विदित्वाऽपि मृत्युमेति', 'तस्यैवाऽऽत्मा पदवित्तं विदित्वा न कर्मणा लिप्यते पापकेन' इति ज्ञानस्यान्यनैरपेक्ष्येणैव साक्षादपवर्गसाधनत्वमाम्नातम् । स्मृतावपि–'श्रेयान्द्रव्यमयाद्यज्ञाज्ज्ञानयज्ञः परंतप । सर्वं कर्माखिलं पार्थ ज्ञाने परिसमाप्यते' इति ॥ 'क्षेत्रस्याऽऽत्मविज्ञानाद्विशुद्धिः परमा मता' इति मनुस्मृतौ ॥ १ ॥ सृष्टेः प्राक्स्वप्रतिष्ठि मद्वितीयं परशिवस्वरूपभूतं स्वप्रकाशज्ञानं तदेव सृष्ट्युत्तरकालं मायातत्कार्योपाधिवशाज्जीवेश्वरादिभेदं भजत इत्याह–**ज्ञानं बहुविधमित्यादिना** ॥ २–३ ॥

सूत जी बोले–अब मैं ज्ञानयज्ञ का वैशिष्ट्य बताता हूँ । श्रुति-स्मृति में ज्ञानयज्ञ से श्रेष्ठ कोई यज्ञ नहीं माना है ॥ १ ॥ शास्त्र के तात्पर्य को हर तरह से समझना ज्ञानयज्ञ है । ('ज्ञानयज्ञा ज्ञानं शास्त्रार्थपरिज्ञानं येषान्ते'–ऐसा गीताभाष्य (४.२८) है । 'हर तरह' का अर्थ है श्रवणादित्रितय साधनों से । ज्ञानयज्ञ में सभी वर्ण व आश्रम वालों का अधिकार है । अतः व्यापक क्षेत्र वाला होने से अतिशय माहात्म्य वाला है । पिंगला, सुलभादि स्त्रियों का, धर्मव्याधादि शूद्रों का तथा तुलाधारादि वैश्यों का अधिकार महाभारत में वर्णित ही है । वेदानधिकारी स्वाधिकारानुसार स्मृति, पुराण, आचार्यप्रणीत प्रकरण, भाषाग्रन्थ आदि से इस यज्ञ को कर सकते हैं । वस्त्वधीन होने से प्रमाणमात्र की आवश्यकता है, आगे वह सापेक्ष हो, चाहे निरपेक्ष, कोई अन्तर नहीं पड़ता । जैसे यज्ञदत्त अपना धन घर में किसी स्थान पर गाड़ कर भूल गया । देवदत्त ने गाड़ते हुए देखा था अतः वह उसमें निरपेक्ष प्रमाण है । देवदत्त ने ब्रह्मदत्त को बता रखा है कि यज्ञदत्त ने अमुक स्थान पर धन गाड़ा है, अतः ब्रह्मदत्त सापेक्ष प्रमाण है । अब यज्ञदत्त को चाहे देवदत्त बताये चाहे ब्रह्मदत्त, धन मिलने में कोई अंतर नहीं पड़ता क्योंकि धन तो पूर्व से ही मिला हुआ था, केवल विस्मृति हो गयी थी, स्मृति की आवश्यकता थी । इसी प्रकार चाहे श्रौतवाक्य सुनें, चाहे श्रुति समझ कर लिखा पौरुषेयादि वाक्य सुनें, क्योंकि प्रत्यक्स्वरूप नित्यसिद्ध है इसलिये ज्ञान में कोई अंतर नहीं पड़ता । होना चाहिये प्रमाण अर्थात् यथार्थ ज्ञान का उपाय । वस्तु-अनुसारी ज्ञान ही प्रमा है 'यथावस्तु हि या बुद्धिः सम्यग्ज्ञानं तदेव नः' यह बृहद्वार्तिक में (१.४.८९०) कहा है । ऐसे सफल और निश्चित ज्ञान की उत्पादकता ही प्रमाणरूपता है 'फलवन्निश्चितज्ञानजन्यं प्रामाण्यकारणम्' (वहीं श्लो. ९०५) । अपने प्रमेय के विषय में प्रमा का उत्पादक होना मात्र प्रमाण के लिए आवश्यक है, इससे भिन्न पौरुषेयता आदि के राहित्य आदि से उसमें क्यों वैशिष्ट्य होगा ? वार्तिक में ही कहा है 'स्वप्रमे प्रमोत्पत्त्यनुत्पत्त्येकहेतुके ।

मायाकारेण संबद्धं जडशक्तेः शिवस्य तु । ज्ञानमीश्वरसंज्ञं च नियन्तृ जगतो भवेत् ॥ ४ ॥

शक्तेरविद्याकारेण[१] संबद्धं जीवसंज्ञितम् । जीवसंज्ञं तु विज्ञानं द्विधा लोके व्यवस्थितम् ।

अर्थतो मुख्यमेकं तु ज्ञानमन्यत्प्रतीतितः ॥ ५ ॥

अविद्याबद्धविज्ञानमर्थतो मुख्यमुच्यते । स्थूलसूक्ष्मशरीराभ्यामवच्छिन्नं प्रतीतितः ॥ ६ ॥

स्वप्रचाराश्रयं चित्तं जीवरूपप्रकाशकम् । ज्ञातृत्वहेतुर्जीवस्य दुःखित्वादेश्च कारणम् ॥ ७ ॥

तत्र जगन्नियन्तुरीश्वरस्य स्वरूपमाह–**मायाकारेणे**ति । शक्त्यप्रतियोगिकं परशिवस्वरूपमेव संविद्रूपिणी परशक्तिरित्युक्तं, ततो व्यावर्तयति–**जडशक्ते**रिति । वेदान्तिभिर्मायेति या गीयते सांख्यैरव्यक्तं प्रकृतिरिति साऽत्र परशिवस्य जडशक्तिः । सा च गुणसाम्यं विहाय रजस्तमसोरत्यन्ताभिभवेन विशुद्धसत्त्वप्रधानमायाकारेण यदा परिणमते तदा तदुपाधिकं चैतन्यं सर्वज्ञो जगत्कर्तेश्वरो भवेदित्यर्थः ॥ ४ ॥ मलिनसत्त्वप्रधानमाया स्वाश्रयव्यामोहकत्वादविद्येत्युच्यते । तदुपाधिकं तज्ज्ञानं जीवसंज्ञां लभत इत्याह–**शक्तेरविद्ये**ति । तस्यैव जीवसंज्ञस्य द्वैविध्यमाह–**जीवसंज्ञ**मिति । तत्रैक**मर्थतो मुख्यमन्यत्प्रतीतितो** मुख्यम् ॥ ५ ॥ एतदुभयं दर्शयति–**अविद्याबद्धे**ति । जीवस्योपाधिभूता मलिनसत्त्वप्रधाना या मायाऽविद्यापरपर्याया सा स्थूलसूक्ष्मशरीरद्वयकारणत्वेन जीवस्य कारणशरीरमित्युच्यते । तत्संबद्धं तदुपहितं स्वरूपचैतन्यं परमार्थतः स्वपरव्यवहार-हेतुः प्रकाशचिदात्मकत्वादर्थतो मुख्यम् । अविद्याकार्यभूतं यत्स्थूलसूक्ष्मात्मकं शरीरद्वयं तेनावच्छिन्नं तत्र शरीरद्वये कारणत्वेनानुगतमायावयवभूतं स्वप्रकाशचैतन्याध्यासेन तदात्मकेनैवंभूतं यदन्तःकरणं तद्वृत्त्युपादानभूतं सत्त्वं तदनुभवतश्चित्प्रकाशरूपत्वात्प्रतीतितो मुख्यम् । परमार्थतस्तु तस्य सत्त्वस्य जडत्वमेवाग्निनाऽयः पिण्डवत्स्वरूपचैतन्येनैकीभूतत्वात्तस्य ज्ञानत्वव्यपदेशः ॥ ६ ॥ एवंविधसत्त्वपरिणामरूपान्तःकरणतद्वृत्तिसंबन्धादेवाविद्योपहितजीव-चैतन्यस्य ज्ञातृत्वकर्तृत्वभोक्तृत्वादिसकलव्यवहारसंबन्ध इत्याह–**स्वप्रचाराश्रय**मिति । स्वशब्देन चित्तं परामृश्यते । स्वस्य प्रचारा विषयाकारवृत्तयस्तत्संघातात्मकमित्यर्थः । तथाविधान्तःकरणतादात्म्याध्यासेन तदीयकर्तृत्वभोक्तृत्वादेश्चैतन्येऽध्यासादस्य जीवप्रकाशकत्वम् । सकलः संसारोऽन्तःकरणस्यैव नाऽऽत्मनः पारमार्थिक इति श्रूयते 'कामः संकल्पो विचिकित्सा श्रद्धाऽश्रद्धा धृतिरधृतिर्ह्रीर्धीर्भीरित्येतत्सर्वं मन एव' इति ॥ ७ ॥

प्रमाणत्वाऽप्रमाणत्वे नान्यथा ते प्रसिद्ध्यतः ॥' (२.१.५४३) । **एवं च अधिकारी श्रुतिमीमांसा करे व अनधिकारी अन्य अध्यात्मशास्त्रों की मीमांसा करें यही ज्ञानयज्ञ है । इसमें आत्मज्ञान ही ज्ञानशब्दित समझना चाहिये, कर्म या उपासना के ज्ञान का यहाँ प्रसंग नहीं है । कर्मयज्ञ व ध्यानयज्ञ के शेषरूप से उनका ज्ञान तो पूर्व से ही गतार्थ है ।) वेदार्थवेत्ताओं ने अनेक तरह का ज्ञान बताया है । परमार्थतः परमात्मा शिव का स्वरूप ही एकमात्र विज्ञान है । माया व उसके कार्यरूप उपाधियों से वही एक विज्ञान बहुत प्रकार का प्रतीत हो जाता है ॥ २–३ ॥ शिव की जडशक्ति के माया आकार से–विक्षेपाकार से–सम्बद्ध वही ज्ञान ईश्वररूप हो जाता है और जगत् का नियन्ता बनता है । माया त्रिगुणात्मिका है । जब रजः व तमः को अभिभूत कर वह माया शुद्धसत्त्वप्रधान हो जाती है तब उस उपाधि वाला चैतन्य (ज्ञान) सर्वज्ञ, जगत्कर्ता ईश्वर कहा जाता है ॥ ४ ॥ उसी शक्ति के अविद्याकार से–आवरणविक्षेपोभयाकार से अथवा मलिन सत्त्वप्रधान**

---

१ मायैकदेशोऽविद्या तदुक्तं प्रकटार्थे 'तस्याएव परिच्छिन्नानिर्वाच्यानन्तप्रदेशोऽप्यज्ञानाभिधानेष्वावरणविक्षेपशक्तिमत्सु प्रतिबिम्बितं तदेव चैतन्यमनन्तजीवव्यवहार स्पदम्' (पृ. ३) इति । सत्त्वप्राधान्यादिभेदेन व्यवस्था पंचदश्यादौ निपुणतरमदर्शि। मतभेदाः सिद्धान्तलेशसंग्रहे दर्शनीयाः ।

प्रमाणभ्रान्तिसंदेहाद्याकारेण मुनीश्वराः । बहुरूपं भवेच्चित्तं कालकर्मविपाकतः ॥ ८ ॥

तत्तदाकारसंभिन्नं विज्ञानं मुनिपुंगवाः । प्रमाणभ्रान्तिसंदेहाज्ञानमित्युच्यतेऽनघाः ॥ ९ ॥

अदुष्टकरणोत्पन्नं विज्ञानं मुनिपुंगवाः । प्रमाणज्ञानमित्युक्तं मुनिभिः सूक्ष्मदर्शिभिः ॥ १० ॥

कथमन्तःकरणस्य कर्तृत्वभोक्तृत्वादिकारणत्वमित्याशङ्क्य तदुपपादयितुं प्रमाणादिवृत्त्यात्मना नानारूपतामाह–**प्रमाणेति** । **कालकर्मविपाकत** इति । कालो हि कर्मपरिपाकस्य हेतुः । कालवशात्सुखदुःखहेतुभूतानां पुण्यपापात्मनां प्राणिकर्मणां यः परिपाकः फलप्रदानोन्मुखत्वं तस्मादित्यर्थः ॥ ८ ॥ तत्तद्विषयाकारवैचित्र्यादेव प्रमाणादिभेदव्यपदेश इत्याह–**तत्तदिति** । **विज्ञानमिति** । स्वरूपचैतन्यतादात्म्याध्यासेनैकीभूतमन्तःकरणवृत्तिज्ञानमित्यर्थः ॥ ९ ॥ तत्र प्रमाणस्य[1] स्वरूपमाह–**अदुष्टेति** । काचकामलादिदोषदूषितं चक्षुरादिकरणं शुक्तिरूप्यादिविभ्रमस्यानवधारणरूपस्य[2] संशयस्य च जनकमिति ततो व्यावर्तयति–**अदुष्टेति** ॥ १० ॥

आकार से–संबद्ध वही ज्ञान जीव नाम प्राप्त कर लेता है । (रज आदि गुणान्तर का मन्द अभिभव प्रधानभूत भी सत्त्व का मालिन्य है ।) जीवनामक आत्मा दो प्रकार से स्थित है–एक अर्थतः मुख्य है व दूसरा प्रतीतितः मुख्य है ॥ ५ ॥ अविद्या से बँधा–अविद्योपहित अर्थात् अविद्या वाला–आत्मा अर्थतः मुख्य है । स्थूल व सूक्ष्म शरीर से अवच्छिन्न–उनमें तादात्म्यनिश्चय वाला–प्रतीतितः मुख्य है । (साक्षी अर्थतः मुख्य और प्रमाता प्रतीतितः मुख्य है । हमें जीव का–अपना–अनुभव अधिकांश प्रमातृरूप से ही होता है जबकि प्रमाता है आत्माभास अतः वह वस्तुतः मुख्य आत्मशब्दार्थ नहीं फिर भी प्रतीति से वही प्रधान है । साक्षी तो चिद्रूप है, चिदाभास नहीं, अतः वही वस्तुतः मुख्य आत्मशब्दार्थ है । याद रखना चाहिये कि साक्षी व प्रमाता कोई पदार्थान्तर नहीं हैं, वही विज्ञान तत्तद् उपाधि से तत्तद्रूप प्रतीत होता है ।) विषयाकार वृत्तियों का संघातरूप चित्त ही जीवरूपता की अभिव्यक्ति में कारण है । जीव में–आत्मा में–ज्ञातृता, दुःखिता आदि का यह चित्त ही स्वतादात्म्याध्यास द्वारा कारण है ॥ ७ ॥ कालप्रेरित कर्मविपाक के अनुसार चित्त ही प्रमाण (प्रमा), भ्रम, सन्देह आदि विविध आकार ग्रहण करता है ॥ ८ ॥ उस उस चित्ताकार से अविविक्त आत्मविज्ञान प्रमाणज्ञान, भ्रान्तिज्ञान, सन्देहज्ञान आदि कहा जाता है । (वस्तुतः प्रमा आदि चित्तांश हैं, उनसे आत्मा में कोई अंतर नहीं; किन्तु दोनों को–चित्त व आत्मा को–एकमेक कर जानने से हमें ज्ञान में ही अंतर प्रतीत होता है ।) ॥ ९ ॥

निर्दुष्ट साधनों से उत्पन्न ज्ञान प्रमाणज्ञान कहा जाता है । ('सर्वप्रमाणानामनधिगतार्थगन्तृत्वात्' इस विवरण वाक्य के (वर्णक ८ पृ. १०१४ कल.) अनुसार अज्ञातार्थ-विषयक निश्चय ही प्रमा है । भ्रमविषय अज्ञात न होने से भ्रमनिश्चय प्रमा नहीं है । अत एव स्मृति भी प्रमा नहीं है । किं च ज्ञान ही प्रमा हो सकता है और ज्ञान वही होता है जो अज्ञाननिवर्तक हो जैसा कि अद्वैतसिद्धि में कहा है 'ज्ञानत्वस्य अज्ञाननिवर्तकमात्रवृत्तित्वात्' (पृ. ६५४ बम्बई) । अतः स्मृति व भ्रम ज्ञान ही नहीं तो प्रमा होने की सम्भावना ही कहाँ ? पूर्वोक्त नियमवशात् वेदान्त में चैतन्य ही प्रमा है क्योंकि वह अज्ञाननिवर्तक है । चित्तवृत्ति तो उसका साधन होने से प्रमाण है । अतएव न्यायरत्नावली में (पृ. २६८ प्र. द्वा.) ज्ञान का यह स्वरूप बताया है 'ज्ञानत्वं तु असत्त्वापादकत्वरूपजातिविशेषाश्रयाऽज्ञानविषयत्त्वाऽभावप्रयोजक-विशिष्टचित्त्वम्' । प्रयोजक वृत्ति को माना जा सकता है । यद्यपि प्रमाण भी चेतन ही है व प्रमा भी, तथापि विशेषण या उपाधि के भेद से अंतर है ।

---

१ प्रमितेरित्यर्थः । २ ग. घ. °स्य च सं° ।

दुष्टकारणविज्ञानं भ्रान्तिज्ञानं प्रचक्षते । कोटिद्वयावलम्बि स्यात्संदेहज्ञानमास्तिकाः ॥ ११ ॥

इत्थमेवेदमित्येवंरूपं यत्स्फुरणं बुधाः । स एव निश्चयः प्रोक्तः सम्यग्दर्शनतत्परैः ॥ १२ ॥

भ्रान्तेर्लक्षणमाह–**दुष्टेति** । दुष्टकारणवशादतस्मिंस्तद्बुद्धिर्भ्रान्तिरित्यर्थः । संशयं लक्षयति–**कोटिद्वयेति** । स्थाणुर्वा पुरुषो वेति विरुद्धानेककोटिद्वयावलम्बि ज्ञानं संशय इत्यर्थः ॥ ११ ॥ प्रमाणफलभूतस्य निश्चयस्य स्वरूपमाह–**इत्थमिति** । प्रमाणवृत्त्या व्याप्तस्य विषयस्य स्वाधिष्ठानचैतन्येन वा स्वस्वानुकारवृत्त्यवच्छिन्नचैतन्येन वा यत् स्फुरणं तद् निश्चय इत्यर्थः ॥ १२ ॥

यह भी रत्नावलीकारने बताया है 'विषयसंसृष्टवृत्त्यवच्छिन्नरूपेण प्रमात्वम् । विषयशरीराभ्यामसंसृष्टवृत्त्यवच्छिन्नरूपेण प्रमाणत्वम्' (पृ. २७५ प्र.द्वा.) । एवं च सिद्धान्तविन्दु में चिदंशों को ही जो प्रमाता आदि कहा है वह संगत है पुराणोक्तलक्षण आराम से समझा जा सकता है किन्तु अनुगत दोष का निरूपण न किया जा सकने से इसे तार्किक समाज समझने में अक्षम है ।) ॥ १० ॥ सदोष साधनों से उत्पन्न हुआ ज्ञान भ्रान्तिज्ञान कहा जाता है । (बाध्याकार-अविद्यावृत्ति-प्रतिबिम्बित चेतन भ्रमज्ञान है । न्यायरत्नावली की उक्ति है 'प्रातिभासिकरजताद्यवच्छेदेन रजताकारायामविद्यावृत्तौ प्रतिबिम्बिते प्रतिबिम्बाश्रयवृत्त्यवच्छेदकत्वेन सम्बन्धेन प्रातिभासिके सम्बन्धत्वाज्जीवस्य ... रजतादिभानम्' (पृ. २८१ प्र. द्वा.) । पूर्ववत् तादृश अविद्यावृत्ति को भी भ्रमज्ञान कह सकते हैं । किन्तु क्योंकि अविद्यावृत्ति अज्ञाननाशिका या अज्ञाननाशप्रयोजिका नहीं होती इसलिए उसका ज्ञानत्व गौण ही है । सिद्धिवाक्य है 'अविद्यावृत्तौ यत्र ज्ञानपदप्रयोगस्तत्रौपचारिक एव' (पृ. ६५४ बंबई) । इच्छाजनक वृत्तिमात्र ज्ञान कह दिया जाता है अतः रजतादि ग्रहण की इच्छा का जनक रजतानुभव भी ज्ञान कहा जाये तो आपत्ति नहीं । पुराणोक्त लक्षण सरल है । किन्तु अनुगत दोष या दोषों की इयत्ता बतायी न जा सकने से तथा मूल भ्रम में दोष-सहितता न होने से विचारकों ने अन्य प्रकार से लक्षण बनाने का प्रयास किया है । निरुक्त लक्षण में अविद्यापद स्पष्टीकरणार्थ है । बाध्याकारवृत्तिप्रतिबिम्बितचेतन–इतना ही पर्याप्त है । व्यावहारिक स्थल में वह वृत्ति मन की तथा प्रातिभासिक स्थल में अविद्या की होगी । प्रकृत भ्रम प्रातीतिक विषयक मानकर अविद्यापद रखा है । एवं च मूलभ्रम का भी संग्रह संभव है । बाध्याकारवृत्ति का अर्थ है बाध्य जो रजतादि उनके आकार की वृत्ति ।) 'है' और 'नहीं है' यों दो कोटियों को विषय करने वाला ज्ञान सन्देहज्ञान कहा जाता है । (वेदान्ततत्त्वविवेक के (पृ. २६-२७) अनुसार सन्देह का लक्षण है–'एकविशेष्यकत्वावच्छिन्नस्वविशेष्ये स्वस्वविरुद्धाकारद्वय-वैशिष्ट्यावगाह्यविद्यावृत्तिविशेषः' । 'स्व' से लिलक्षयिषित 'स्थाणु र्वा न वा' या 'स्थाणु र्वा पुरुषो वा' आदि अनुभव समझना चाहिये । समूहालम्बन ज्ञान में अतिव्याप्तिवारणार्थ 'एकविशेष्यकत्वावच्छिन्न' विशेषण है । स्वेत्यादि में स्वाकार और स्वविरुद्धाकार–ये आकारद्वय समझने चाहिये । विरोध भी यह विवक्षित है– 'स्वप्रयोज्यैकप्रवृत्तिविषयताऽनवच्छेदकत्वम्' । अर्थात् स्वप्रकारकज्ञानप्रयुक्तप्रवृत्ति-विषयता का जो अवच्छेदक न बन सके वह स्वविरुद्ध होगा । स्व से स्थाणुत्व समझें तो स्थाणुत्वप्रकारकज्ञान होगा 'यह स्थाणु है' यह ज्ञान तत्प्रयुक्त प्रवृत्ति छेदनादि होगी उसकी विषयता जिस स्थाणुव्यक्ति में रहेगी उसमें पुरुषता न रहने से पुरुषता तादृश विषयता का अवच्छेदक नहीं बनेगी । अतः स्थाणुत्व का पुरुषत्व से विरोध है । भाव-अभाव में ही विरोध मानने पर भी यही व्यवस्था है । संदेह भी है अविद्यावृत्ति ही । यहाँ भी तादृशवृत्ति से अवच्छिन्न चित् ही संदेहज्ञान है व ज्ञानपद औपचारिक है । पुराणोक्त लक्षण का भी तात्पर्य यही है ।) ॥ ११ ॥ 'ऐसा ही है'–इस तरह का अनुभव निश्चय कहा गया है । (नृसिंहाश्रमस्वामी ने पूर्वोक्त विवेकग्रंथ में ही निश्चय का भी लक्षण बताया है 'यज्ज्ञानं यत्संशयनिवृत्त्यनुकूलस्वरूपविशेषवत् तत् तन्निश्चयः' (पृ २९) । यहाँ भी प्रमात्मक निश्चय मनोवृत्त्यवच्छिन्न चित् तथा भ्रमात्मक निश्चय तादृश अविद्यावृत्त्यवच्छिन्न चित् समझनी चाहिये । शंका हो सकती है कि मानसोल्लास में 'मनो बुद्धिरहंकारश्चित्तं करणमान्तरम् । संशयो निश्चयो गर्वः स्मरणं विषया अमी ।

ज्ञानस्य तेन संबन्धः प्रामाण्यं कथितं मया ।

प्रमाणज्ञानसामग्र्यः षण्मयाऽभिहिता बुधाः ॥ १३ ॥

तत्रैकाऽभावविज्ञानसामग्री कथिता द्विजाः । अन्या तु भावविज्ञानसामग्री परिकीर्तिता ॥ १४ ॥

ईदृक् स्फुरणं यस्मिन्बुद्धिवृत्तिविशेषे तस्यैव प्रामाण्यमित्याह–**ज्ञानस्येति** । एवं चायं घट इत्यादिवृत्तिज्ञानेषु स्वाकारसमर्पकघटादिविषयस्फुरणसद्भावात्तेषां प्रामाण्यम् । इदं रजतमित्यादिविभ्रमज्ञाने त्विदमाकारगोचरा मनोवृत्तिरेका, तदवृत्त्यवच्छिन्नचैतन्यस्थमायापरिणामरूपा[1] शुक्त्यधिष्ठानचैतन्यस्थमायाविवर्तरजतगोचरापरा वृत्तिरिति वृत्तिद्वयम् । तदुभयमपि शुक्त्यधिष्ठानभाक्त्वेन वृत्त्यवच्छिन्नत्वेन चोभयत्रानुगतमेकमेतच्चैतन्यमभिव्यनक्ति । तच्च वृत्तिद्वयाभिव्यक्तत्वादारोप्याधिष्ठानलक्षणं विषयद्वयं संसृष्टत्वेन स्फोरयति । तथा च विशिष्टस्फुरणस्येदमाकारविषयमनोवृत्तेश्च संवन्धाभावात्तत्राप्रामाण्यम् । इदमाकारमात्रस्फुरणस्य च संवन्धात्तस्मिन्नंशे प्रामाण्यम् । उक्तं हि–'सर्वं[2] वस्तुज्ञानं धर्मिण्यभ्रान्तं प्रकारे तु विपर्ययः' इति । तच्च [3]प्रमाणं षड्विधमित्याह–**प्रमाणज्ञानेति** ॥ १३ ॥ भावाभावलक्षणविषयद्वैविध्येन तेषां प्रमाणानां [4]द्वैविध्यमाह–**तत्रैकेति** ॥ १४ ॥

(२.३५-३६) कहकर सूचित किया है कि संशय व स्मृति मनोवृत्तियाँ हैं । श्रुति में भी विचिकित्साशब्दित संशय को मन ही बताया है । तब इनकी अविद्यावृत्तिता कैसे ? इसका निराकरण यों समझना चाहिये कि क्योंकि संशय भी विशेष्याकार मनोवृत्तिघटति होता है–पुरोवर्ती आदि विशेष्यविषयक प्रत्यक्षाद्यात्मक मनोवृत्ति बनती है–इसलिये उसे मनोवृत्ति कह दिया गया है । स्मृति का मूल कारण क्योंकि अनुभवरूप मनोवृत्ति होती है इसलिये उसे भी मनोवृत्ति कह देते हैं । भ्रम की स्मृति को इसलिए मनोवृत्ति कहते हैं कि तज्जातीय प्रमास्मृति मनोवृत्तिरूप अनुभवमूलक होती है । अथवा भ्रम भी अधिष्ठानज्ञानपूर्वक होने से मनोवृत्तिमूलक है ही अतः उसे मानकर भ्रमस्मृति को भी मनोवृत्ति कह देते हैं । संशय की अविद्यावृत्तिता में नृसिंहाश्रमोक्ति प्रमाण है (वेदान्ततत्त्वविवेक-दीपन द्र. २६) । स्मृति को गौडब्रह्मानन्दस्वामी ने अविद्यावृत्तिरूप बताया ही है (न्या. रत्न. पृ. २६६ पृ. द्वा.) । निश्चयको यों भी समझा जा सकता है–'असत्त्वापादकावरण-निवृत्त्युपलक्षितचित्त्वं निश्चयत्वम् ।' एवं च निवर्तकोपाधि वृत्ति न रह जाने पर भी निश्चय बना रहने में विरोध नहीं ।) ॥ १२ ॥ पूर्वोक्त निश्चय में ज्ञानत्व रहना ही तादृश निश्चय की प्रमाणता है । ('ज्ञानस्य' यह भावप्रधाननिर्देश है । निश्चय भ्रमरूप भी होता है और प्रमारूप भी । भ्रमरूपनिश्चय अविद्यावृत्ति होने से ज्ञान नहीं होता क्योंकि ज्ञान वही होता है जो अज्ञान का निवर्तक हो और भ्रम किसी अज्ञान का निवर्तक नहीं । एवं च जिस निश्चय में ज्ञानत्व होगा वह अवश्य प्रमा होगा । निश्चय के द्वितीय लक्षण को भ्रमनिश्चय में संगत करने के लिए अभिमतपद का निवेश करना चाहिये–असत्त्वापादकावरणनिवृत्तित्वेनाभिमतोपलक्षितचित्त्वम् । प्रामाण्य के पुराणोक्त लक्षण से ज्ञानत्व को ही प्रमात्व कह सकते हैं जो स्वतःप्रामाण्यसिद्धान्त के अनुकूल है ।) प्रमा की छह सामग्रियाँ बतायी गयी हैं । (कारणसमुदाय की समग्रता 'सामग्री' शब्द का अर्थ है ।) ॥ १३ ॥ एक अभावानुभव की सामग्री है व अन्य भावानुभव की ॥ १४ ॥ जो अनुभव योग्यानुपलब्धि से होता है उसे अभावानुभव कहते हैं अर्थात् अभावानुभव की सामग्री है योग्यानुपलब्धि । (जो योग्य होते हुए अनुपलब्धि हो उसे योग्यानुपलब्धि कहते हैं । अनुपलब्धि की योग्यता का अर्थ है कि प्रतियोगिभिन्न वह सम्पूर्ण सामग्री हो जो प्रतियोगिग्रहण के लिए चाहिये और प्रतियोगिसत्त्व का आपादन किया गया हो किन्तु उपलब्धि न हो ।

---

१ घ. ङ. °न्यस्य मा° । २ ख. ग. घ. च. °र्वं ज्ञा° । ३ ङ. प्रामाण्यं । ४ ग. घ. ङ. द्वैराश्यमाह ।

यद्योग्यानुपलब्ध्यैव जन्यं विज्ञानमास्तिकाः । तत्स्यादभावविज्ञानं धार्मिका वेदवित्तमाः ॥ १५ ॥

इन्द्रियोत्पन्नविज्ञानं प्रत्यक्षं परिभाषितम् । व्याप्तिजन्यपरिज्ञानमनुमानमितीष्यते ॥ १६ ॥

सादृश्यहेतुजं ज्ञानमुपमानमुदाहृतम् । अर्थापत्तिरिति प्रोक्तं विप्रा अनुपपत्तिजम् ॥ १७ ॥

तत्राभावग्राहकप्रमाणमाह–**यद्योग्येति** । अनुपलम्भमात्रस्याभावज्ञानजनकत्वमतिप्रसक्तमिति विशिनष्टि–**योग्येति** । प्रतियोगिव्यतिरिक्तप्रतियोगिग्रहणसामग्रीसत्त्वमनुपलब्धेर्योग्यत्वम् । तथाविधयाऽनुपलब्ध्या यत्प्रमेयाभावगोचरं ज्ञानं जन्यते तदभावग्राहकं प्रमाणमित्यर्थः । तदुक्तं–'प्रमाणपञ्चकं यत्र वस्तुरूपेण जायते । वस्तुसत्तावबोधार्थं तत्र भावः प्रमाणता' ॥ इति ॥ १५ ॥ भावग्राहकाणां मध्ये प्रत्यक्षं लक्षयति–**इन्द्रियोत्पन्नेति** । उक्तं हि–'इन्द्रियार्थसंनिकर्षोत्पन्नं ज्ञानमव्यभिचारिव्यवसायात्मकं प्रत्यक्षमि'ति । अनुमानस्वरूपमाह–**व्याप्तीति** । नियतसंबन्धयोर्व्याप्यव्यापकयोर्धूमाग्न्योर्मध्ये व्याप्यदर्शनबलाद्व्यापकगोचरज्ञानं तदनुमानं, व्याप्यदर्शनाद्व्यापके बुद्धिरनुमानमिति तत्त्वविदः ॥ १६ ॥ उपमानं लक्षयति–**सादृश्येति** । नगरे पूर्वमनुभूतगोपिण्डस्य वनमुपेयुषस्तत्र गवयं साक्षात्कुर्वतो नागरिकस्यानेन सदृशी मदीया गौरिति गवयनिष्ठसादृश्यहेतुकमसंनिहितगोगतसादृश्यविषयं यज्ज्ञानं तदुपमानमित्यर्थः । अर्थापत्तिस्वरूपमाह–**अर्थापत्तिरिति** । अनुपपद्यमानार्थदर्शनादुपपादके बुद्धिरर्थापत्तिः । यथा जीवतो देवदत्तस्य गृहाभावो बहिःसत्तामन्तरेण नावकल्पत इति तत्सत्तामन्यत्र कल्पयति । बहिस्तद्भावगोचरं[1] ज्ञानमर्थापत्तिरित्यर्थः ॥ १७ ॥

प्रतियोगी के उपलब्ध्यभाव से प्रतियोग्यभाव की प्रमा होती है–यह संक्षेप है । इससे अभाव से भावजनि का प्रसंग नहीं । उपलब्ध्यभाव अज्ञान से अनुमेय है क्योंकि अज्ञान ज्ञानाभावव्याप्य है । और अज्ञान साक्षिप्रत्यक्ष भाववस्तु है । इस प्रकार ज्ञात उपलब्ध्यभाव ही अभावप्रमा का साधन होता है, न कि अज्ञात । यदि अज्ञात अनुपलब्धि को ही कारण मानते तो अभाव का प्रत्यक्ष होने लगता क्योंकि ज्ञानाकरणक ज्ञान प्रत्यक्ष होता है । तैत्तिरीयभाष्यटीका में कहा गया है 'ज्ञातस्य योग्यानुपलम्भस्य अभावप्रमितिहेतुत्वं, सत्तया तु प्रमितिहेतुत्वेऽभावप्रमायाः प्रत्यक्षत्वापातः' (शीक्षा-१) । उपलब्ध्यभावज्ञान भाववस्तु है ही । यह ज्ञान पुनः अनुपलब्धि से होता तो अनवस्था हो जाती । साक्षिगम्य अज्ञान से अनुमेय मानने से यह आपत्ति नहीं है ।) ॥ १५ ॥ अन्य पाँच भावानुभव की सामग्रियाँ हैं । इन्द्रियों से उत्पन्न अनुभव प्रत्यक्ष कहा जाता है । (सामान्यतः यह लक्षण संगत है । अन्य दार्शनिकों ने यही स्वीकारा है । गौतम महर्षि ने 'इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नम्' इत्यादि सूत्र से यही कहा है । मीमांसक भी 'सत्सम्प्रयोगे पुरुषस्येन्द्रियाणां बुद्धिजन्म तत्प्रत्यक्षम्' (जै. सू. १.१.४) कहकर इस लक्षण को मान्यता देते हैं । कौमुदी में मिश्र जी ने बताया है 'उपात्तविषयाणामिन्द्रियाणां वृत्तौ सत्यां तमोऽभिभवे सति यः सत्त्वसमुद्रेकः सोऽध्यवसाय इति वृत्तिरिति ज्ञानमिति चाख्यायते, इदं तावत् प्रत्यक्षं प्रमाणम्' (कारिका ५); एवं च सांख्याभिमत भी यही है । योगवार्तिक (१.७) भी इन्द्रियप्रणाली से गये चित्त की वृत्ति की प्रमाणता प्रतिपादित कर इसे मान्यता देता है । प्रशस्तपाद का भी यही अभिप्राय है क्योंकि वे कहते हैं 'अक्षमक्षं प्रतीत्योत्पद्यत इति प्रत्यक्षम्' । किन्तु मन को इन्द्रिय न मानने से तथा मनोवृत्तिरूप सुखादि का भी प्रत्यक्ष स्वीकारने से वेदान्त में इतना लक्षण पर्याप्त नहीं । अतः वृत्त्यवच्छिन्नचैतन्याऽभिन्नविषयावच्छिन्न चैतन्य ही सिद्धान्ताभिमत प्रत्यक्षानुभव है ।) व्याप्ति से उत्पन्न हुआ ज्ञान अनुमान कहा जाता है । (हेतु के सभी आश्रयों में साध्य रहता है ऐसा निश्चय या हेतु साध्याभाव वाले में कभी नहीं रहता ऐसा निश्चय व्याप्ति कहलाता है । 'व्याप्ति से उत्पन्न' का तात्पर्य है कि व्याप्तिप्रकारक हेतुविशेष्यक ज्ञान के फलस्वरूप जो साध्यनिश्चय होता है वह अनुमिति है । 'मान' शब्द मितिपरक है ।) ॥ १६ ॥ सादृश्य

---

१ ग. घ. "स्तत्सद्भा" ।

तात्पर्योपेतशब्दोत्थज्ञानं शाब्दमुदाहृतम् । शब्दस्तु ब्रह्मविच्छ्रेष्ठास्त्रिविधिः परिकीर्तितः ॥ १८ ॥

अक्षराणि तथा विप्राः पदानि च तथैव च । वाक्यानि चेति तत्रापि केषांचिद् द्विजपुगाः ॥ १९ ॥

अथाऽऽगमं[1] लक्षयति–**तात्पर्योपेतेति** । 'उपक्रमोपसंहारावभ्यासोऽपूर्वताफलम् । अर्थवादोपपत्ती च लिङ्गं तात्पर्यनिश्चये'। इत्येवंभूततात्पर्यलिङ्गोपेताच्छब्दाद्यदभिधेयगोचरं ज्ञानं तच्छाब्दं प्रमाणमित्यर्थः । तस्याक्षरपदवाक्यभेदेन त्रैविध्यमाह–**शब्दस्त्विति** । केषांचिदाचार्याणां मते वर्णानामेवार्थवाचकत्वमित्याह–**केषांचिदिति** । यदाहुर्भाष्यकाराः–'वर्णा एव तु शब्द इति भगवानुपवर्षः' इति । एकार्थप्रतिपादकत्वोपाधिपरिगृहीतानां वर्णानामेवार्थवाचकत्वं, ततोऽतिरिक्तः स्फोटापरपर्यायः शब्दो नास्तीत्येवकारार्थः ॥ १८-१९ ॥

के कारण उपजे ज्ञान को उपमान कहते हैं । (सादृश्य का अर्थ है--तदसाधारणधर्मरहितत्वे सति तद्गतधर्मवत्त्वम् । जिन वस्तुओं में परस्पर सादृश्य होता है उनके असाधारण धर्म विभिन्न होते हैं--या कम से कम वे व्यक्ति विभिन्न होते हैं, तथा उनमें कोई या कुछ धर्म समान होते हैं । सादृश्यज्ञान उपमिति है और उसका साधन भी सादृश्यज्ञान ही है । प्रत्यक्ष सादृश्यज्ञान साधन व परोक्षसादृश्यज्ञान फल है । प्रत्यक्ष गवय में रहने वाले गोसादृश्य से परोक्ष गाय में रहने वाला जो गवयसादृश्य का ज्ञान होता है वह उपमिति कहा जाता है । इस प्रमाण की विशेष आवश्यकता मीमांसा में है । जैसे सौर्यादि विकृतियों में जो आग्नेय धर्मों की प्राप्ति होती है वह सौर्य व आग्नेय में समान द्रव्य-देवता आदि के ज्ञान से ही संभव है । आग्नेय में सौर्यसादृश्य के ज्ञान से सौर्य में आग्नेयसादृश्य का उपमित्यात्मक निश्चय होता है जिससे सौर्य का अनुष्ठान आग्नेय के अवयवों से–अर्थात् आग्नेय के ढंग–से कर लिया जाता है । प्रतिनिधिनिर्णय में भी यह काम देता है । कमलाकरभट्ट ने 'मीमांसाकुतूहल' में यह स्पष्ट किया है । मिथ्या नील गगनादि के दर्शन से घटगत मिथ्यात्व का उपमित्यात्मक निश्चय होता है ।) अनुपपत्ति के कारण होने वाला निश्चय अर्थापत्ति है । (उपपाद्य ज्ञान से जो उपपादक की कल्पना की जाती है वही अर्थापत्ति कहलाती है । दृष्ट व श्रुत भेद से यह दो प्रकार की है । शब्द से अतिरिक्त प्रमाण से ज्ञात उपपाद्यवश उपपादक कल्पना दृष्टार्थापत्ति है । शब्दप्रमाण से उत्पन्न ज्ञान के उपपादक की कल्पना श्रुतार्थापत्ति है । श्रुतार्थापत्ति पुनः द्विविध है--एक में पदकल्पना होती है व दूसरी में अर्थकल्पना । जैसे 'दरवाजा' इतना ही सुनने पर 'बिना क्रिया से अन्वित हुए इस शब्द का बोधकत्व संगत नहीं' अतः 'बन्द करो' या 'खोलो' आदि पद की कल्पना होती है । तथा 'आत्मज्ञान से शोकनिवृत्ति होती है' यह श्रुतिवाक्य शोकसत्यत्व होने पर संगत नहीं, अतः शोकमिथ्यात्व की कल्पना होती है । अपूर्व, माया आदि अर्थ ऐसे ही सिद्ध होते हैं । क्योंकि व्याप्तिस्मृति, लिंगदर्शन आदि के बिना यह निश्चय होता है अतः इसे अनुमान के अंतर्गत मानने का प्रयास क्लिष्ट कल्पना है ।) ॥ १७ ॥ तात्पर्ययुक्त शब्द से हुआ ज्ञान शाब्दबोध कहा जाता है । जिस तात्पर्य से शब्द का प्रयोग हुआ है उसे समझना शाब्दी प्रमा है । तात्पर्य से भिन्न अर्थ समझना शाब्दभ्रम है । शाब्दीप्रमा में तात्पर्य सत्तया ही कारण

---

१ प्रत्यक्षादीनामनात्मविषयत्वध्रौव्यात्तत्साजात्यं शब्दस्यात्मविषयोनात्मविषयश्चेति वैजात्यमभिप्रेत्यानात्मानप्रतिपादनानन्तर्यमथशब्दार्थः । तदेतन्मूल एव (श्लो. ३३) स्पष्टीस्यात् ।

अर्थानामक्षराण्येव वाचकानि तथैव च । अर्थानामपि केषांचित्पदान्येव द्विजोत्तमाः ॥ २० ॥

ततः स्फोटवादिमतमाह–**अर्थानामिति** । केषांचिन्मतेऽर्थानां पदान्येव वाचकानि बहुषु वर्णेषूच्चारितेष्विदमेकं पदमिति या बुद्धिर्जायते तद्विषयभूतो वर्णाभिव्यङ्ग्यः पदस्फोटः । तदुक्तं वाक्यपदीये–'नादैराहितबीजायां मध्येन ध्वनिना सह । आवृत्तपरिपाकायां बुद्धौ शब्दो व्यवस्थितः' ॥ इति । स एवार्थस्य वाचकः । वर्णास्तु केवलं तदभिव्यक्तिहेतवो नार्थाभिधायका इत्यवधारणार्थः ॥ २० ॥

है अन्यथा शाब्दबोध ही व्यर्थ हो जायेगा । एवं च शब्दजन्य शब्दतात्पर्यज्ञान शाब्दी प्रमा है । यह ज्ञान शक्ति से भी हो सकता है, लक्षणा से भी तथा शब्दविषयक ऊहापोह से भी । अर्थनिश्चय तक का काम शब्द करता है । बृहद्वार्तिकटीका में कहा गया है 'अर्थनिश्चयपर्यन्तं प्रवृत्ता वाक्' (१.५.१३२) । शब्द भी तीन प्रकार का माना गया है ॥ १८ ॥ कुछ आचार्य अक्षरों को ही शब्द मानते हैं । अन्य लोग पदों को व कोई तो वाक्य को ही शब्द मानते हैं ॥ १९ ॥ प्रथम मान्यता वालों का कहना है कि अक्षर ही अर्थ के वाचक हैं ('गौः' शब्द से गाय अर्थ प्रतीत होता है । यहाँ वह कौन वस्तु है जिससे अर्थप्रतीति होती है ? यह शंका होने पर गकार, औकार और विसर्ग से अतिरिक्त कुछ उपलब्ध न होने से वे ही–गकारादि अक्षर ही–अर्थप्रत्यायक हैं, ऐसा उनका अभिप्राय है । जिन क्रमविशिष्ट वर्णों में एक वस्तु के ज्ञान की कारणता वृद्ध-व्यवहार से गृहीत है वे वर्ण ही अर्थबोधक हैं । पद व वाक्य दोनों रूपों में उपस्थित अक्षर शाब्दबोध करा देते हैं । इस विषय का निपुणतर उपपादन देवताधिकरण के (१.३.९.२८) शंकरभाष्यादि में देखना चाहिये । अन्यों ने भी कहा है 'यावन्तो यादृशा ये च यदर्थप्रतिपादकाः । वर्णाः प्रज्ञातसामर्थ्याः ते तथैवावबोधकाः ॥' (श्लोकवार्तिक स्फोट. ६९) । द्वितीय मान्यता वालों का अभिप्राय है कि क्रमविशिष्ट नाना वर्णों को सुनकर जो यह ज्ञान होता है कि 'यह एक शब्द है, उस ज्ञान का विषय कोई एक शब्दरूप वस्तु होनी चाहिये । यदि वर्णातिरिक्त वह वस्तु न होती तो यही ज्ञान होता कि 'ये कुछ अक्षर हैं' । अथवा 'यह एक शब्द है' इस ज्ञान का कभी बाध होता किंतु ऐसा होता नहीं । अबाधित ज्ञान यही होता है कि यह एक शब्द है । वस्तु के विना ज्ञान माना नहीं जा सकता अन्यथा सौगतमतप्रवेश हो जायेगा । अतः वर्णों से अतिरिक्त एक पद नामक वस्तु माननी पड़ेगी । वह वस्तु ही अर्थवाचक है ।) ॥ २० ॥ तृतीय मतावलम्बियों का कथन है कि अर्थों के वाचक वाक्य हैं जो दीपक की तरह अज्ञातज्ञापक होने से प्रमाण हैं । (इनका तात्पर्य है कि पद तो केवल स्मृति कराते हैं अतः प्रमोत्पादक या अज्ञातज्ञापक हो नहीं सकते । शब्दप्रयोग होता है अज्ञातज्ञापन के लिए । अज्ञात का ज्ञान वाक्य से ही होता है । 'यह एक वाक्य हुआ' इस अनुभव से पद की ही तरह वाक्य नामक वस्तु सिद्ध होती है । जो स्थान पद में वर्णों का है वह वाक्य में पदों का या वर्णों का समझ सकते हैं–जैसे वर्णों से पद नामक वस्तु अभिव्यक्त होती है वैसे वर्णों या पदों से वाक्य नामक वस्तु अभिव्यक्ति होती है और वही अज्ञात अर्थ की ज्ञापक या वाचक है । शब्द को उत्पादक नहीं प्रकाशक समझना चाहिये, इसके लिए दीप का दृष्टान्त दिया । शास्त्र ज्ञापक है यही सिद्धान्त है । वार्तिक में भी कहा गया है 'प्रकाशिकैव चात्यन्तं वाग्रूपस्येति निश्चितिः' (बृ. वा. १.५.१४०) ॥ २१ ॥ कुछ पद एक अक्षर वाले होते हैं व कुछ पद अनेक अक्षरों वाले होते हैं । ('अशब्दः स्यादभावेऽपि' इत्यादि मेदिनी तथा अन्यत्र अनेक एकाक्षर शब्द प्रसिद्ध हैं ।

वाचकानि च वाक्यानि तथैव ब्रह्मवित्तमाः । अर्थानामपि केषांचित्प्रमाणानि प्रदीपवत् ॥ २१ ॥

भवन्त्येकाक्षराण्येव पदानि द्विजपुंगवाः । अक्षराणि च संभूय पदानि स्युस्तथैव च ॥ २२ ॥

पदानां समुदायस्तु भवेद्वाक्यं द्विजोत्तमाः । प्रधानं गुणभूतं च द्विविधं वाक्यमीरितम् ॥ २३ ॥

वाक्यस्फोटमाह–**वाचकानीति** । केषांचिन्मते वाक्यस्फोट एव शब्दः स एवार्थस्याभिधायकः । पदानि तु तद्व्यञ्जकत्वेन तत्स्वरूपे परिकल्पितानीत्यर्थः । तदुक्तं कैयटकारेण–'वाक्यमेव वाचकम् । वाक्यार्थ एव वाच्यः । पदानि तु वर्णवदनर्थकान्येव' इति । वाक्यपदीयेऽप्युक्तम्–'द्विधा कैश्चित्पदं भिन्नं चतुर्धा पञ्चधाऽपि वा । अपोद्धृत्यैव वाक्येभ्यः प्रकृतिप्रत्ययादिवत्' ॥ इति ॥ २१ ॥ एकाक्षरानेकाक्षरभेदेन पदानां द्वैविध्यमाह–**भवन्त्येकेति** ॥ २२ ॥ अथ क्रियाकारकपदसमुदायात्मकं वाक्यमाह–**पदानामिति** । एकार्थावच्छेदकमाकाङ्क्षासंनिधियोग्यतावत्पदकदम्बकं वाक्यमित्यर्थः[1] । तदुक्तं जैमिनिना–'अर्थैकत्वादेकं वाक्यं साकाङ्क्षं चेद्विभागे स्यादि'ति । तस्य प्रधानगुणभावेन द्वैविध्यमाह–**प्रधानमिति** ॥ २३ ॥

पुरीषमूत्रसंपूर्णे जठरे गर्भतां गतः । दुःखमेव सदा याति न किंचित्सुखमाप्नुयात् ॥ ४९ ॥

जरायुमध्ये निश्छिद्रे निमग्नो गर्भतां गतः ।

दुःखमेव सदा याति न किंचित्सुखमाप्नुयात् ॥ ५० ॥

रौरवादिषु यद्दुःखं नरकेषु निरन्तरम् । गर्भे तत्कोटिगुणितं भवेद् दुःखं न संशयः ॥ ५१ ॥

गर्भे तु जायमानस्य दुःखं वक्तुं न शक्यते ।

अहो दुर्वास एवास्य गर्भवासो मुनीश्वराः ॥ ५२ ॥

बाल्ये पीडा महातीव्रा गणपीडा महत्तरा । पिपीलिकादिपीडा च परिहर्तुं न शक्यते ॥ ५३ ॥

॥ ५३-६७ ॥

कि जन्म के आदिकाल से ही शरीर दुःख का ही निमित्त बना हुआ है ।) ॥ ४५ ॥ बुद्बुद बने भ्रूण पर भी कृमियों का आक्रमण चलता रहता है । तब भी दुःख ही होता है, सुख नहीं । (सात दिन तक रह चुका कलल बुद्बुद कहा जाता है ।) ॥ ४६ ॥ गर्भ माता की जठराग्नि की गर्मी से तपता रहता है । तब कौन सुख होता है ? दुःख ही होता है ॥ ४७ ॥ पेट की वायु से टक्कर खाकर जब गर्भ चक्कर खाता है तब दुःख ही होता है, कोई सुख नहीं ॥ ४८ ॥ गर्भाशय के आस-पास मल-मूत्र ही पड़ा रहता है । उस घृणित वातावरण में पड़ा गर्भशरीर कोई सुख नहीं दे पाता, दुःख का ही जनक होता है ॥ ४९ ॥ बिना छेद वाले जरायु (गर्भवेष्टन) से घिरा शरीर (ताज़ी वायु आदि के अभाव में) दुःख ही देता है, सुख नहीं ॥ ५० ॥ रौरवादि नरकों में जो दुःख होता है उससे करोड़ गुणा अधिक दुःख गर्भ में होता है इसमें कोई संदेह नहीं ॥ ५१ ॥ गर्भावस्था का दुःख तो इतना भीषण होता है कि उसे बताना असंभव है । अतः गर्भवास दुर्वास ही है ॥ ५२ ॥

उत्पन्न हो जाने पर महातीव्र नाना पीडायें होती हैं । सच्चे या काल्पनिक पिशाच आदि से भय आदि पीडा बहुत अधिक होती है। चींटी आदि का कष्ट तो बच्चा हटा भी नहीं सकता ॥ ५३ ॥ रोग, भूख

व्याधिपीडा महातीव्रा क्षुत्पीडा च दिने दिने ।
पिपासा च महापीडा कथं याति[1] सुखं नरः[2] ॥ ५४ ॥
अक्षरग्रहणे पीडा पीडा च पठने तथा । शब्दजालस्य दुःखाब्धेर्न पारो दृश्यते मया ॥ ५५ ॥
श्रौतस्मार्तसदाचारे महापीडा च दारुणा । निषिद्धपरिहारे च कथं याति सुखं नरः ॥ ५६ ॥
यौवने च महादुःखं स्त्रीसंसर्गे महत्तरम्[3] । स्त्रीभोगात्मकता दुःखं दुःखमेव विचारतः ॥ ५७ ॥

और प्यास से परेशान बच्चा क्योंकर सुखी रहेगा ? ॥ ५४ ॥ कुछ बड़ा होने पर विद्यालय जाना पड़ता है । पहले तो घर छोड़कर अनजान लोगों में जाना ही महान् कष्ट है । किसी तरह वहाँ पहुँच जायें तो अक्षरों को समझना बड़ा भारी झमेला है । फिर पढ़ना; उसके कष्ट का तो क्या कहा जाये ! हर उच्चारण गलत ही निकलता है । राक्षसों के सींग और जानवरों की पूँछ जैसी मात्राओं से युक्त लम्बे लम्बे शब्द देखकर वैसा ही भय लगता है जैसा अकेले किसी हिंस्रजन्तुसमाकुल वन में फँस जाने पर । शब्दजाल तो समुद्र की तरह अथाह है । चाहे जितना कोष रटें, हर दूसरे वाक्य में कोई न कोई अज्ञातार्थ पद उपस्थित हो ही जाता है । अध्ययन तो महान् कष्ट का काल है ॥ ५५ ॥ श्रौत व स्मार्त सदाचार हृदयविदारक पीडा देता है । प्रातः ठण्ड में उठना, स्नान करना, सन्ध्या करना, अध्ययन करना, समय-समय पर धुआँ उगलती आग के सामने बैठकर आहुतियाँ डालना, लकड़ी आदि काट कर लाना, आफत आने पर भी सच बोलना, अस्पृश्यस्पर्श आदि अनंत निमित्त हो जाने पर स्नान करना, शाम को खेलने के समय पुनः संध्या करना आदि अनगिनत कर्म दुःख ही दुःख देते हैं । फिर निषेध उपस्थित रहते हैं । नहाये बिना खाना नहीं, बासी मत खाना, जूठा न खाना, बाजार का बना न खाना, यों कपड़ा न पहनना, यों सिर न खुजाना, इस दिशा में विष्ठादि न छोड़ना, इधर न थूकना, दिन में न सोना, बड़ों से ऐसे मत बोलना, गाली न देना, अमुक का दर्शन न करना, अमुक बातें न सुनना, न जाने कितने निषेधों से घिरे रहते हैं हम सब । कहाँ इस परम बंधन में सुख की संभावना है ? ॥ ५६ ॥

यौवन के दुःख और अधिक परेशान करते हैं । पहले तो स्त्रियों की वांछा दुःख देती है । पुरुष निर्णय नहीं कर पाता कि कौन-सी स्त्री मेरे अनुकूल होगी । ऐसे ही स्त्रियों को अपने योग्य वर नहीं मिल पाते । सब परेशान रहते हैं । कथंचित् स्त्री-पुरुष का संबंध हो जाये तो आरम्भ में ही महान् आपत्ति होती है । स्त्री को तो पति समेत सभी नये व पराये दीखते हैं, वह सहमी ही रहती है । पुरुष भी न तो पूरा विश्वास ही कर पाता है न अविश्वास करने की हिम्मत करता है । बल्कि हर चेष्टा में अत्यधिक सावधान रहता है कि कहीं उसकी पत्नी उसे फूहड़ न समझ ले । स्त्री का भोग करने के

१ ग. यान्ति । २ ग. नराः । ३ 'स्त्रीवियोगान्महादुःखं दुःखमेव विचारतः' इति श्लोकार्धमधिकं कुत्रचिद् दृश्यते ।

स्त्रीणामाराधने दुःखं तासां संरक्षणेऽपि च ।

तासां परिभवे दुःखं दुःखमेव विचारतः ॥ ५८ ॥

वस्त्रसंपादने दुःखं भूषणानां तथैव च । रक्षणे च तथा तेषां दुःखमेव विचारतः ॥ ५९ ॥

गृहक्षेत्रधनादीनां दुःखं संपादने तथा ।

रक्षणे च तथा दुःखं तेषामेव विचारतः ॥ ६० ॥

पुत्रमित्रादिजन्तूनां दुःखे दुःखं तथैव च ।

अनन्तर भी शिरःपीडा आदि बहुत दुःख होते हैं । विचार कर देखें तो यौवन का आरम्भ ही दुःखपूर्ण है ॥ ५७ ॥ स्त्रियों को खुश करने में बहुत कष्ट होता है । बहुधा अपने प्रिय माता, पिता, भाई आदि से विरोध कर लेना पड़ता है जिसकी ग्लानि अलग सालती है और समाज में अलग बेइज्जती होती है । स्त्रीरक्षा भी अत्यन्त यत्नसाध्य कार्य है । स्वभावतः चंचल स्त्रियाँ बिना विचारे ऐसा व्यवहार, पहनावा आदि रखती हैं कि उन पर आफत आये । तब पतियों को उनकी रक्षा के लिये परेशान होते रहना पड़ता है । किसी प्रसंग में स्त्री का परिभव हो तो भी पति को दुःख होता है । पत्नी के रूप की या उसकी पाककला आदि की निंदा सुनकर पतियों को लज्जा आती है । अतः विचार करें तो स्पष्ट है स्त्री-प्राप्ति दुःखव्याप्त है । (वैपरीत्येन स्त्रियों के लिये पुंलाभ भी दुःख ही है । पति के परिवार वालों के निर्देश में रहना कष्ट । पति कमाता हो तो उसके वियोग का कष्ट । निठल्ला हो तो दारिद्र्यादि कष्ट । उसकी सेवा चाहे जितनी करें सदा असन्तुष्ट रहता है इसका कष्ट । यदि हर बात पूछे तो उसकी नादानगी का कष्ट । यदि बिना पूछे ही सब करे तो अपनी उपेक्षा का कष्ट । पुंसंसर्ग में तदिच्छानुविधानादि का कष्ट । आहारादि में कुछ अनिष्ट न हो जाये इसका ख्याल रखने का कष्ट । पति के परिभव से तो स्त्री को कष्ट स्वाभाविक है । इसी प्रकार सर्वत्र समझना चाहिये ।) ॥ ५८ ॥ वस्त्र व आभूषण खरीदने आदि में कमाई आदि का कष्ट । फिर उनकी चोर आदि से रक्षा करने का कष्ट । अतः शौक की वस्तुओं से चाहे हम सुखाशा करें, वे तो आदि, मध्य और अवसान में दुःख ही देती हैं ॥ ५९ ॥ घर, खेत, धन आदि आवश्यक सामग्री को भी इकट्ठा करने, बनाने आदि में महान् दुःख होता है । घर का निर्माण करने में तो बड़े धैर्यवान् लोग भी झट बूढ़े हो जाते हैं । खेती करो तब तो दिन-रात का भेद ही नहीं रहता । पानी देने, रोपने आदि के समय भोजन की भी फुरसत नहीं मिलती । बँटाई पर दो तो सदा घाटा ही लगता है । यही स्थिति व्यापार व नौकरी की है । एवं च ये आवश्यक वस्तुएँ भी दुःखैकहेतु हैं ॥ ६० ॥ पुत्र, मित्र आदि अन्य प्राणियों से भी सनातन दुःख है । पुत्र पैदा न हो

जन्मनाशभयाद् दुःखं दुःखमेव विचारतः ॥ ६१ ॥

राज्यभारे महद् दुःखममात्यत्वे महत्तरम् ।

दासभावे महद् दुःखं दुःखमेव विचारतः ॥ ६२ ॥

वेदमार्गेतरे मार्गे निष्ठा दुःखं तथैव च । मार्गोत्कर्षपरिज्ञाने दुःखमेव विचारतः ॥ ६३ ॥

स्वदारिद्र्ये महद्दुःखं परस्त्रीदर्शने तथा । परैः साम्ये महद्दुःखं दुःखमेव विचारातः ॥ ६४ ॥

तो इसी का दुःख । पैदा हो गया तो रोगादि से बचाने का दुःख । पढ़ने में फिसड्डी हो तो उसके भविष्य का दुःख । यदि अव्वल हो तो नज़र लगने का भय । मर जाये तब तो दुःख का क्या ठिकाना ! ऐसे ही मित्र प्रतिदिन आते रहें तो खर्चे का दुःख । न आयें तो मैत्री-समाप्ति का दुःख । घर में घुल-मिल जायें तो उनकी निर्लज्जता का कष्ट । तटस्थ रहें तो उनकी औपचारिकता से कष्ट । एवं अन्यान्य प्रकारों की परेशानियाँ भी समझनी चाहिये । अन्य प्राणियों से भृत्यादि जानने चाहिये ॥ ६१ ॥ राज्य मिल जाये तब बड़ा भारी कष्ट है ही । अपनी सुरक्षा का भय । प्रजा की सुरक्षा का कष्ट । प्रजा से बगावत का डर । पड़ोसी देशों के आक्रमण का डर । कोष खाली होने का भय । कोष भरने के उपायों से बदनामी का भय, आदि अनेक दुःख राजा को होते हैं । मंत्री बन जायें तो दुःखों की सीमा नहीं । कोई कार्य खराब हो तो प्रजा व राजा दोनों मंत्री के ही पीछे पड़ते हैं । प्रजा उस पर यों विश्वास नहीं करती कि वह राजपक्षपाती है और राजा उस पर सशंक बना रहता है कि वह स्वयं राज्य चाहता है । चाहे जितनी ईमानदारी करे चोरी का लांछन अवश्य लगता है । कार्य ठीक होने पर राजा की प्रशंसा होती है और बिगड़ने पर मंत्री की निंदा । एवं च मंत्रित्व भी परम कष्ट का कारण है । दास बनना तो साक्षत् नरक है, इसमें कहना ही क्या ? अतः उत्तम अधम चाहे जो स्थिति हो, कष्ट की सीमा नहीं ॥ ६२ ॥ यदि अवैदिक मार्ग पर निष्ठा हो गयी तो भी दुःख ही है । मरकर नरकप्राप्ति आदि दुःख तो है ही, यहाँ भी दुःख है । किसी पंथ में भूख से मरना पड़ता है, मैला रहना पड़ता है, केश-लुंचन करना पड़ता है । किसी मत में आदिपुरुष के दाँत, बाल आदि का दर्शन, परिक्रमा आदि करते रहना पड़ता है । किसी मज़हब में दिन में पाँच बार नाना आसनों के अभ्यासपूर्वक अज्ञात भाषा में प्रार्थनायें करनी पड़ती हैं, रेगिस्तान होते हुए तीर्थ करने पड़ते हैं, दार्शनिक या वैचारिक स्वातंत्र्य नहीं मिलता । किसी मार्ग में आततायी का अत्याचार सहन करना पड़ता है, मठाधीश का वचन शास्त्र मानना पड़ता है अन्यथा जला दिये जाते हैं । इस प्रकार अवैदिक-मत-निष्ठा ऐहिक आमुष्मिक द्विविध दुःखों का निदान है । और यदि पता चले कि हम जिस मत में दीक्षित हैं उससे अन्य मत उत्कृष्ट है तब तो यावज्जीवन कष्ट बना ही रहता है । अगर मतपरिवर्तन कर लिया तो पितृपैतामहमतत्याग का कष्ट होता है तथा नवीन

वायुपीडाऽग्निपीडा च तोयपीडा तथैव च ।
सर्पादिदंशने[1] पीडा दुःखमेव विचारतः ॥ ६५ ॥
भूतप्रेतपिशाचानां यक्षादीनां तथैव च । पदप्राप्तौ महादुःखं दुःखमेव विचारतः ॥ ६६ ॥
इन्द्रलोके महादुःखं प्राजापत्ये महत्तरम् ।
विष्णुलोके च रौद्रे च दुःखमेव विचारतः ॥ ६७ ॥

मत वालों के दुराव का दुःख होता है ॥ ६३ ॥ खुद दरिद्र हैं तब तो मानो सारी आफतें घनीभूत होकर अपने ही सिर पड़ जाती हैं । पराई स्त्री को देखना परम कष्टप्रद है । उसका पति तथा अपनी पत्नी दोनों शंकालु हो जाते हैं । खुद कामवेदना होती है । उस स्त्री से संपर्क करने का प्रयास करें और वह डाँट दे तो निःसीम ग्लानि होती है । अवैध संबंध हो जायें तब तो जीवनभर भय ही बना रहता है । मनःशांति का व धन का क्षय अलग है । यदि परस्त्री कुरूप आदि है तब तो देखना ही दुःख है । समाज के अन्य लोगों से यदि अपनी समानता है तो दुःख होता है कि हम में कोई वैशिष्ट्य नहीं । यदि कोई वैशिष्ट्य हो तो बाकी लोगों की ईर्ष्या का कष्ट । अतः विचार करें तो संसार कष्टमय ही है ॥ ६४ ॥ आँधी-तूफान, आग, बाढ़ आदि दैव प्रकोप पीडा देते हैं । साँप आदि जन्तु हमेशा पीडा देते हैं । और नहीं तो मच्छर, खटमल, तिलचट्टे, चूहे आदि ही रोज़ तंग करते रहते हैं ॥ ६५ ॥ भूत, प्रेत, पिशाच, यक्ष आदि का आवेश हो जाये तो परेशानी की इति नहीं । आजकल इनकी कुछ कमी है तो नाना प्रकार के मनोरोग, कुण्ठायें आदि दुःख देने को तैयार हैं । छोटे बच्चों को भी तनाव हो जाता है । जवानी में नैराश्य हो जाता है । प्रौढावस्था में दिशाहीनता का कष्ट उपस्थित होता है । बुढ़ापे में उपेक्षा का दुःख होता है ॥ ६६ ॥ इन्द्रलोक पहुँच जायें तब भी छुटकारा नहीं । रंभा तो एक ही है, चाहेंगे उसे सब अतः कष्ट स्वाभाविक है । किसी का अधिकार अधिक व अन्य का कम है, इससे भी कष्ट । असुरों का तथा पुण्य क्षीण होने का भय अलग । यदि कथंचित् प्रजापति बन गये तब तो आफत ही आ गयी । देव-दानव लड़ेंगे ही और हैं दोनों अपनी ही प्रजा । किसका पक्ष लें और किसे मरने दें । महादेव जी यथेच्छ वर दे देंगे, फिर प्रजापति बेचारे किसी तरह व्यवस्था बनायेंगे । विष्णुलोक में पहुँच जायें तब भी दुःख से पिण्ड नहीं छूटना । वहाँ तो वैभव का साम्राज्य है अतः तारतम्य ध्रुव है जिससे सभी कष्ट हो जाते हैं । किंच यहाँ भोगपरायण हो जायें तो अधोगति निश्चित है । यदि भोग न करें तो लगता है व्यर्थ ही यहाँ आये । ऐसे ही रुद्रलोक दुःखालय है । वहाँ तो भूत, प्रेत, पिशाच आदि का ही समाज है । उन्हें तो देखने से ही डर लगता है । फिर कभी गणेशादि स्वयं अपने पिता से लड़ बैठते हैं तो गणों को व्यर्थ ही मार खानी पड़ती है । कभी रावण आ जाये तो हिला ही डालता है । नीच राक्षसों को गणाध्यक्ष पद मिल जाता है, पुराने अनुचर देखते ही रह जाते हैं । महादेव के प्रसाद

---

१. घ. °दिदर्शने° ।

बहुनोक्तेन किं देहेऽहंममज्ञानवान्यदि । दुःखमेव सदा याति सुखं याति न किंचन ॥ ६८ ॥

दुःखं दुःखात्मना किंचिज्जानाति विवशः पुमान् ।
सुखात्मना च जानाति भ्रमाद् दुःखं कदाचन ॥ ६९ ॥

आत्मनस्तु स्वरूपं हि सुखं नान्यद्विचारतः[1] ।
तदज्ञानबलेनैव सुखप्रेप्सा[2] नृणां बुधाः ॥ ७० ॥

तदज्ञाने निवृत्ते तु प्राप्तमेति सुखं स्वतः ।
जहाति दुःखमप्राप्तं स्वतः सत्यं मयोदितम् ॥ ७१ ॥

दुःखमेव सदेति । उक्तरीत्या देहेऽहंममाभिमानवतः पुरुषस्य ब्रह्मविष्णुरुद्रलोकान्ते संसारमण्डले सुखलेशोऽपि नास्ति । विचारतस्तु सर्वं दुःखात्मकमेवेत्यर्थः ॥ ६८ ॥ ननु वैषयिकं सुखमपि दुःखं चेद्दुःख[3]मिति किमर्थं न जानातीत्यत आह–**दुःखं दुःखात्मनेति** । वस्तुतो दुःखमपि भ्रमवशात्सुखात्मना जानातीत्यर्थः ॥ ६९ ॥ ननु रुद्रलोकावधि सर्वं दुःखात्मकं चेत् किं तर्हि सुखमित्यत आह–**आत्मनस्त्विति** । नन्वात्मनः स्वरूपमेव स्वप्रकाशसुखात्मकं चेत्तत्परित्यज्य विषयसुखलिप्सा पुरुषस्य कुत इत्यत आह–**तदज्ञानबलेनेति** ॥ ७० ॥ **तदज्ञान** इति । तस्मिन्नज्ञाने **निवृत्ते** स्वस्वरूपत्वेन पूर्वप्राप्तमेव सुखं पुनः प्राप्नोति । अज्ञानावरणेनाप्राप्तप्रायत्वात् । शुद्धबुद्धमुक्तस्वभावत्वेन प्रागप्य**प्राप्तमेव दुःखमज्ञान**बलात्प्राप्तमिव प्रतिभासमानं[4] पुनर्**जहाति** । ज्ञानेनाज्ञानस्य निवर्तनादित्यर्थः ॥ ७१ ॥

पर चण्डेश्वर आदि पहले अपना ही अधिकार रखते हैं । उन सब से बचे तो कुछ मिले । गलती से शिव-पार्वती का कोई रहस्य-संवाद सुन लिया तो झट शाप मिल जाता है । अतः उत्तमरूप से प्रसिद्ध लोक भी दुःखमय ही हैं ॥ ६७ ॥

बहुत विस्तार करने से क्या लाभ ? सार बात तो यही है कि यदि शरीर को 'मैं' और 'मेरा' समझते हैं तो सदा दुःख ही पाते हैं, कुछ भी सुख प्राप्त नहीं होता ॥ ६८ ॥

कुछ दुःखों को तो मनुष्य दुःखरूप से समझता है और उनसे दूर रहने की कोशिश करता है किंतु बहुधा भ्रमवश दुःखों को सुख समझता है और स्वभावतः उनकी ओर बढ़ता है तथा कष्ट पाता रहता है ॥ ६९ ॥

विचार कर देखें तो यह निश्चित है कि केवल आत्मा का स्वरूप ही सुख है, उससे अतिरिक्त कुछ सुख नहीं है । उसे न जानने से ही लोगों को सुख पाने की इच्छा होती है ॥ ७० ॥ आत्मा का अज्ञान निवृत्त हो जाने पर स्वतः प्राप्त सुख की ही प्राप्ति और स्वतः अप्राप्त दुःख की ही निवृत्ति हो जाती है । यह सत्य बात मैंने कही है ॥ ७१ ॥ अज्ञान की समाप्ति ज्ञान से ही संभव है, कर्म से नहीं । और ज्ञान भी वेदान्तवाक्यों से होने वाला शिवात्मैक्यज्ञान ही है । वह ज्ञान उसे ही होता है जिसे सारे संसार से वैराग्य है । रागी

---

१. सोऽयं विचारो मैत्रेयीब्राह्मणे व्यक्तः । २ ङ. "प्सावशः पुमान् ॥ ७० ॥ ३ ङ. "खमपि कि" । ४ ग. "तिभाति न पु" ।

अज्ञानस्य निवृत्तिश्च ज्ञानादेव न कर्मणा । ज्ञानं नाम महादेवज्ञानं वेदान्तवाक्यजम् ॥
विरक्तस्य हि संसाराज्ज्ञानं नान्यस्य कस्यचित् ॥ ७२ ॥
यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदि स्थिताः ।
तदा मर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुते ॥ ७३ ॥
वैराग्यहीनस्य न सत्यवेदनं न मुक्तिसिद्धिर्न च बन्धनच्छिदा ।
न धर्मसिद्धिश्च ततः पुरातनैरिदं विशिष्टं कथितं कृपाबलात् ॥ ७४ ॥

इति श्रीस्कन्दपुराणे सूतसंहितायां चतुर्थे यज्ञवैभवखण्डे वैराग्यविचारो नाम सप्तदशोऽध्यायः ॥ १७ ॥

अष्टादशोऽध्यायः

सूत उवाच—अथानित्यं प्रवक्ष्यामि समासेन न विस्तरात् ।
यज्ज्ञानेनैव संसाराद्वैराग्यं जायते हृदि ॥ १ ॥

इत्थं वैराग्यं सप्रपञ्चं निरूप्य तस्य वेदान्तवाक्यजनितज्ञानं प्रति साधनत्वमाह—**विरक्तस्येति** । उक्तविधवैराग्यसंपन्नस्य सर्वविषयविक्षेपोपशमनान्निर्वातनिष्कम्पदीपसदृशेनैकाग्र्येण मनसा सूक्ष्मतत्त्वं साक्षात्क्रियते नान्यस्य विक्षिप्तचित्तस्येत्यर्थः ॥ ७२ ॥ अस्मिन्नर्थे प्रमाणभूतां श्रुतिमपि संगृह्णाति—**यदा सर्व** इति । श्रूयते हि—'यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदि श्रिताः[1] । अथ मर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुते' इति ॥ पुरुषस्यान्तःकरणावस्थितस्य स्वर्गादिसर्वभोगविषयस्य रागजातस्य प्रविलयो यदा भवत्यनन्तरमेव स मर्त्यो मरणधर्मकाद्देहाद्विरक्तः संस्तस्मिन्नेव देहे ब्रह्म भवतीत्यर्थः ॥ ७३ ॥ **न च बन्धनच्छिदेति** । छिदा छेदः । भिदादित्वादङ् ॥ ७४ ॥

इति श्रीस्कन्दपुराणे सूतसंहितातात्पर्यदीपिकाख्यटीकायां चतुर्थे यज्ञवैभवखण्डे वैराग्यविचारो नाम सप्तदशोऽध्यायः ॥ १७ ॥

एवं वैराग्यस्य ज्ञानसाधनत्वं निरूप्य नित्यानित्यवस्तुविवेकस्यापि वैराग्यजननद्वारा ज्ञानोत्पत्तिसाधनत्वं प्रतिपादयितुं तावदनित्यं वस्तु विभजति—**अथानित्यमित्यादिना** । **यज्ज्ञानेनेति** । ऐहिकामुष्मिकस्य विषयस्य नश्वरत्वेऽवगते हि नित्यनिरतिशयं स्वरूपसुखं प्राप्तुकामः पुरुषस्ततो विरज्यते[2] । ततोऽनित्यत्वज्ञानात्तत्र वैराग्यं जायत इत्यर्थः ॥ १ ॥

को स्वप्न में भी ज्ञान होना असंभव है ॥ ७२ ॥ जब मन की सब कामनायें समाप्त हो जाती हैं तभी पुरुष ज्ञान पाकर अमर बनता है और जीवन्मुक्त हो जाता है ॥ ७३ ॥ जिसे वैराग्य नहीं है उसे न सत्य का ज्ञान होता है, न मोक्ष मिलता है, न वंधननिवृत्ति होती है और न ही धर्मप्राप्ति होती है । अतः प्राचीन आचार्यों ने कृपापूर्वक वैराग्य की विशेषता प्रकाशित की है ॥ ७४ ॥

अनित्यवस्तु-विचार नामक अठारहवाँ अध्याय

सूत जी ने आगे कहा—अब मैं संक्षेप में आपको अनित्यता के सम्बन्ध में बताता हूँ । अनित्यता समझ लेने से ही संसार से वैराग्य हो जाता है ॥ १ ॥

---

१ ख. स्थिताः । २ ङ. ते । अतोऽ" ।

अनात्मा जडरूपो यः स एवानित्यमुच्यते । अनात्मनामनित्यत्वं घटादीनां जडात्मनाम् ।
आबालपण्डितं दृष्टं यतोऽतः पण्डितोत्तमाः ॥ २ ॥
कार्यस्यैव ह्यनित्यत्वं वर्णयन्तीह केचन । न तद्युक्तमकार्यस्याप्यनित्यत्वप्रसिद्धितः ॥ ३ ॥
अकार्यस्य घटादीनां प्रागभावस्य जन्तुभिः । दृष्टमेव ह्यनित्यत्वं नादृष्टं पण्डितोत्तमाः ॥ ४ ॥
भावरूपस्य कार्यत्वमनित्यत्वे प्रयोजकम् ॥ ५ ॥

विमतो जडवर्गोऽनित्योऽनात्मत्वाद् घटवदित्यभिप्रेत्याऽऽह—**अनात्मेति** । यो जडरूपो वियदादिभूतभौतिकोऽनात्मप्रपञ्चः (स एव) घटपटादिवदनात्मत्वसाम्यादनित्य इत्यर्थः । अनात्मत्वानित्यत्वयोर्व्याप्तिमुपपादयति—**आबालेति** ॥ २ ॥ उक्तानुमान उपाधिमाशङ्कते—**कार्यस्येति** । घटपटादेः कृतकत्वादनित्यत्वं न त्वनात्मत्वात् । अतो वियदादेरनित्यत्वं कथं स्यादित्यर्थः । अयमाशयः – अनित्यत्वलक्षणे साध्ये कृतकत्वमुपाधिः । यत्रानात्मत्वं तत्र कृतकत्वमिति साधनव्याप्तिर्नास्ति । मायायां प्रागभावादिष्वनात्मत्वमस्ति कृतकत्वाभावात्[1] । अतः साधनाव्यापकत्वम् । दृष्टान्ते सर्वत्र यत्रानित्यत्वं तत्र कृतकत्वमिति व्याप्तिसद्भावात्साध्यव्यापकत्वम् । साधनाव्यापकत्वे सति साध्यस्य व्यापकत्वमिति हि तल्लक्षणम् । तस्मादनात्मकत्वादनित्यत्वं न भवतीत्यर्थः । साध्यव्यापकत्वाभावेनोपाधिं दूषयति— **न तद्युक्तमिति** । घटप्रागभावस्यानित्यत्वे सत्यपि तस्यानादित्वेन कृतकत्वा-भावात्साध्याव्यापकत्वमित्यर्थः । अक्षरार्थस्तु कार्यत्वादेवानित्यत्वमिति यत्तन्न युक्तम् । अकार्यस्यापि क्वचिदनित्यत्वदर्श-नात् । घटप्रागभावस्य हि घटोत्पत्तिनिवर्त्यस्यानित्यत्वं सर्वैरप्यनुभूयते । न चासौ कृतकस्तस्यानादित्वादिति ॥ ३–४ ॥

जो जड अनात्मा है वह अनित्य है क्योंकि जड अनात्मा घट आदि अनित्य ही देखे गये हैं । बच्चों से पण्डितों तक सब इसमें साक्षी हैं कि अनात्मा घट आदि सब वस्तुएँ अनित्य हैं ॥ २ ॥ कुछ विचारक कहते हैं कि केवल कार्य ही अनित्य होते हैं (सब जड वस्तुएँ नहीं) । किन्तु वह मान्यता गलत है क्योंकि जो कार्य नहीं हैं वे भी अनित्य देखे गये हैं । घट आदि का प्रागभाव अनादि होने से कार्य तो नहीं है किन्तु घटोत्पत्ति से नष्ट हो जाने के कारण अनित्य है ही ॥ ३–४ ॥ यह भी नहीं कहना चाहिये कि भावरूप वस्तु वही अनित्य होती है जो कार्य हो; क्योंकि भाव हो या अभाव, वस्तु की अनित्यता में जडता ही पर्याप्त हेतु है । (किं च कार्य कहते हैं प्रागभावप्रतियोगी को जो अनित्यताविशेष ही है । अतः अनित्यता सिद्ध करने में कार्यता को हेतु बनाने पर हेतु साध्यसम होगा । जब जडता अर्थात् अनात्मता इस एक हेतु से भाव-अभाव साधारण सब की अनित्यता सिद्ध हो जाती है तब भाव और अभाव के लिये पृथक्-पृथक् हेतु मानने में गौरव है ।) दिक्, काल, आकाश आदि अनात्मवस्तुजात की अनित्यता इनकी उत्पत्ति बताने वाली श्रुति ने स्पष्ट कर दी है । तर्क वही उचित होता है जो श्रुति का (प्रमाण

---

१ कृतकत्वाभावेऽपीत्यर्थः ।

अपि सर्वस्य पूर्वोक्तमनात्मत्वं प्रयोजकम् । दिक्कालाकाशपूर्वाणामनित्यत्वमनात्मनाम् ॥ ६ ॥

श्रुतयोऽनित्यतामेषां प्रवदन्ति हि सादरम् ।

श्रुत्यनुग्राहकस्तर्को न स्वतन्त्र इति स्थितिः ॥ ७ ॥

दृष्टसाम्येन वेदज्ञाः खलु तर्कोऽर्थसाधकः । श्रुतिरन्यानपेक्षा हि द्विजेन्द्रा अर्थसाधिका ॥ ८ ॥

अथ [1]साध्यविशिष्टोपाधेः[2] साध्यव्यापकत्वमुपपादयति– **भावरूपस्येति** । भावत्वे सत्यनित्यत्वं तत्कृतकत्वं न व्यभिचरतीति साध्यव्यापकं कृतकत्वमेवानित्यत्वे प्रयोजकमित्यर्थः । एवमपि साधनाव्यापकत्वाभावेनोपाधिं दूषयति– **अपि सर्वस्येति** । भावत्वे सत्यनित्यत्वस्य यद्यपि कार्यत्वं प्रयोजकम् (तथाऽपि) भावाभावात्मकस्य सर्वस्य प्रपञ्चस्यानात्मत्वादेवानित्यत्वं सेत्स्यतीत्यर्थः । [3]अयमभिप्रायः–न तावत्कृतकत्वोपाधेः साधनाव्यापकत्वमुपपादयितुं शक्यम् । ब्रह्मस्वरूपातिरिक्तघटादिप्रागभाववियदादिषु[4] ब्रह्मकार्यत्वश्रवणान्मायायाश्चोपाधि[5]वादिनाऽनङ्गीकारादतोऽनात्मत्वलक्षणसाधनवतो हेतोः सर्वत्र व्याप्यवृत्तेर्न साधनाव्यापकत्वमित्यर्थः । एषां ब्रह्मकार्यत्वमेवोपपादयति– **दिक्कालेति** । **एषां** दिक्कालादीनामनात्मनामेव **श्रुतयो** ब्रह्मकार्यत्वप्रतिपादनेनानित्यत्वं प्रकटयन्ति तस्मान्नित्यत्वं नोपपद्यत इत्यर्थः । श्रूयते हि–'पद्भ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात्', 'सर्वे निमेषा जज्ञिरे विद्युतः पुरुषादधि', 'कला मुहूर्ताः काष्ठाश्च[6], अहोरात्राश्च सर्वशः', 'आत्मन आकाशः संभूतः', 'इदं सर्वमसृजत यदिदं किंच' इति । एवमादीनि वाक्यानि ब्रह्मणः सकाशाद्दिगादीनामुत्पत्तिं प्रतिपादयन्ति । ननु यद्याकाशादिकं घटादिवदनित्यं स्यात्तर्हि तदेव स्वस्मान्न्यूनपरिमाणेन सजातीयद्रव्यान्तरेण स्थितं च स्यान्न च तथाविधमारम्भकम्[7] । सजातीयद्रव्यान्तरेणाऽऽरब्धमपि च स्यान्न च तथाविधमारम्भकं द्रव्यान्तरमस्ति । तस्मादनित्यं न भवतीत्यनित्यत्वाभावस्तर्कबलादवगम्यत इत्याशङ्क्याऽऽह– **श्रुत्यनुग्राहक** इति । श्रुत्यर्थानुसार्येव तर्कः प्रमाणम् । उक्तश्च तर्कस्तद्विरुद्धमेवार्थं स्वातन्त्र्येण प्रतिपादयतीति प्रमाणं न भवतीत्यर्थः ॥ ५–७ ॥ ननु तर्कस्यापि श्रुतिवत्स्वातन्त्र्येण प्रमेयव्यवस्थापकत्वं किं न स्यादित्यत आह– **दृष्टसाम्येनेति** । आपाद्यापादकयोर्बहुशोऽनुभूतत्वात्तत्साम्येन तर्को विप्रतिपन्नविषयेऽप्यापादको बलादापाद्यमर्थमुपस्थापयति । श्रुतिस्तु दृष्टसाम्यं विनाऽपि मानान्तरानधिगतमर्थं स्वातन्त्र्येण प्रतिपादयति । अतोऽन्यसापेक्षात्तर्कादन्यानपेक्षा श्रुतिरेवार्थव्यवस्थापिका ॥ ८ ॥ ननु श्रुतेरपि संगतिग्रहणादौ

का) अनुग्राहक हो । श्रुतिनिरपेक्ष तर्क कुछ सिद्ध नहीं कर सकता यह सभी तांत्रिकों को संमत है ॥ ५–७ ॥ हे वेदवेत्ताओ ! तर्क तो अनुभूत वस्तुओं की समानता के आधार पर ही अर्थ की संभावना कराता है जबकि श्रुति बिना किसी के सहारे ही अर्थ का प्रतिपादन करती है । अतः श्रुति तर्क से बलवती है । (मीमांसा में बादरायणसंमत नियम बताया गया है : शब्दार्थ सम्बन्ध नित्य है । धर्म का ज्ञान शास्त्र से होता है तथा शास्त्रप्रोक्त अर्थ का बाध होता नहीं और वह विषय अन्य प्रमाणों से ज्ञात होता नहीं । साथ ही शास्त्र किसी ज्ञान या पुरुष की अपेक्षा करता नहीं है । अतः शास्त्र निर्दोष प्रमाण है । 'औत्पत्तिकस्तु शब्दस्यार्थेन सम्बन्धस्तस्य ज्ञानमुपदेशोऽव्यतिरेकश्चार्थेऽनुपलब्धे तत्प्रमाणं बादरायणस्यानपेक्षत्वात्' (जै. सू. १.१.५) । एवं च निरपेक्ष होने से ही शास्त्र की बलवत्तम प्रमाणता है ।) ॥ ८ ॥ ब्रह्म, धर्म और अधर्म प्रत्यक्षादि

---

१ क. ग. ङ. छ. ज. °साध्यं वि° । २ क. ग. घ. ङ. च. छ. ज. °शिष्टमुपा° । ३ ख. ङ. अथ साधनव्यापकत्वमाह–न । ४ ङ. °षु सर्वस्य ब्र° । ५ घ. °धित्वे तत्त्ववा° । ६ ख. घ. ङ. च. ङ. ज. °काष्ठाः, अ° । ७ ख. घ. ङ. च. छ. ज. °म्भकं द्र° ।

प्रत्यक्षादिप्रमाणानां पञ्चानां पण्डितोत्तमाः । अगम्यं ब्रह्म धर्मश्चाधर्मः श्रुत्यैव गम्यते ॥ ९ ॥

अन्तरेण श्रुतिं बोद्धुं यतन्तेऽतीन्द्रियं पदम् ॥

ते करेणापि माधुर्यं जानन्त्येव सुनिश्चितम् ॥ १० ॥

पुरा कश्चिन्महामूर्खः संगिरो नाम वाडवः । पूर्वजन्मकृतात्पापाद्वेदश्रद्धाविवर्जितः ॥ ११ ॥

तर्कशास्त्ररतः साक्षाद् ब्रह्मातीन्द्रियमव्ययम् । धर्माधर्मौ च तर्केण केवलेन मुनीश्वराः ॥ १२ ॥

अक्लेशेन परिज्ञातुमकरोद्यत्नमुत्तमम् । तर्को नानाविधस्तस्य प्रतिभातो मुनीश्वराः ॥ १३ ॥

तेन मोहावृतः सद्यः संगिरो मुनिपुंगवाः । चकार दीक्षां पाषण्डमार्गे श्रद्धापुरःसरम् ॥ १४ ॥

प्रत्यक्षादिप्रमाणान्तरसापेक्षत्वादन्यानपेक्षत्वमसिद्धमित्याशङ्क्याऽऽह–**प्रत्यक्षादीति** । श्रुतिर्यद्यपि संगतिग्रहणादौ प्रत्यक्षादिकं प्रमाणान्तरमपेक्षते[1] । 'शब्दो वृद्धाभिधेयांश्च प्रत्यक्षेणानुपश्यति । श्रोतुश्च प्रतिपन्नत्वमनुमानेन चेष्टयेत्' ॥ इत्यादिना संगतिग्रहणसमये शब्दस्य तत्सापेक्षत्वस्य भट्टाचार्यैरुक्तत्वात् । तथाऽपि पदानामेव पदार्थैः संगतिग्रहणं न तु वाक्यानां वाक्यार्थे तेषामानन्त्याद्व्यभिचाराच्च[2] । अतः श्रुतिवाक्यं प्रत्यक्षादिप्रमाणैरनधिगतं ब्रह्म धर्माधर्मादिकं च स्वातन्त्र्येणैव वाक्यार्थत्वेन प्रतिपादयति । न हि तादृशोऽर्थस्तर्कशतेनापि प्रतिपादयितुं शक्यः ॥ ९ ॥ ईदृग्विधे विषयेऽपि श्रुतिं विहाय प्रमाणान्तरैर्ये जिज्ञासन्ते तानुपहसति–**अन्तरेणेति** ॥ १० ॥ इत्थं श्रुत्यर्थविरोधिस्वतन्त्रतर्कस्य पुरुषार्थव्यवस्थापकत्वाभावमभिधायाथ तस्य प्रत्युतानर्थहेतुत्वज्ञापकमितिहासमुपपादयति–**पुरा कश्चिदित्यादिना** ॥ ११–१४ ॥

पाँचों प्रमाणों के विषय नहीं किन्तु श्रुति के ही विषय हैं । (जो तो जन्मादिसूत्र में भाष्य है 'श्रुत्यादयोऽनुभवादयश्च यथासंभवमिह प्रमाणम्' यह भी श्रुत्यनुकूल ही अनुमानादि का अनुमोदक है । समन्वयभाष्य में कहा है 'न चानुमानगम्यं शास्त्रप्रामाण्यम्' । सिद्धान्त यह है कि प्रमाण विरोधी नहीं हो सकते 'न च प्रमाणं प्रमाणान्तरेण विरुद्ध्यते' (बृ. भाष्य २.१.२०) । श्रुति प्रमाण है इसमें कोई संदेह नहीं । अब अनुमान आदि वे ही प्रमाण हो सकते हैं जो श्रुति के अविरुद्ध हों । विरुद्ध होने पर वे अनुमानाद्याभास ही होंगे । श्रुत्युक्तार्थबोधकतया उनमें अनुवादकता भी आ जाती है । अतः यहाँ सीधे ही ब्रह्म को धर्म की तरह श्रुत्येकविषय कह दिया है ।) ॥ ९ ॥ जो दुर्विदग्ध श्रुति का आलंबन लिये बिना अतीन्द्रिय विषयों को (ब्रह्म व धर्म को) समझना चाहते हैं वे शायद जीभ के बिना हाथ से ही मिठास भी जान लेते होंगे ! ॥ १० ॥

प्राचीन काल में एक संगिर नाम का महामूर्ख ब्राह्मण था । पूर्व जन्म में किये पापसंस्कारों के फलस्वरूप उसे वेद में कतई श्रद्धा नहीं थी ॥ ११ ॥ वह तर्कशास्त्र में मेहनत करता था । अतीन्द्रिय अव्यय ब्रह्म को तथा धर्माधर्म को वह अध्ययन के परिश्रम के बिना केवल तर्क से समझने की कोशिश करता था । नाना प्रकार के तर्क उसकी बुद्धि में आते रहते थे । अतः वह विवेकभ्रष्ट हो गया और उसने श्रद्धापूर्वक पाखण्ड मार्ग में (अवैदिक मत में) दीक्षा ग्रहण की ॥ १२–१४ ॥ किन्तु तर्क तो चंचल होता

---

१ ख. ग. °माणम° । २ प्रतिवाक्यं शक्तिर्ग्रहीतव्या भवेत्तच्चाऽसंभवि वाक्यानामानन्त्यात् । वाक्यार्थश्च विशिष्ट इति प्रत्येकं घटमानयेति वाक्यस्यान्य एवार्थ इति वाक्यार्थस्य व्यभिचाराद् भेदादित्यर्थः ।

पुनस्तर्काप्रतिष्ठानात्संगिरोऽतीव मोहितः । चकार दीक्षां पाषण्डविशेषेषु यथारुचि ॥ १५ ॥

पुनस्तर्काप्रतिष्ठानान्मायया परिमोहितः । त्यक्त्वा पाषण्डमार्गं च चचार च यथारुचि ॥ १६ ॥

पुनर्मोहावृतः साक्षात्स्वसारं मातरं तथा ।
गत्वा ममार कालेन संगिरः [1]साहसी[2] द्विजः ॥ १७ ॥

अत्युग्रा अतिसंनद्धा यमदूता भयंकराः । संगिरं तु समादाय शीघ्रं विप्रा यमं ययुः ॥ १८ ॥

यमस्तं संगिरं क्रुद्धो विलोक्याऽऽह भयंकरम् ।
यथाशक्ति भटा एष पीड्यतां मम संनिधौ ॥ १९ ॥

इति प्राह यमः सोऽपि संगिरो यमकिंकरैः ।
अतीव पीडितो विप्रा अभवच्च विचेष्टितः ॥ २० ॥

पुनश्च तीक्ष्णया वाचा यमः प्राह सुदारुणम् ।
भिद्यतां संगिरो दुष्टश्छिद्यतां दह्यतामयम् ॥ २१ ॥

इक्षुयन्त्रादिषु ह्येष पीड्यतामनिशं भटाः । अन्यैर्नानाविधैः क्रूरैरुपायैः पीड्यतामिति ॥ २२ ॥

पुनस्तर्काप्रतिष्ठानादिति । आगमनिरपेक्षस्य शुष्कतर्कस्य पुरुषोत्प्रेक्षामूलत्वात्तस्याश्चानवस्थितत्वात्तन्मूलस्तर्कोऽप्यनवस्थित इत्यर्थः । उक्तं हि–'यत्नेनानुमितोऽप्यर्थः कुशलैरनुमातृभिः । अभियुक्ततरैरन्यैरन्यथैवोपपाद्यते' इति ॥ १५–६४ ॥

है । संगिर को उस मार्ग में भी अनुपपत्तियाँ सूझने लगीं । तब उसने अन्यान्य पाखण्ड मार्ग अपनाये । वह अपनी रुचि अर्थात् ऊहा के अनुसार सिद्धान्त स्वीकार लेता था ॥ १५ ॥ शनैः शनैः उसकी तर्ककुशल बुद्धि ने सभी मार्गों से अश्रद्धा करा दी और उसने पाखण्ड मार्ग भी छोड़ दिये व केवल अपनी इच्छा का अनुसरण करने लगा ॥ १६ ॥ अत्यन्त अविवेक ने उस पर अधिकार कर लिया । उसने जाकर अपनी सगी माँ व बहन की भी (धन आदि के लोभ से) हत्या कर दी और साहसी वृत्ति से (डकैती आदि करते हुए) रहने लगा ॥ १७ ॥ यथाकाल उग्रतर यमदूत उसे लेकर यमराज के सम्मुख ले गये ॥ १८ ॥ यम ने सक्रोध संगिर का अवलोकन किया और यह भयंकर आदेश दिया 'हे भटो ! इस संगिर को जितनी अधिक से अधिक पीडा तुम पहुँचा सकते हो उतनी पीडा मेरे सामने इसे पहुँचाओ ।' ॥ १९ ॥ इस प्रकार आज्ञा पाकर यमसेवकों ने उसे अत्यधिक पीडित किया और वह निश्चेष्ट हो गया ॥ २० ॥ यमराज ने पुनः उसे पीटने, काटने और जलाने की आज्ञा दी और कहा कि अन्य भी विविध तरीकों से इसे कष्ट दो ॥ २१–२२ ॥ अतः संगिर नाना यातनाओं को नरक में भोगने लगा ॥ २३ ॥ एक करोड़ सालों तक वह इसी प्रकार अत्यन्त पीडा पाता रहा । तदनन्तर किसी पूर्वपुण्योदय और

---

१ घ. सहसा । २ घ. °हसाद् द्विजः° ।

संगिरो यमदूतैश्च क्रमेण नरकार्णवे । यन्त्रैर्नानाविधैरन्यैरुपायैरतिदारुणैः ॥ २३ ॥
अतीव पीडितो विप्रा अभवत्कोटिवत्सरम् । पुराकृतमहापुण्यपरिपाकबलेन च ॥ २४ ॥
प्रसादादेव रुद्रस्य शिवस्य परमात्मनः । अकस्मादागतस्तत्र महातेजा महामतिः ॥ २५ ॥
शंभुभक्तः शतानन्दो नाम्ना शंभुरिवापरः ।
स पुनः पीड्यमानं तं विलोक्य करुणाबलात् ॥ २६ ॥
प्राहों नमः शिवायेति मन्त्रराजं षडक्षरम् ।
तदैव नरकः साक्षात्स्वर्गलोकोऽभवद् द्विजाः ॥ २७ ॥
पुष्पवृष्टिरभवत्सुमङ्गला[१] सिद्धयक्षमुनयः सनातनाः ।
तत्र नृत्तमतिशोभनं मुदा चक्रुरग्निविमला विचक्षणाः ॥ २८ ॥
नृत्तगीतमुखरा अपि द्विजा अप्सरोभिरतिशोभनाः सह ।
यक्षकिंनरपुरःसरा भृशं नृत्तगीतसुखभोगिनोऽभवन् ॥ २९ ॥
देवैरशेषैरमराधिपः स्वयं सह प्रमोदेन ननर्त शोभनम् ।
प्रजापतिश्चापि ननर्त भार्यया श्रिया च विष्णुः सह मोदसंयुतः ॥ ३० ॥
यमोऽतिभीतः परमेश्वराज्ञया प्रवर्तमानश्च कृताञ्जलिर्द्विजाः ।
सह स्वकीयैरपि कम्पितः स्वयं बहुप्रणामं शिवशङ्कयाऽकरोत् ॥ ३१ ॥
यमं शतानन्दसमाह्वयो मुनिर्विलोक्य भीतं कृपयैव केवलम् ।
विमुञ्च भीतिं यम शंकराज्ञया प्रवर्तमानेति वचः सुखावहम् ॥ ३२ ॥

रुद्रकृपा से वहाँ अकस्मात् शतानन्द नामके शिवभक्त मुनि पधारे । उन्होंने संगिर की पीडा देख करुणावश 'ॐ नमः शिवाय' इस षडक्षर मन्त्रराज का उच्चारण किया । उसी क्षण वह नरक साक्षात् स्वर्ग ही बन गया ॥ २४–२७ ॥

सुमंगल फूल बरसने लगे । सिद्ध, यक्ष तथा मुनि लोग आनंद से नृत्य करने लगे । अन्य द्विज भी नाच-गान कर रहे थे । अति सुंदर यक्ष, किन्नर आदि सब अप्सराओं सहित नृत्यादि का आनंद ले रहे थे ॥ २८–२९ ॥ अन्य देवताओं समेत इंद्र तथा अपनी-अपनी पत्नियों सहित ब्रह्मा व विष्णु भी प्रमोदातिरेक से नाचने लगे ॥ ३० ॥ परमेश्वर की ही आज्ञा से सब कार्य करने वाले यमराज और उनके सेवक अत्यन्त भयभीत हो उठे और शतानंद को शंकर मानकर उन्हें बार-बार प्रणाम करने लगे ॥ ३१ ॥ शतानंद ने यम से कहा 'शिवाज्ञा से स्वकार्य करने वाले यमराज ! भय मत करिये ।'—इस प्रकार के

१ ङ. °ला यक्षसिद्धमु° ।

अब्रवीदशुभप्रतिभापहः शुद्धबोधसुखवस्तुनि स्थितः ।

तद्वचः श्रवणभग्नसंशयो निर्भयश्च तरसाऽभवद्यमः ॥ ३३ ॥

पुनः शतानन्दसमाह्वयो मुनिर्यमं समाहूय समस्तसंनिधौ ।

इदं बभाषे वचनं सुखावहं समस्तलोकस्य मुनीश्वरेश्वरः ॥ ३४ ॥

शतानन्द उवाच– विष्णुप्रजापतीन्द्रादिदेवताभ्यो महेश्वरम् ।

विशिष्टं यो विजानाति तं त्वं परिहर प्रभुम् ॥ ३५ ॥

शिवरुद्रादिशब्दं यो विशिष्टं वेद मानवः । नारायणादिशब्देभ्यस्तं त्वं परिहर प्रभुम् ॥ ३६ ॥

उमया सहितां शुद्धां त्रिनेत्रां चन्द्रशेखराम् ।

परस्य मूर्तिं यो वेद तं त्वं परिहर प्रभुम् ॥ ३७ ॥

समस्तजगतो मूलं समस्तस्यावभासकम् ।

यो वेदाऽऽत्मतया नित्यं तं त्वं परिहर प्रभुम् ॥ ३८ ॥

त्रिपुण्ड्रं भस्मना स्कन्धे ललाटे च तथा हृदि ।

यो दधाति महाप्रीत्या तं त्वं परिहर प्रभुम् ॥ ३९ ॥

अग्निरित्यादिभिर्मन्त्रैर्भस्मनैवावगुण्ठितम् । यः करोति स्वकं देहं तं त्वं परिहर प्रभुम् ॥ ४०॥

नित्यं लिङ्गे महादेवं साक्षात्संसारमोचकम् ।

आराधयति यो मर्त्यस्तं त्वं परिहर प्रभुम् ॥ ४१ ॥

वचन से जो यम को अपने अशुभ की आशंका हो गयी थी वह निवृत्त हो गयी । (यम ने सोचा था कि संभवतः मेरी किसी गलती का दण्ड देने महादेव आये हों । किंतु शतानंद के वचन सुनकर उनकी भीति जाती रही ।) शतानंद तो शुद्ध ज्ञान व सुखरूप परम तत्त्व में ही स्थित थे, उन्हें किसी से क्या शिकायत ? अतः यम निर्भय हो प्रकृतिस्थ हुए ॥ ३२–३३ ॥ शतानंद महामुनि ने सभी के समक्ष सारे संसार को सुख पहुँचाने वाले ये वचन यम को सुनाये ॥ ३४ ॥

शतानन्द बोले–हे यमराज ! जो कोई भी व्यक्ति विष्णु, प्रजापति, इंद्र आदि देवताओं की अपेक्षा महेश्वर को स्वतंत्र प्रभु समझता है, उसे तुम अपने साम्राज्य में मत रखना, (उसकी गति रुद्रलोक है) ॥ ३५ ॥ नारायणादि शब्दों की अपेक्षा जो शिव, रुद्र आदि शब्दों को श्रेष्ठ समझता है और यह निश्चय रखता है कि ये शब्द ही फल देने में समर्थ हैं, उसे तुम अपना वश्य मत समझना ॥ ३६ ॥ उमासहित शुद्ध त्रिनेत्र चन्द्रभूषण मूर्ति को जो साक्षात् प्रभु समझता है उसे तुम अपने शासनक्षेत्र से बाहर ही रखना ॥ ३७ ॥

रुद्राक्षं त्रीणि[1] षड्वैकं[2] परया श्रद्धया सह ।
दधाति नित्यं यो मर्त्यस्तं त्वं परिहर प्रभुम् ॥ ४२ ॥
शान्तिदान्त्यादिसंयुक्तः शंकरे भक्तिसंयुतः ।
यः सर्वकर्मसंन्यासी तं त्वं परिहर प्रभुम् ॥ ४३ ॥
वेदान्तश्रवणं नित्यं मननं चिन्तनं तथा ।
यः करोति महाप्रीत्या तं त्वं परिहर प्रभुम् ॥ ४४ ॥
वेदवेदान्तनिष्ठस्य गुरोः शुश्रूषणे रतः ।
यः करोतीह शुश्रूषां[3] तं त्वं परिहर प्रभुम् ॥ ४५ ॥
यज्ञदानतपो[4] होमस्वाध्यायाध्ययनादिभिः[5] ।
यो रुद्रं यजते प्रीत्या तं त्वं परिहर प्रभुम् ॥ ४६ ॥
श्रौतस्मार्तसदाचारैरन्यैरपि शिवार्चनम् । यः करोति महाप्रीत्या तं त्वं परिहर प्रभुम् ॥ ४७ ॥

जो व्यक्ति सारे संसार के कारण, सबके प्रकाशक प्रभु को अपना आत्मा मानता है, उसे तुम छोड़ देना ॥ ३८ ॥ जो व्यक्ति उत्कृष्ट फल देने में समर्थ त्रिपुण्ड्र भस्म से हृदय, कंधे व माथे पर लगाता है, वह तुम्हारा विषय नहीं यह याद रखना ॥ ३९ ॥ जो व्यक्ति 'अग्निरिति भस्म' आदि मंत्रों से अपने शरीर को भस्मोद्धूलित करता है उसे तुम अपना प्रभु ही समझना और छोड़ देना ॥ ४० ॥ जो प्रतिदिन स्वयं संसारसमापंक प्रभु महादेव का पूजन शिवलिंग पर करता है उसे अपने पाश से कभी न बाँधना ॥ ४१ ॥ जो व्यक्ति अत्यन्त शक्तिशाली तीन, छह या एक भी रुद्राक्ष को धारण करता है उसे तुम छोड़ देना ॥ ४२ ॥ जो सर्वकर्मसंन्यासी शम, दम आदि का अभ्यासी और शंकर में प्रेम रखता हो उसे तुम अपना आदरणीय मानना और उसे अपनी शासित कोटि में न समझना ॥ ४३ ॥ जो कोई भी व्यक्ति प्रतिदिन परम श्रद्धापूर्वक वेदान्त का श्रवण, मनन और विचार करता हो उसे तुम श्रेष्ठ समझ कर छोड़ देना ॥ ४४ ॥ वेद व वेदान्त के ज्ञाता गुरु की सेवा-शुश्रूषा में जो तत्पर हो उसे भी तुम उत्तम मानकर छोड़ देना ॥ ४५ ॥ जो व्यक्ति यज्ञ, दान, तप, होम, स्वाध्याय (वेदजप), अध्ययन (सच्छास्त्र पढ़ना) आदि द्वारा प्रभु रुद्र की पूजा प्रेम से करता हो (अर्थात् इन सबको शिवपूजा मानकर इनका प्रेमपूर्वक अनुष्ठान करता हो) उसे तुम अपने वशों में मत समझना ॥ ४६ ॥ अन्य श्रौत व स्मार्त सदाचारों द्वारा भी जो भक्तिवश शिवार्चन करता हो उसे तुम स्वयं प्रभु समझ कर छोड़ देना ॥ ४७ ॥

जो व्यक्ति प्रेम से सदा यह न कहता हो कि सब देवों से महादेव उत्कृष्ट हैं उस दुर्जन को तुम

---

१ य. °णि वा चैक° । २ च. छ. षट्कैकं । ३ प्रथमः शुश्रूषाशब्दः सेवापरः । द्वितीयस्तूपदेशश्रवणश्रद्धां ब्रूते । ४ ख. °तपः कर्मस्वा° । ५ ज. °याध्यापना° ।

उत्कर्षं सर्वदेवेभ्यः शिवस्य परमात्मनः ।
यो न वक्ति सदा प्रीत्या तं त्वं घातय दुर्जनम् ॥ ४८ ॥
महादेवसमं विष्णुं ब्रह्माणं चान्यमेव वा ।
मनुते यः स्वमोहेन तं त्वं घातय दुर्जनम् ॥ ४९ ॥
श्रौतस्मार्तसदाचाराञ्श्रद्धयैव दिने दिने ।
यो नाऽऽचरति मोहेन तं त्वं घातय दुर्जनम् ॥ ५० ॥
मानुषं दैविकं चान्यत्स्वशरीरेऽङ्कनं नरः ।
यः करोति प्रमादाद्वाऽपि तं त्वं घातय दुर्जनम् ॥ ५१ ॥
ऊर्ध्वपुण्ड्रं त्रिशूलं वा वर्तुलं यस्तु वैदिकः ।
दधाति मोहतो वाऽपि तं त्वं घातय दुर्जनम् ॥ ५२ ॥
अश्रौताचारसंपन्नः श्रौताचारपराङ्मुखः ।
गुरुद्रोही च यो मर्त्यस्तं त्वं घातय दुर्जनम् ॥ ५३ ॥
उत्कर्षं वेदमार्गस्य यो न जानाति मानवः ।
वेदादन्यस्य चोत्कर्षं तं त्वं घातय दुर्जनम् ॥ ५४ ॥
सूत उवाच— एवमुक्त्वा मुनिः श्रीमाञ्शतानन्दसमाह्वयः ।
कैलासमगमद्रुद्रं [1]तत्र स्तोतुं कुतूहलात् ॥ ५५ ॥

अवश्य मारना ॥ ४८ ॥ जो व्यक्ति अपने अविवेकवश विष्णु, ब्रह्मा या अन्य किसी को महादेव के समान मानता हो उस दुर्जन को तुम अवश्य मारना ॥ ४९ ॥ जो दुष्ट मनुष्य प्रतिदिन श्रद्धा सहित श्रौत व स्मार्त सदाचारों का पालन न करता हो उसे तुम अवश्य मारना ॥ ५० ॥ जो व्यक्ति अपने शरीर पर किसी मानुष या दैवीय (शंखादि) चिह्न तपी मोहर आदि द्वारा लगवा ले उस दुर्जन को तुम अवश्य मार देना ॥ ५१ ॥ जो वैदिक होते हुए ऊर्ध्वपुण्ड्र, त्रिशूल या गोलाकार तिलक धारण करे उस दुर्जन को तुम जरूर मारना ॥ ५२ ॥ जो दुष्ट पुरुष अश्रौत आचार में लगा रहे, श्रौत आचरण न करे और गुरुद्रोही हो, उसे तुम अपना विषय बनाना ॥ ५३ ॥ उस दुर्जन को भी अवश्य मार देना जो वेदमार्ग की उत्तमता न समझता हो तथा वेद से भिन्न (पाञ्चरात्रादि आगम) मार्गों को श्रेष्ठ समझता हो ॥ ५४ ॥

सूत जी बोले—ऐसा कहकर श्रीमान् शतानन्द मुनि श्री रुद्र की स्तुति करने के लिये कैलास चले गये ॥ ५५ ॥

---

१ ज. ततः ।

यमोऽपि संगिरं विप्राः समाहूयाऽऽदरेण च ।

विनैव वेदं तर्कस्य केवलस्य परिग्रहात् ॥ ५६ ॥

त्वया भुक्तं महद्दुःखमप्रसह्यमनेकशः । पुराकृतेन पुण्येन महादेवप्रसादतः ॥ ५७ ॥

षडक्षरमहामन्त्रश्रवणाच्च तथैव च । दुःखादपि विनिर्मुक्तस्त्वं महात्मन्सुखप्रदम् ॥ ५८ ॥

ब्राह्मण्यं प्राप्य वेदस्य विदित्वा वैभवं पुनः ।

तदुक्तं धर्ममास्थाय पुनर्वेदान्तवाक्यजम् ॥ ५९ ॥

शिवज्ञानमवाप्याऽऽशु विमुक्तो भव बन्धनात् ।

इत्युक्त्वाऽऽशु यमः श्रीमानगमत्स्वपुरं प्रति ॥ ६० ॥

अतो वेदोदितो ह्यर्थः सम्यगर्थः सुनिश्चितः ।

तर्कसिद्धोऽतिदुःस्थोऽर्थः प्रत्यवायस्य कारणम् ॥ ६१ ॥

बहवः केवलं तर्कं समाश्रित्य विना श्रुतिम् । रौरवादिषु संतप्ता अभवन्वेदवित्तमाः ॥ ६२ ॥

हैतुकैः सह वासश्च सह पङ्क्तौ तु भोजनम् ॥

स्पृष्टिस्तेषां नराणां तु नरकाय न संशयः ॥ ६३ ॥

हैतुकस्तु महापापी महापातकिना समः ।

न तस्य निष्कृतिस्तस्माद्धैतुकं परिवर्जयेत् ॥ ६४ ॥

यमराज ने संगिर को बुलाकर कहा–'तुमने जो वेद का परित्याग कर केवल तर्क का सहारा लिया उसी के फलस्वरूप तुम्हें यहाँ अनेक तरह के कष्ट इतने समय तक सहने पड़े । तुम्हारे पूर्वपुण्य व महादेव की कृपा से अब तुम षडक्षर महामन्त्र सुन चुके हो, अतः तुम यहाँ की पीडा से मुक्त हो चुके हो । अब तुम कल्याणप्रद ब्राह्मण वर्ण में जन्म लो और वेद का माहात्म्य समझ कर उसकी आज्ञाओं का पालन करो । उससे चित्त शुद्ध हो जाने पर वेदान्तों के श्रवणादि से शिवज्ञान पाकर संसारचक्र से मोक्ष पाओ ।' ॥ ५६–५९$^{1}/_{2}$ ॥

इतना कहकर यमराज अपने महल को चले गये ॥ ६० ॥ अतः वेदोक्त अर्थ ही समीचीन है । तर्कमात्र से उत्प्रेक्षित अर्थ अति चंचल होता है और उसी का अनुसरण करना पाप का कारण बनता है ॥ ६१ ॥ हे वेदज्ञश्रेष्ठो ! ऐसे अनेक हुए हैं जिन्होंने श्रुति का आदर नहीं किया और केवल तर्क का सहारा लिया जिसके फलस्वरूप वे रौरव आदि नरकों को प्राप्त हुए ॥ ६२ ॥ ऐसे शास्त्ररहित केवल हेतुजाल फैलाने वालों के साथ रहना, उनके साथ एक पंक्ति में भोजन करना और उनका स्पर्श करना अवश्य ही नरक जाने का कारण है ॥ ६३ ॥ श्रुतिविरुद्ध तर्कों का आदर करने वाला घोर पापी महापापी के समान है । उसकी रक्षा का कोई उपाय नहीं । उसका सर्वथा बहिष्कार करना चाहिये ॥ ६४ ॥ अतः

तस्माद् वेदोदितेनैव प्रकारेण विचक्षणः । विजानीयादनात्मानमनित्यमिति निश्चितम् ॥ ६५ ॥

आत्मनोऽन्यस्य सर्वस्य यदनित्यत्ववेदनम् । तद्धि संसारवैराग्यजनकं नापरं द्विजाः ॥ ६६ ॥

विरक्तस्य हि संसारात्किमन्यत्[1] काङ्क्षितं भवेत् ।
वैराग्ये सति संसारात्सर्वदुःखं न विद्यते ॥ ६७ ॥

रागेणैव हि संसारमहादुःखं तु देहिनाम् ।
विरक्तस्य न रागोऽस्ति ततो वैराग्यतः सुखम् ॥ ६८ ॥

तस्माद्वैराग्यलाभाय चराचरमिदं जगत् । अनित्यमिति जानीयादनात्मानमशेषतः ॥ ६९ ॥

घटादीनामनित्यत्वं स्वत एव प्रकाशते । गृह[2]प्रासादपूर्वाणामपि वेदविदां वराः ॥ ७० ॥

पुत्रमित्रकलत्रादिभोगो विद्युदिव स्वतः[3] । विनश्यति महामोहान्नित्यं तं मनुते जनः ॥ ७१ ॥

मण्डलाधिपतिर्मर्त्यो महाभोगसमन्वितः । विनाऽऽधिपत्यं तत्तूर्णीभूतो दृष्टः स्वभावतः ॥ ७२ ॥

तथा राजा महाभूमेः स्वयमेकोऽधिपः सुखी ।
विना राज्यसुखं दुःखी दृष्टः सर्वजनैरपि ॥ ७३ ॥

एवं सत्यपि मोहान्धतमसा परिवेष्टितः । ईहते सुखभोगाय त्वहो मोहस्य वैभवम् ॥ ७४ ॥

तस्मादिति । यस्माच्छुष्कतर्केणावधृतोऽर्थ उक्तरीत्या महादुःखहेतुस्तस्मादेव वाक्योक्तप्रकारेणैव वियदादिकं सर्वमनात्मप्रपञ्चमनित्यमिति विजानीयात् ॥ ६५ ॥ तस्य चानित्यत्ववेदनस्य वैराग्यजननद्वारा निःशेषदुःखनिवृत्तिनिरतिशयानन्दाभिव्यक्तिलक्षणहेतुत्वमाह– **आत्मनोऽन्यस्येत्यादिना** ॥ ६६–६९ ॥ इत्थमनात्मत्वहेतुना जडप्रपञ्चस्य सामान्येनानित्यत्वं प्रतिपाद्य विशेषतोऽपि प्रतिपादयति–**घटादीनामित्यादिना** ॥ ७०–७४ ॥

वेदप्रोक्त तरीके से यह समझना चाहिये कि अनात्मा अनित्य है ॥ ६५ ॥ अनात्मा की अनित्यता का निश्चय ही संसार में वैराग्य उत्पन्न कर सकता है, अन्य कुछ उसे उत्पन्न नहीं कर सकता । (दुःखादि से जो वैराग्य होता है वह केवल उस विषय से होता है, संसार-भर से नहीं । जो विवेकपूर्वक वैराग्य होता है वह किसी विषयविशेष से नहीं किन्तु सामान्यतः सभी चीज़ों से होता है और वही प्रकृत में उपयोगी है । कुछ आचार्यों ने अनित्य का अर्थ असत्य या मिथ्या माना है । अतः नित्यानित्यविवेक को वे सत्य-मिथ्या का विवेक मानते हैं । किन्तु यह तो फलभूत विवेक है । जो साधक को प्रथमतः उपदिष्ट विवेक है उसमें संसारमिथ्यात्व का निश्चय अन्तर्भुक्त नहीं हो सकता । प्रारम्भिक साधक तो इतना ही समझ सकता है कि अनात्म वस्तुएँ सदा बनी नहीं रहतीं अतः महान् आयास से उन्हें पा भी लिया तो उनका हमारे पास बना रहना नामुकिन

---

१ आत्मन इति शेषः । जिज्ञासाद्यभावे वैराग्यस्य वैयर्थ्यात् । अनात्मनि रागवैपरीत्यमात्मनि च तद्वैशिष्ट्यमेव व्युपसर्गद्योत्योऽर्थइत्याचार्याः । वक्ष्यति च 'निःस्पहा स्वात्मनोऽन्यत्रे'ति (२१.४८) । २ ग. घ. °हप्रसा° । ३ ख. घ. ङ. स्थितः ।

परलोकसुखं चापि कर्मणा साध्यते यतः । अतस्तदपि विप्रेन्द्रा नश्यत्येव न संशयः ॥ ७५ ॥

ऐहिकसुखवत्स्वर्गादिब्रह्मलोकान्तस्य पारलौकिकसुखस्याप्यनित्यत्वं प्रतिपादयति–परलोकेति । यागहोमादि-क्रियासाध्यत्वात्स्वर्गलोकादिसुखमपि लौकिकक्रियासाध्यस्य्यन्नपानाद्युपभोगसुखवदनित्यमेवेत्यर्थः । श्रूयते हि–'तद्यथेह कर्मचितो लोकः क्षीयत एवमेवामुत्र पुण्यचितो लोकः क्षीयते' इति ॥ ७५ ॥

है इसलिये उनके पीछे दौड़ना व्यर्थ है । अतः यहाँ पुराण में अनित्य का ही विवेक कहा है। पंचपादिका में भी 'यावद्......विनाशित्वादनित्यत्वं नावैति' (पृ. ७३८ कल.) यों व्याख्यान किया है । सर्वज्ञमुनि ने अनित्यत्व दोष के दर्शन से वैराग्य माना है : 'संसारदोषमवधारयतो यथावद्वैराग्यमुद्भवति चेतसि निष्प्रकंपम्' । (सं. शा. ३.४) । अनुभूतिस्वरूपाचार्य प्रकटार्थविवरण में अनित्यता में कार्यता हेतु देकर यही स्पष्ट करते हैं कि यहाँ मिथ्यात्व ज्ञान को समझना अनावश्यक है 'आत्मव्यतिरिक्तं सर्वं कार्यत्वादनित्यं, नित्यमात्मैव कृतकत्वाय-भावादित्यव धारणम् ।') ॥ ६६ ॥ जो व्यक्ति संसार से विरक्त हो गया है उसे आत्मातिरिक्त और क्या अभीष्ट रह सकता है ? संसार से वैराग्य हो जाने पर कुछ दुःख नहीं रहता । संसार जो महान् दुःख सांसारिकों को देता है वह राग के कारण ही । विरक्त को राग तो है नहीं, अतः उसे दुःख नहीं हो पाता । (वैराग्य का दार्ढ्य शनैःशनैः होता है । प्रकटार्थकार ने वैराग्य का लक्षण किया है 'वर्तमानशरीरस्थितिहेतुभूताऽप्रतिषिद्धान्नपान-व्यतिरिक्तविषयप्रवृत्तिकारणेच्छाविरुद्धो निश्चलश्चेतोवृत्तिविशेषः' । किन्तु विवरणाचार्य शरीरस्थिति की हेतुभूत वस्तुओं में भी इच्छा की अनुमति नहीं देते–'कियत्पुनरत्र परित्यज्यते ? स्वशरीरव्यतिरिक्तं सर्वम्' (पृ. ६९६) । एवं च साधक की श्रेष्ठता से ही यह क्रम संभव है । जैसे-जैसे वैराग्य का क्षेत्र बढ़ता जाता है, संसार से हो सकने वाले दुःख घटते जाते हैं । पूर्ण वैराग्य हो जाने पर सर्वथा दुःख रहता नहीं) ॥ ६७–६८ ॥ अतः वैराग्य की उत्पत्ति के लिये चराचर इस समस्त अनात्मजगत् की अनित्यता का पुनः पुनः विचार करना चाहिये ॥ ६९ ॥ घट आदि वस्तुओं की अनित्यता तो स्वयं ही सबको दीख जाती है । घर, महल आदि की अनित्यता भी प्रायः सभी को ज्ञात रहती है ॥ ७० ॥ जिस पुत्र, मित्र, पत्नी आदि के सम्बन्ध को हम नित्य मानते हैं वह भी बिजली की चमक की तरह झट समाप्त हो जाता है । (मृत्यु से तो होता ही है, बहुधा साधारण मन-मुटाव ही ऐसे दृढ सम्बन्धों को नष्ट, और नष्ट ही नहीं विपरीत कर देता है, यह व्यवहार में स्पष्ट है । जब हमारा सम्बन्ध मधुर लग रहा हो उसी समय उसकी चंचलता का विचार करना चाहिये ।) ॥ ७१ ॥ महान् भोगों से संपन्न राजाओं के राज्य देखते-देखते समाप्त हो जाते हैं और वे सामान्य जनता की तरह चुप हो बैठते हैं ॥ ७२ ॥ वे नष्टराज्य महीपाल महान् दुःखी मिलते हैं (क्योंकि रागी हैं) ॥ ७३ ॥ यों देखकर भी हम सुखभोग चाहते हैं, यह अविवेक की ही परा-काष्ठा है ॥ ७४ ॥ परलोक का सुख भी कर्म से प्राप्त होता है, अतः यह भी नाशवान् है क्योंकि नियम है कि कर्म से जो कुछ मिलता है वह सब छूट भी जाता है ॥ ७५ ॥

प्रलयकाल में पृथ्वी नष्ट होती है, अर्थात् अपने कारणभूत जल में विलीन हो जाती है । सभी पार्थिव लोक यों ही समाप्त हो जाते हैं ॥ ७६ ॥ सातों समुद्र वडवाग्नि में लीन होकर नष्ट होते हैं और वह भी अग्नितत्त्व में लीन हो जाती है । अग्नि पुनः वायु में विलीन होती है ॥ ७७ ॥ वायु का नाश

महाभूमिरियं नष्टा भविष्यति महोदधौ ।
प्रलये तद्गता लोका अपि नश्यन्ति सर्वथा ॥ ७६ ॥
समुद्राः सप्त विप्रेन्द्रा नश्यन्ति वडवानले ।
वडवा च महावह्नौ वह्निर्वायौ विनश्यति ॥ ७७ ॥
वायुर्नश्यति चाऽऽकाशे तथाऽऽकाशः स्वकारणे ।
शब्दादीनि च भूतानि नश्यन्त्येव न संशयः ॥ ७८ ॥
भूतानामपि नाशेन भौतिकान्यखिलान्यपि ।
नश्यन्त्येव स्वभावेन किं नित्यं गम्येतऽनघाः ॥ ७९ ॥
ब्रह्मान्ताः स्तम्बपूर्वाश्च चेतना विविधा अपि ।
नश्यन्त्येव स्वभावेन किं नित्यं गम्यतेऽनघाः ॥ ८० ॥
विष्णुर्विश्वजगद्योनिः प्रादुर्भावैः स्वकैः सह ।
विनाशं प्रलये याति किं नित्यं गम्यतेऽनघाः[1] ॥ ८१ ॥

अथ वियदादिक्रमेण सृष्टानां भूतानां विपरीतक्रमेण स्वस्वकारणेषु लयमाह– **महाभूमि**रित्यादिना । विद्यमान एव कारणे भोक्तॄणामदृष्टवशात्कार्यस्य तत्र लयात् । न तु कारणद्रव्यनाशात्कार्यद्रव्यनाश इति वैशेषिकाद्यभिमतक्रमो युक्त इत्यर्थः । कारणप्राप्तिर्हि कार्यस्य नाशो नाम, मृत्कार्यस्य घटादेर्ध्वंसे पुनर्मृद्भावापत्तेर्दृष्टत्वात् । अतो विपरीतक्रमेणैव लयो न तु सृष्टिक्रमेणेत्यर्थः । स्मर्यते च–'जगत्प्रतिष्ठा देवर्षे पृथिव्यप्सु प्रलीयते । आपो ज्योतिषि[2] लीयन्ते तेजो वायौ प्रलीयते ॥ वायुः प्रलीयते व्योम्नि तदव्यक्ते प्रलीयते । अव्यक्तं पुरुषे ब्रह्म निष्कले संप्रलीयते' इति ॥ बादरायणोऽपीममर्थमसूत्रयत्–'विपर्ययेण तु क्रमोऽत उपपद्यते च' इति । शब्दादीनां कारणानि शब्दतन्मात्राद्यात्मकान्याकाशादिसूक्ष्मभूतान्यपि विपरीतक्रमेण प्रलीयन्त इत्यर्थः ॥ ७६–७९ ॥

आकाश में लीन होने पर होता है । आकाश भी अपने कारण अव्यक्त में विलीन हो समाप्त होता है । इसी प्रकार शब्दतन्मात्रादि सूक्ष्म महाभूत स्वकीय कारणों में क्रमशः लीन होकर नष्ट हो जाते हैं ॥ ७८ ॥ जब महाभूत ही नष्ट हो गये तब उनके कार्यों के नष्ट होने में क्या शंका ? एवं च भूत-भौतिक समस्त प्रपंच नाशवान् है, इसमें क्या नित्य मिलता है ?–कुछ नहीं ॥ ७९ ॥ घास आदि से ब्रह्मापर्यंत जितने चेतन हैं वे भी अपनी उपाधियों के विलय के कारण नष्ट हो ही जाते हैं, इनमें भी कोई नित्य नहीं ॥ ८० ॥ सारे जगत् के उपादान विष्णु प्रलय में अपने अवतार आदि समेत नष्ट हो जाते हैं । वे भी नित्य नहीं ॥ ८१ ॥

१ ज. "ते वुधाः ॥ ८१ ॥ अ" । २ घ. "तिर्विली" ।